RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 280
नई दिल्ली, रविवार, 21 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




शार्दुल की अगुवाई में गेंदबाजों ने दिलाई जीत
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# दिल्ली आबकारी नीतिः छापेमारी के बाद शुरू हुई पूछताछ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सीबीआई ने तीन आरोपियों के बयान किए दर्ज, दस्तावेजों की जांच के बाद अन्य आरोपियों को भी किया जाएगा तलब

**सीबीआई** ने दिल्ली आबकारी नीति लागू करने के दौरान भ्रष्टाचार के कथित मामले में शनिवार को पूछताछ शुरू की और तीन आरोपियों के बयान दर्ज किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आवास सहित 31 स्थानों पर की गई छापेमारी के दौरान जब्त दस्तावेजों की एजेंसी जांच कर रही है।

सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी में सिसोदिया सहित 15 लोगों के नाम हैं। अधिकारियों ने विस्तृत जानकारी दिए बिना बताया कि तीन आरोपियों को सीबीआई मुख्यालय बुलाया गया और उनके बयान दर्ज किए गए और उनसे छापेमारी के दौरान वित्तीय लेनदेन के दस्तावेजों के संबंध में पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ-साथ बैंक लेन-देन की जांच पूरी होने के बाद अन्य आरोपियों को भी समन भेजे जाएंगे। विशेष अदालत के समक्ष बुधवार को सीबीआई द्वारा दायर प्राथमिकी की प्रति प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भी साझा की जा रही है जो धनशोधन के आरोपों की जांच करेगी। गौरतलब है कि सीबीआई ने शुक्रवार को सिसोदिया के आवास के साथ-साथ कुछ नौकरशाहों और कारोबारियों के ठिकानों सहित 31 स्थानों पर छापेमारी की कार्वाई की थी। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को तलाशी अभियान लगभग 15 घंटे तक चला थी और सीबीआई की टीम देर रात लगभग 11 बजे सिसोदिया के घर से गई।


अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने सिसोदिया, आईएएस अधिकारी एवं पूर्व आबकारी आयुक्त आरव गोपी कृष्ण के आवास के बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने यह कार्रवाई पिछले साल नवंबर में आबकारी नीति बनाने और लागू करने में कथित भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी के आरोपों के सिलसिले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद की। केंद्रीय एजेंसी ने प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि सिसोदिया के कथित करीबी सहयोगी और गुरुग्राम स्थित बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमित अरोड़ा, दिनेश अरोड़ा और अर्जुन पांडे शराब लाइसेंसधारियों से अवैध रूप से प्राप्त धन के प्रबंधन और उसे आरोपी नौकरशाहों तक पहुंचाने में सक्रिय रूप से संलिप्त थे। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा मामले की जांच सीबीआई से कराने की अनुशंसा के बाद यह नीति इस साल जुलाई में वापस ले ली गई थी। सीबीआई ने 17 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज की थी। केंद्रीय एजेंसी ने भारतीय दंड संहिता के तहत आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने सिसोदिया, कृष्ण, पूर्व आबकारी उपायुक्त आनंद तिवारी और सहायक आबकारी आयुक्त पंकज भटनागर सहित नौकरशाहों, नौ कारोबारियों और दो कंपनियों मामले में नामजद किया गया है। सिसोदिया ने छापेमारी के बाद शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा था, सुबह सीबीआई की टीम पहुंची और पूरे घर की तलाशी ली। मेरे परिवार और मैंने उन्हें पूरा सहयोग दिया। उन्होंने मेरा कंप्यूटर और मोबाइल फोन जब्त कर लिया। वे कुछ फाइल भी ले गए। सिसोदिया ने आरोप लगाया था कि अरविंद केजरीवाल सरकार को दिल्ली में अच्छा काम करने से रोकने के लिए केंद्र सरकार एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है। सीबीआई ने बुधवार को विशेष अदालत के समक्ष प्राथमिकी दर्ज करने के बाद शुक्रवार को सुबह आठ बजे सात राज्यों में छापेमारी की कार्रवाई शुरू की थी। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई दिल्ली, गुरुग्राम, चंडीगढ़, मुंबई, हैदराबाद, लखनऊ , बेंगलुरु के 31 ठिकानों पर की गई और इस दौरान दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड आदि जब्त किए गए।

## दो भुगतानों की हो रही जांच

**सीबीआई** द्वारा करोड़ों रुपए के कम से कम दो भुगतानों की जांच की जा रही है जो कथित तौर पर सिसोदिया के करीबी सहयोगियों को इंडोस्प्रिट्स के मालिक समीर महेंद्रू द्वारा कि ए गए। महेंद्रू शराब करोबारी है और वह उन शराब कारोबारियों में से एक है जो आबकारी नीति बनाने और लागू करने में हुई कथित अनियमितताओं में सक्रिय रूप से संलिप्त थे।

# भाजपा और आप में जुबानी जंग तेज

## अरविंद केजरीवाल ही हैं असली सूत्रधारः भाजपा




नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, लोकसभा सांसद मनोज तिवारी (बाएं) और भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष आदेश गुप्ता (दाएं)। फोटोः रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सिसोदिया आरोपी नंबर एक, आप का असली चेहरा बेनकाब

**दिल्ली** में आबकारी नीति के क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार के मामले में उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आरोपी बनाए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच वाकयुद्ध तेज हो जाने के बीच, भाजपा ने शनिवार को आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता हैं।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आप पर आरोप लगाया कि वह केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के कदम को राजनीति से जोड़कर कथित घोटाले के मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है, क्योंकि उसका असली चेहरा बेनकाब हो गया है। आप नेताओं ने आरोप लगाया है कि चुनावों में पार्टी के अच्छे प्रदर्शन की बढ़ती संभावनाओं के कारण भाजपा ने जांच एजेंसी का उसके खिलाफ इस्तेमाल किया।

आप नेताओं के इन आरोपों के मद्देनजर ठाकुर ने कहा कि पार्टी ने कई चुनावों से पहले बड़े-बड़े दावे किए थे, लेकिन वे प्रधानमंत्री मोदी के आगे टिक नहीं पाए। उन्होंने कहा कि वे उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विधानसभा चुनावों में खाता तक नहीं खोल पाए। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा 2024 में उसी प्रकार लोकसभा में ( शेष पेज 8 )

## सिसोदिया का दावा, मुझे जेल भेजने की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**नई** शराब नीति में गड़बड़ी को लेकर घर समेत अन्य ठिकानों पर सीबीआइ के छापे के बाद शनिवार को मीडिया के सामने आए दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। सिसोदिया ने यह भी दावा किया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को परेशान करने के मकसद तीन-चार दिन में सीबीआई उन्हें और अन्य आप नेताओं को गिरफ्तार कर सकती है लेकिन हम भगत सिंह की संतान हैं। ईडी-सीबीआई से डरने वाले नहीं हैं।

मनीष सिसोदिया ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में भाजपा द्वारा की जा रही साजिश को उजागर और बताया कि भगवा पार्टी ने कल उनके घर पर जिस एक्साइज पॉलिसी के लिए सीबीआई की रेड करवाई वो इस देश की सबसे शानदार एक्साइज पॉलिसी है। अगर इस एक्साइज पॉलिसी के लागू होने से ठीक 48 घंटे पहले उपराज्यपाल से उनका निर्णय नहीं बदलवाया गया होता तो दिल्ली सरकार को हर साल 10 हजार करोड़ का राजस्व मिलता। अगर इनका मुद्दा शराब माफियाओं का भ्रष्टाचार रोकना होता तो सबसे पहले गुजरात में सीबीआई की रेड करवाते क्योंकि गुजरात में हर साल 10 हजार करोड़ की एक्साइज चोरी की जा रही है और ये चोरी इन्हीं के लोग करवा रहे है। इनका मुद्दा भ्रष्टाचार रोकना होता तो जांच 14 हजार करोड़ के उस घोटाले की होती जो बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे बनाने में किया गया, ?जो प्रधानमंत्री के उद्घाटन करने के 5 दिन के अंदर ही धंस गया।

सिसोदिया के मुताबिक भाजपा की परेशानी भ्रष्टाचार नहीं बल्कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं। जिनकी आज देशभर में चर्चा हो रही है कि वर्ष 2024 में एक मौका केजरीवाल को देंगे। इसीलिए झूठे आरोपों में केजरीवाल के स्वास्थ्य मंत्री के बाद उनके शिक्षा मंत्री को भी जेल में डालने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। उस मुख्यमंत्री को सपोर्ट करने के बजाए, साजिश कर रोका जा रहा है जो शिक्षा और स्वास्थ्य के जरिए देश को तरक्की की राह पर लेकर चल रहा है। प्रधानमंत्री की तरह अपने चंद अरबपति दोस्तों की बेहतरी के बजाय हर बच्चे ( शेष पेज 8 )

# जम्मू-कश्मीर में 25 लाख अतिरिक्त मतदाताओं पर भ्रम दूर करेगा प्रशासन

**भाषा।** श्रीनगर, जम्मू

● कहा- तथ्यों को गलत ढंग से पेश किया गया, बढ़े मतदाताओं में अधिकांश राज्य के 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले

**केंद्र** शासित प्रदेश प्रशासन ने जम्मू-कश्मीर में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के बाद संभावित तौर पर 25 लाख से अधिक मतदाताओं के जुड़ने की खबरों को लेकर शनिवार को सफाई देते हुए कहा कि कुछ निहित स्वार्थों द्वारा तथ्यों को गलत ढंग से पेश किया गया है। इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों की आलोचनाओं के बाद स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में एक विज्ञापन के माध्यम से स्पष्टीकरण दिया गया था। नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने इस मुद्दे पर सोमवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार मतदाता सूची के विशेष सारांश संशोधन के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने हाल ही में कहा था कि जम्मू-कश्मीर में मतदाता सूची में बाहरी लोगों सहित 25 लाख अतिरिक्त मतदाताओं के जुड़ने की संभावना है। उन्होंने कहा, हम मतदाता सूची में बड़े बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं, यह देखते हुए कि पिछले तीन साल में बड़ी संख्या में युवाओं ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण की है। कुमार ने 17 अगस्त को जम्मू में संवाददाताओं से कहा था, पूर्ववर्ती राज्य जम्मू और कश्मीर में जिन लोगों को मतदाता सूची में शामिल नहीं किया गया था वे अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद अब मतदान के पात्र होंगे।

साथ ही, जो कोई भी सामान्य रूप से केंद्र शासित प्रदेश में रह रहा है, वह जनप्रतिनिधित्व कानून के प्रावधानों के तहत जम्मू-कश्मीर में मतदाता के रूप में सूचीबद्ध होने के अवसर का लाभ उठा सकता है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 18 वर्ष की आयु से अधिक के युवाओं की अनुमानित ( शेष पेज 8 )

# बांग्लादेश की प्रधानमंत्री भारत आएंगी, मोदी से रक्षा-व्यापार पर होगी बात



**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसिया।** नई दिल्ली/ढाका

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की उनकी समकक्ष शेख हसीना के बीच नई दिल्ली में सितंबर में होने वाले शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देश रक्षा और व्यापार सहित अपने द्विपक्षीय संबंधों के हर पहलू की समीक्षा करेंगे। शेख हसीना आखिरी बार 2019 में यहां आई थीं। रक्षा और व्यापार के अलावा, दोनों नेताओं के कुशियारा नदी के जल बंटवारे और गंगा संधि के विस्तार के लिए समझौते पर हस्ताक्षर करने की संभावना है। सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि तीस्ता नदी के पानी के बंटवारे पर ( शेष पेज 8 )

# दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय फर्जी पासपोर्ट रैकेट का किया पर्दाफाश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● पुलिस की आईजीआई यूनिट ने 325 फर्जी पासपोर्ट 175 वीजा किए जब्त

**इंदिरा** गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आइजीआई) पुलिस ने फर्जी पासपोर्ट और वीजा बनाने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह का मास्टरमाइंड मुंबई का जाकिर युसुफ शेख है। वह 25 सालों से काले धंधे में लिप्त है। इस काली कमाई के पैसे को जाकिर वेब सीरीज व मराठी फिल्में बनाने में लगाता था। पुलिस का दावा है कि जाकिर अबतक सौकड़ों वेब सीरीज और मराठी फिल्मों में पैसा लगा चुका है।

इसके अलावा जमील पिक्चरवाला उर्फ मुस्ताक, इंतियाज अली शेख उर्फ राजू भाई, संजय दत्ताराम चव्हाण को गिरफ्तार किया है। ये लोग नकली पासपोर्ट और वीजा से अब तक 200 लोगों को विदेश भेज चुके हैं। इन सभी के पास से पुलिस ने 325 फर्जी पासपोर्ट, 175 फर्जी वीजा, 1200 से अधिक रबर स्टैंप, 77 बायो पेज, 12 प्रिंटर, पॉलिमर स्टैंप मशीन, अल्ट्रा वायलेट लाइट मशीन समेत अन्य संबंधित चीजें भी बरामद की गई हैं। इसके अलावा फर्जी दस्तावेजों में चीन, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिकी और अन्य देशों के वीजा बरामद किए गए हैं।

पुलिस उपायुक्त तनु शर्मा ने बताया कि छह जून को गुजरात के रवि रमेश भाई को कुवैत से डिपोर्ट कर भारत भेजा गया था। यहां जांच में पता चला कि उसका पासपोर्ट फर्जी है। फर्जी पासपोर्ट पर किसी एजेंट द्वारा उसे भेजा गया था। इस बाबत मामला दर्ज कर पुलिस ने रवि रमेश भाई को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की जांच एसीपी वीरेन्द्र मोर की देखरेख में इंस्पेक्टर सतीश कुमार और अनुज शर्मा ने शुरु की। पूछताछ में रवि ने बताया कि वह एजेंट जाकिर, नारायणभाई और मुश्ताक उर्फ जमील ( शेष पेज 8 )

# केजरीवाल, सिसोदिया योगेंद्र यादव, मानहानि मामले में बरी हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेता योगेन्द्र यादव को मानहानि के एक मामले में शनिवार को बरी कर दिया। यह मामला एक वकील ने 2013 में दायर किया था। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने कहा कि शिकायतकर्ता सह अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार शर्मा (अब मृतक) यह साबित करने में नाकाम रहें कि आरोपियों ने कथित अपराध किए हैं। न्यायाधीश ने आदेश में कहा, प्रतिष्ठा की अवधारणा समाज में उस वक्त से है जब सभ्यता की शुरूआत हुई थी। उन्होंने भगवद गीता की कुछ पंक्तियों का हवाला देते हुए कहा, एक सम्मानित व्यक्ति के लिए बदनामी मौत से भी बदतर है। उन्होंने कहा कि ये शब्द दूसरी सदी के हैं और व्यक्ति की प्रतिष्ठा के महत्व को रेखांकित करते हैं। न्यायाधीश ने कहा, यहां तक कि आज, ( शेष पेज 8 )

# मुंबई में फिर 26/11 जैसे आतंकी हमले की धमकी

**भाषा।** मुंबई

● पुलिस को पाकिस्तानी नबंर से भेजा गया व्हाट्सएप मैसेज, एक संदिग्ध हिरासत में

**मुंबई** यातायात पुलिस के नियंत्रण कक्ष को उसके हेल्पलाइन नंबर पर कई धमकी भरे संदेश मिले हैं, जिनमें कहा गया है कि छह लोग मुंबई में 26/11 जैसे हमले करेंगे और शहर को उड़ाने की तैयारी की जा रही है। इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई में 26/11 जैसा हमला करने की धमकी देने संबंधी संदेश जिस नंबर से भेजे गए हैं, उसका कोड पाकिस्तान का है।

सूत्रों ने बताया कि इस मामले में मुंबई के पास विरार से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है, जिससे अपराध शाखा का दल पूछताछ कर रहा है। अधिकारियों ने कहा, मध्य मुंबई के वर्ली स्थित नियंत्रण कक्ष से संचालित मुंबई पुलिस की यातायात हेल्पलाइन के व्हाट्सऐप नंबर पर शुक्रवार देर रात करीब 11:45 बजे संदेश आए। उन्होंने कहा, इन संदेशों को भेजने वाले ने 26/11 के हमले जैसा हमला करने की धमकी दी है। अधिकारियों ने बताया कि एक संदेश में कहा गया है कि छह लोग हमला करेंगे, जबकि एक अन्य संदेश में कहा गया है कि मुंबई को उड़ाने की तैयारी शुरू हो गई है, जिससे 26/11 हमले की याद आ जाएगी।

शहर के पुलिस आयुक्त विवेक फणसालकर ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संदेश मिलने के बाद राज्य के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और शहर के पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने को कहा गया है। फणसालकर ने कहा, पुलिस को शुक्रवार देर रात संदेश मिले, जिनमें धमकी दी गई कि मुंबई में 26/11 जैसा ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,646 | |
| निफ्टी | 17,758 | |
| सोना | 51,995 | /10g |
| चांदी | 56,247 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सोमालिया में होटल पर आतंकी हमला, 20 मरे

**मोगादिशु।** इस्लामी आतंकवादियों ने सोमालिया की राजधानी में एक होटल पर हमला किया और सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान कई घंटे तक चली गोलीबारी में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। पुलिस और चश्मदीदों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि शुक्रवार रात को हुए इस हमले में 40 अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि मोगादिशु के मशहूर हयात होटल पर हुए हमले से बच्चों समेत कई लोगों को सुरक्षाबलों ने बचाया। होटल के बाहर धमाके से हमले की शुरुआत हुई जिसके बाद बंदूकधारी व्यक्ति होटल की इमारत में घुसे। हमला शुरू होने के लगभग 24 घंटे बाद भी सोमाली सुरक्षाबल होटल मे आतंकवादियों से जूझ रहे है।

# हिमाचल, उत्तराखंड, ओडिशा, झारखंड में मॉनसूनी बारिश से 31 लोगों की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**मॉनसूनी** बारिश से अचानक आई बाढ़, भूस्खलन और मकान ढहने की घटना में उत्तर के पहाड़ी इलाकों और पूर्व के मैदानी इलाकों में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई जिसके बाद देश के एक बड़े हिस्से में जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। मृतकों में 22 लोग अकेले हिमाचल प्रदेश के हैं। उत्तराखंड और ओडिशा में चार-चार और झारखंड में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

हिमाचल प्रदेश में पिछले 24 घंटे में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन, बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में आठ एक ही परिवार के हैं। प्रदेश में दस लोग इन हादसों में घायल हुए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के निदेशक सुदेश कुमार मोख्ता ने कहा कि भारी बारिश के कारण सबसे ज्यादा



हिमाचल प्रदेश के मंडी में भूस्खलन से एक ट्रक बुरी तरह कुचल गया

नुकसान मंडी, कांगड़ा और चंबा जिले में हुआ है। उन्होंने बताया कि राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम संबंधी 36 घटनाएं दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि मंडी में मनाली-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग और शोघी में शिमला-चंडीगढ़ राजमार्ग सहित 743 सड़कों को जलभराव के कारण यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। मंडी जिले के उपायुक्त ने बताया कि अकेले मंडी जिले में बाढ़ और भूस्खलन के कारण 13 लोगों की मौत हो गई और छह लोग लापता हो गए। प्रदेश के ( शेष पेज 8 )

# मंकीपॉक्स के लिए स्वदेशी आरटी-पीसीआर किट तैयार

● जांच में होगी आसानी, बीमारी का बेहतर तरीके से प्रबंधन करने में मिलेगी मदद

● भारत में पहली स्वदेशी किट का अनावरण केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार ने किया

● रोगियों के संपर्कों में एंटीबॉडी का पता लगाने के लिए सीरोसर्वे करने पर विचार कर रहा आईसीएमआर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



अन्य लोगों के साथ स्वदेशी किट का अनावरण करते भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अजय कुमार सूद (दाएं से दूसरे)

**भारत** ने मंकीपॉक्स की जांच के लिए स्वदेशी रूप से अपनी पहली आरटी-पीसीआर किट विकसित कर ली है। ट्रांसएशिया बायो-मेडिकल्स द्वारा बनाई गई इस किट का अनावरण आंध्र प्रदेश में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अजय कुमार सूद ने किया। भारत में अब तक मंकीपॉक्स के दस मामले सामने आ चुके हैं।

ट्रांसएशिया के संस्थापक-अध्यक्ष सुरेश वजीरानी ने कहा कि इस किट से संक्रमण का जल्द पता लगाने और बीमारी का बेहतर तरीके से प्रबंधन करने में मदद मिलेगी। मंकीपॉक्स को डब्ल्यूएचओ ने अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। उन्होंने कहा कि ट्रांसएशिया-एर्बा मंकीपॉक्स आरटी-पीसीआर किट अत्यधिक संवेदनशील है, लेकिन यह इस्तेमाल करने मे सरल है और नतीजे भी बहुत ही सटीक आते हैं। इस बीच, बढ़ते मरीजों को देखते हुए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) सक्रिय हो गया है और संस्था मंकीपॉक्स के रोगियों के संपर्कों के बीच एंटीबॉडी का पता लगाने के लिए एक सीरोसर्वे कर सकता है। इससे यह पता लगाने में मदद मिल सकती है कि उनमें से कितने स्पर्शोन्मुख मरीज थे। भारत में अब तक मंकीपॉक्स के दस मामले सामने आ चुके हैं और आईसीएमआर वायरस का खात्मा करने के लिए वैक्सीन विकसित करने पर भी काम कर रहा है।

एक सूत्र ने शनिवार को कहा कि वैक्सीन और डायग्नोस्टिक किट के विकास के लिए आईसीएमआर ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) जारी कर दिया है। इसे मंकीपॉक्स वायरस के खिलाफ टीका विकसित करने में रुचि दिखाने वाले निर्माताओं से 31 बोलियां प्राप्त हुई हैं। सूत्रों के अनुसार, सामने आईं कुल 31 में से आठ कंपनियों ने टीके के विकास के लिए ईओआई जमा किया है, जबकि 23 फर्मों ने किट विकसित करने में रुचि दिखाई है। हालांकि अभी तक किसी भी कंपनी को टेंडर नहीं दिया गया है और फिलहाल इसका मूल्यांकन किया ( शेष पेज 8 )

# त्यागी समाज की महापंचायत आज, पुलिस अलर्ट

## गेझा स्थित रामलीला मैदान पर भारी सुरक्षा बल तैनात, आला अधिकारियों ने लिया हालात का जायजा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा में होने वाली त्यागी समाज की महापंचायत को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। गौतम बुध नगर पुलिस के ज्वाइंट सीपी, डीसीपी समेत कई अधिकारियों ने महापंचायत होने वाली जगह का जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही साथ सोसाइटी के बाहर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। रविवा को होने वाले त्यागी समाज के महापंचायत से पहले पुलिस पूरी तरह से सतर्क हो चुकी है। भंगेल के रामलीला ग्राउंड में पहुँचे पुलिस के बड़े अधिकारी और उन्होंने लिया स्थल का जायजा लिया। महापंचायत स्थल पर शनिवार को ही अलग-अलग जिले और अलग-अलग राज्यों से भरी संख्या में त्यागी समाज के लोग जमा होंगे। जॉइंट पुलिस कमिश्नर लव कुमार ने बताया कि महापंचायत को लेकर पुलिस अलर्ट पर है। वहीं, महापंचायत को लेकर संपर्क किए जाने पर सांसद महेश शर्मा ने शनिवार को कहा कि मेरा त्यागी समाज से किसी तरह का कोई द्वेष नहीं है। हम एक परिवार की तरह हैं। उन्होंने कहा कि सेक्टर 93-बी स्थित सोसाइटी में महिला से अभद्रता के बाद इस घटना के आरोपी श्रीकांत त्यागी की गिरफ्तारी की मांग एक जनप्रतिनिधि के रूप में की थी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का पद खाली हुआ, जिसमें मेरे नाम पर विचार चल रहा था। राजनीतिक षड्यंत्र के तहत कुछ लोगों का मकसद मुझे विवादों में लाना था, ताकि प्रदेश स्तर पर कोई जिम्मेदारी मुझे नहीं मिल पाए। सांसद ने कहा कि सोसाइटी में हंगामे की सूचना पर पार्टी के आला नेताओं ने फोन करके उन्हें तत्काल मौके पर जाने के लिए कहा था। स्थानीय लोगों ने पहले ही छह लोगों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था।

उन्होंने कहा कि त्यागी समाज का इस पूरे प्रकरण से कोई लेना-देना नहीं था। यह मुद्दा केवल श्रीकांत तक सीमित था। ना तो मैंने श्रीकांत पर गैंगस्टर कानून लगाने के लिए कहा और ना ही सोसाइटी में घुसने वाले युवकों की गिरफ्तार कराया था। दोनों काम पुलिस ने किए हैं।

इस पूरे मामले में मैंने एक जनप्रतिनिधि के रूप में ही कार्रवाई की थी। मैंने पूरी बात भाजपा के वरिष्ठ नेताओं तक पहुंचाई है। मामला गर्मा होने के बाद श्रीकांत त्यागी प्रकरण में गेझा गांव के निकट स्थित रामलीला मैदान में त्यागी समाज ने पंचायत आहूत की है। संयुक्त त्यागी एवं किसान मोर्चा के आह्वान पर हो रही इस पंचायत की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस पंचायत में त्यागी समाज अपनी पूरी ताकत दिखाएगा। दावा किया गया है कि श्रीकांत प्रकरण में पुलिस के घटिया रवैये की पोल भी खोली जाएगी। साथ ही श्रीकांत त्यागी के परिवार को न्याय दिलाने की पुरजोर कोशिश की जाएगी। त्यागी समाज ने इस मामले को अपनी अस्मिता और स्वाभिमान से जोड़ लिया है। इसलिए संयुक्त त्यागी एवं किसान मोर्चा ने महापंचायत में पश्चिमी यूपी के विभिन्न जिलों के अलावा हरियाणा, राजस्थान समेत अन्य प्रदेशों के लोगों से जुटने का आह्वान किया है।

### घर-घर जाकर लोगों से मांगा समर्थन

**गाजियाबाद।** त्यागी समाज समिति के बैनर तले त्यागी समाज के लोगों ने रविवार को गैझा गांव में होनी वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए मुरादनगर शहर की मेन रोड, चर्च कंपाउंड, डिफेंस कालोनी, त्यागी कालोनी, जलालपुर रोड, मैट्रो होम्स में घर घर लाकर लोगों से समर्थन मांगा। समिति के अध्यक्ष राजपाल त्यागी, महामंत्री भूषण त्यागी ने कहा कि त्यागी समाज को गुंडा कहकर संबोधित किया गया। श्रीकांत त्यागी की पत्नी समेत परिवार और उनके रिश्तेदारों का भी उत्पीड़न किया गया। जितना अपराध उतनी सजा का प्रविधान संविधान ने तय किया है। लेकिन अपराध से कई गुना बड़ी सजा प्रशासन, स्थानीय नेताओं के दबाव में आकर किसी को दें, यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोगों ने पंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सतीश त्यागी, संजय त्यागी, निरंकार त्यागी, सोनू त्यागी, जयबीर त्यागी आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सांसद डीपी यादव के पिता की मूर्ति का अनावरण



**नोएडा।** नेता पूर्व सांसद डीपी यादव के पैत्रिक गांव सफ बिाद में शनिवार को एक भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर डीपी यादव के पिता महाशय तेजपाल की जीवंत मूर्ति का अनावरण हुआ। सुबह सबसे पहले वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हवन पूजन हुआ। इसके बाद मूर्ति का अनावरण किया गया। इस अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की गई। सर्फाबाद स्थित यदु पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के छात्र छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के सांसद साक्षी महाराज, समाजवादी पार्टी के विधायक और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव, राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, पूर्व सांसद महाबल मिश्रा, अभिनेता रंजीत, डीपी यादव के पुत्र कुणाल यादव, उनके भतीजे जितेंद्र यादव, लोक गायक ब्रह्मपाल नागर सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद थे।

### रोपवे के विरोध और मेट्रो की मांग पर पैदल मार्च

**गाजियाबाद।** वैशाली से मोहनगर के बीच रोप वे बनाए जाने की योजना का लगातार स्थानीय निवासी विरोध कर रहे हैं। शनिवार को भी इंदिरापुरम, वैशाली के निवासियों ने इंदिरापुरम से जिला मुख्यालय तक पैदल मार्च निकाल कर इस योजना का विरोध जताया। स्थानीय लोगों ने बताया कि रोप वे बनने से लोगों को कोई लाभ नहीं होना वाला है। यह एक तरह से पैसों की बर्बादी है। रोप वे से अधिक यहां के लोगों को मेट्रो की आवश्यकता है जिसके लिए लगातार मांग करने के बाद भी सरकार रोपवे बनाने पर तुली है। जबकि हमें वैशाली से मोहननगर, सेक्टर.62 नोएडा से साहिबाबाद के बीच मेट्रो चाहिए। इससे लाखों लोगों को लाभ मिल सकेगा। नोएडा और साहिबाबाद के बीच लाखों लोग हर रोज सफर करते हैं। अगर इस रूट पर मेट्रो बन गई तो लोगों के साथ ही सरकार को भी लाभ मिल सकेगा। मेट्रो बनाए जाने की मांग को लेकर स्थानीय निवासियों ने बडी तादात में एकत्र होकर इंदिरापुरम से जिला मुख्यालय तक पैदल मार्च निकाला। जिला मुख्यालय पहुंचकर स्थानीय लोगों ने मेट्रो बनाए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में नंदन सिंह बिष्ट, अमित कुमार, संतोष शर्मा, रामगोपाल शर्मा, वेद शर्मा, संग्राम सिंह, कपिल सक्सेना, आरिफ आदि मौजूद रहे।

### कोयले से भरी मालगाड़ी के कई डिब्बों में लगी आग

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद रेलवे स्टेशन के पास कोयले से भरी हुई मालगाड़ी खड़ी हुई थी। उसी समय किसी ने मालगाड़ी की कई बोगियों में से धुंआ उठते देखा। मालगाड़ी में आग लगने की सूचना मिलने के बाद जहां रेलवे विभाग से लेकर पुलिस में हडकंप मच गया वहीं फायर ब्रिगेड की दो गाडियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कोयले से भरे डिब्बों में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। सीएफओ सुनिल कुमार सिंह ने बताया कि कोयले से भरे डिब्बों में आग कैसे लगी अभी इसका तो पता नहीं चल पाया है लेकिन फायर ब्रिगेड की तत्परता के चलते जहां जान.माल की भारी होने से बच गई वहीं बड़ा हादसा भी घटित होने से बच गया।

### नोएडा लोकमंच को भेंट किया शव वाहन

**नोएडा।** धर्मपाल सतपाल ग्रुप ने पर्यावरण संवर्धन सीईआर की दिशा में पहल करते हुए सामाजिक संगठन नोएडा लोकमंच को एक अत्याधुनिक वातानुकूलित शव वाहन प्रदान किया है। मालूम हो कि नोएडा लोकमंच सेक्टर.94 स्थित अंतिम निवास का दशकों से संचालन कर रहा हैं। अब अंतिम निवास में ऐसे शव वाहनों की कुल संख्या 3 हो गई है। नोएडा लोकमंच के महासचिव व प्रमुख समाजसेवी महेश सक्सेना ने बताया कि यह शव वाहन डीएस ग्रुप की इकाई 7 आर होटल्स द्वारा प्रदान किया गया है। सेक्टर-15 में 7 आर के नाम से आलीशान होटल का शुभारंभ किया जा रहा है। निदेशक अजय कुमार, राजीव गुप्ता की धर्मपत्नी, सौरभ गुप्ता आदि लोगों ने महेश सक्सेना को यह शव वाहन भेंट किया। कोषाध्यक्ष विभा बंसल भी मौजूद थीं। शवों को अंतिम निवास तथा कहीं दूर ले जाने के लिए ये शव वाहन काफी कारगर साबित होगा।

# बांके बिहारी हादसे में नोएडा की महिला की मौत

● भगदड़ के दौरान दम घुटकर गई जान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर ठाकुर बिहारी मंदिर में होने वाली मंगला आरती के समय भीड़ अधिक होने हो जाने से श्रद्धालुओं का दम घुटने लगा। इसमे दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन से अधिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में नोएडा के सेक्टर-99 निवासी महिला निर्मला देवी और वृंदावन के रुक्मिणी विहार कालोनी निवासी 65 वर्षीय राम प्रसाद विश्वकर्मा की मृत्यु हो गई। राम प्रसाद मूल रूप से जबलपुर के रहने वाले थे। रात करीब दो बजे हुई इस घटना के बाद डीएम, एसएसपी, नगर आयुक्त सहित काफ ी पुलिस बल मौजूद था। निजी सुरक्षा कर्मियों ने बेहोश हो रहे श्रद्धालुओं को मंदिर से निकालना शुरू कर दिया। एसएसपी अभिषेक यादव ने बताया कि भीड़ अधिक होने के कारण श्रद्धालुओं का दम घुटने लगा था। इससे ये घटना हुई है।

बता दें कि नोएडा के सेक्टर-99 स्थित ग्रीन व्यू अपार्टमेंट में रहने वाली निर्मल देवी पत्नी जयप्रकाश एमआईजी 5 बी में परिवार के साथ रहती थीं। शुक्रवार शाम को निर्मल देवी 48 बेटे अमन कुमार व बहू सृष्टि भारद्वाज के साथ बांके बिहारी दर्शन करने गई थीं। स्वजन का कहना है कि मंदिर में अधिक भीड़ के बीच भगदड़ हुई। इसके कारण दम घुटने से मौत हो गई। निर्मला देवी का पार्थिव शरीर नोएडा पहुंच गया है।

## आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतें निस्तारित

**नोएडा।** आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के लिए प्राधिकरण की जीएम प्रोजेक्ट केआर वर्मा ने अपने अधीनस्थों के साथ शनिवार को बैठक की और सभी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए।

जीएम प्रोजेक्ट ने बताया कि बीते कुछ दिनों में पोर्टल पर प्राधिकरण से जुड़ी करीब 500 शिकायतें दर्ज हुई थीं, जिनमें से अधिकांश शिकायतों का शनिवार को निस्तारण कर दिया गया। प्रबंधकों के साथ बैठक कर बोर्ड एजेंडा तैयार कराये गए। इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

# गाजियाबाद में मद्रासी गैंग के आठ सदस्य गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में गुलेल से लग्जरी गाड़ियों के शीशे तोड़कर कीमती सामान चुराने वाले मद्रासी गैंग के आठ सदस्य गाजियाबाद पुलिस ने शनिवार को पकड़े हैं। आरोपियों के खिलाफ कई शहरों में मुकदमे भी दर्ज हैं।

पकड़े गए आरोपी दीन दयानंद उर्फ वासुतेवर, अशोक उर्फ एस सिल्वर, डिल्लीराजन, वेंकटेश, मनोज कुमार, दिनेश और कीर्तिवासन हैं। इन सभी की उम्र 25 से 50 साल के बीच है और ये सभी तमिलनाडु में जनपद त्रिचापल्ली में सोलोनगर क्षेत्र के रहने वाले हैं। दीन दयानंद ने बताया, दो लोग बैंक और मॉल के आसपास खड़ी लग्जरी गाड़ियों की रैकी करते हैं। फिर गुलेल से शीशा तोड़कर उसमें रखा कीमती सामान चुरा लेते हैं। लैपटॉप.मोबाइल जैसी वस्तुओं को बेचकर आने वाले पैसे को ये गैंग आपस में बांट लेता है। आरोपियों ने बताया, पुलिस से बचने के लिए वे रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और शेल्टर होम में रुकते हैं और फिर अगले दिन दूसरे शहर में जाकर ऐसी घटनाएं करते हैं। इस तरह गैंग ने गाजियाबाद, आगरा, मथुरा, दिल्ली, फरीदाबाद आदि शहरों में चोरी की कई घटनाएं कुबूली हैं।

# एनएचएम की टीम ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

● चिकित्सा सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम द्वारा गठित 2 सदस्यीय कायाकल्प की टीम सेक्टर-30 स्थित जिला अस्पताल पहुंची। टीम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और चिकित्सा सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए।

कायाकल्प की टीम में शामिल डॉ नंदिता व डॉ सियाज मंसूर आज सेक्टर.30 स्थित जिला अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कायाकल्प की टीम ने चिकित्सा व्यवस्था को और बेहतर बनाने, सफाई व्यवस्था को सुधारने सहित कई आवश्यक सुझाव दिए।

कायाकल्प की टीम ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा लोगों के लिए चलाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देने के लिए अस्पताल परिसर में पोस्टर बैनर लगाने की भी बात कही।

## ग्रेनो में कोरियन रेस्टोरेंट को किया सील

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा परि चौके के पास बने ओमैक्स मॉल में आबकारी विभाग ने कार्रवाई की है। यहां एक कोरियन रेस्टोरेंट में अवैध तरीके से शराब परोसी जा रही थी। रेस्टोरेंट के पास आबकारी लाइसेंस नहीं था।

पुलिस ने रेस्टोरेंट के मालिक कोरियाई नागरिक सुनजिक किम व उमेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ओमैक्स मॉल में मियो नाम से एक कोरियन रेस्टोरेंट चल रहा था। इसमें कई दिनों से अवैध रूप से कस्टमर को शराब परोसी जा रही थी। आबकारी विभाग की टीम दो दिनों से इस रेस्टोरेंट पर नजर बनाए हुई थी। पुख्ता होने पर शनिवार को टीम ने रेस्टोरेंट में छापा मारकर इसे सील कर दिया।

# चिटहेरा प्रकरण: अधिकारियों पर गाज गिरना तय

● सूची को लेकर बढ़ी बेचैनी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



चिटहेरा गांव में हुए जमीन घोटाले में ना सिर्फ गौतमबुद्ध नगर बल्कि हापुड़ जिले में तैनात रहे अधिकारियों पर गाज गिरनी तय है।

इस मामले में तैयार हो रही सूची ने दागी अधिकारियों की बेचैनी बढ़ा दी है। प्रशासन की टीम दागी अफसरों की सूची बनाने में जुटी है। चिटहेरा गांव में 1990 में पट्टे की जमीन का आवंटन हुआ था। इसमें अपात्रों को जमीन का आवंटन कर दिया गया। इस मामले में जांच में खुलासा हुआ कि अधिकारियों और भूमाफिया के सिंडिकेट ने यह घोटाला किया। अपात्रों लोगों को जमीन आवंटित की गई और उन पट्टों को अपने नाम कराकर उनका मुआवजा भी लिया गया।

जांच के बाद जिला प्रशासन ने दो मुकदमे दर्ज कराए थे। इस प्रकरण में कुछ अधिकारियों की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए शासन को कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। इन अधिकारियों को घोटाले के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था। उन पर कार्रवाई के फैसले की जिम्मेदारी शासन पर छोड़ दी थी। लेकिन अब शासन ने जिला प्रशासन से ही इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के नामों की सूची उपलब्ध कराने को कहा है। प्रशासन की टीम सूची तैयार करने में जुटी है। इस सूची के तैयार होने बाद अधिकारियों पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। इसके चलते वर्ष 1997 से लेकर 2018 तक जिले में तैनात रहे अधिकारियों में हड़कंप है।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय संख्या 201-बी, द्वितीय तल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर बी 3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, थाने, महाराष्ट्र-400604

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आनंद धर्मपाल राजवंशी एवं साक्षी आनंद राजवंशी (एलबीएमयूएम00001240383, एलबीएमयूएम00003363850, एवं एलबीएमयूएम00002628798)/फ्लैट नंबर 51, शांति भवन, गांधी ग्राम, जुहू, मुम्बई-400049 | फ्लैट नंबर 201, द्वितीय तल, "क्लानफील्ड सीएचएस लि.", ग्राम ओशीवारा, प्लॉट नंबर 15, सीटीएस नंबर 1/36, एस नंबर 41 (पीटी) निकट अशोक एकैडमी स्कूल, लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स, अंधेरी वेस्ट, मुम्बई-400053 | 04-08-2022 रू. 58,83,422.20/- | 11-05-2022 |

सूचना की वैकल्पिक तामील के लिए उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा धारा 13(2) के तहत उपरोक्त दिनांकित सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के अवधि समाप्त होने पर वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

20 अगस्त, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अभि नाथ/ दीना नाथ मौर्य- LBJAI00003862878/ LBJAI00003926897 | फ्लैट नंबर डब्ल्यू 607 एन, डब्ल्यू 608, पिंक प्राइड- द सूट्स, 6टी मंजिल, खसरा नंबर 9, जयसिंहपुरा बास भांकरोटा, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान- 303902/ अगस्त 16, 2022 | मार्च 30, 2022 रु. 27,38,862.2/- | दिल्ली/ जयपुर/ नोएडा |
| 1. | अखिलेश पाठक/ राखी देवी- LBJAI00004589128/ LBJAI00004659498 | फ्लैट नंबर एन-109, एन 110, पहली मंज़िल, पिंक प्राइड, खसरा नंबर 9, ग्राम जयसिंहपुरा बास भांकरोटा, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान- 303902/ अगस्त 16, 2022 | मार्च 30, 2022 रु. 23,02,511.00/- | जयपुर/ गुड़गाँव/ भोजपुर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अगस्त 20, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर (नोएडा और गुड़गांव)
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**SALE NOTICE**
**DEBT RECOVERY TRIBUNAL, DELHI**
**4th FLOOR, JEEVAN TARA BUILDING,**
**PARLIAMENT STREET, NEW DELHI-110001**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details | Reserve Price | EMD Amount |
|---|---|---|---|
| ICICI BANK LTD VS V3 Mobi Communications Private Limited, OA No. 02/2019 | Vehicle No- DL6CM4680, Make & Model-Diamler Chrysler India Pvt Ltd C-220 CDI, Manu Year-2013 | Rs. 3,80,000/- | Rs. 38,000/- |
| ICICI BANK LTD VS AKSHAY GIRI, OA 494/2019 | Vehicle No- UP14GT8288, Make & Model- SWARAJ MAZDA LTD SAMRAT, Manu Year-2017 | Rs. 3,50,000/- | Rs. 35,000/- |
| ICICI BANK LTD VS AVLESH KUMAR, OA No. 293/2021, IA No. 1837/2021 | Vehicle No- HR26CG4646, Make & Model- BMW X1 SDRIVE 20D, Manu Year-2013 | Rs. 6,00,000/- | Rs. 60,000/- |

**Auction Date:** September 06, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:-** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec-17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| Case Details | Asset Details | Reserve Price | EMD Amount |
|---|---|---|---|
| ICICI BANK LTD VS JYOTI, OA NO. 473/2019 | Vehicle No- HR69C1260, Make & Model- Ashok Leyland Ltd AL 1212, Manu Year-2017 | Rs. 4,60,000/- | Rs. 46,000/- |

**Auction Date:** September 06, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:** SHRIRAM AUTOMALL INDIA LTD., PioManiyaari road, Opposite KanyaGurukulschool, Narela, New Delhi- 110040
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)
**Note:** EMD is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED payable at Delhi and Bidder has to bring original EMD at site with KYC

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself/ themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents and DD/PO of EMD amount in favour of ICICI bank Limited, payable at Delhi to participate in the auction.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount (Excluding EMD amount) within 5 days from the auction date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited.
The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No-7, Rohini Sector-8 New Delhi- 110085 for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

## किसानों के 6 प्रतिशत आबादी भूखंडों पर अतिक्रमण

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की रोजा याकूबपुर में किसानों के 6: आबादी भूखंडों पर हुए अवैध निर्माण को प्राधिकरण ने शनिवार को ढहा दिया। इस जमीन की कीमत करीब डेढ़ करोड़ उपाय होने का आकलन है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडल आयुक्त सुरेन्द्र सिंह के निर्देश पर अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण कर जमीन कब जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना केआर वर्मा ने बताया कि रोजा याकूबपुर में खसरा नंबर 271 की जमीन पर अवैध कब्जा होने की सूचना मिली थी। प्राधिकरण के वर्क एक के प्रभारी चेतराम सिंह के नेतृत्व में प्रबंधक प्रभात शंकर व सहायक प्रबंधक राजीव कुमार, स्थानीय पुलिस और उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड के 10 सुरक्षाकर्मियों की टीम शनिवार को मौके पर गई।

# घरेलू सहायिका बनकर देश के कई शहरों में लगाया लाखों का चूना

● पूछताछ में रोज नए खुलासे कर रही है आरोपी महिला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

इंदिरापुरम के एटीएस सोसाइटी में चोरी करने के मामले में गिरफ्तार की गई पूनम के खुलासे होने के बाद इसके अन्य शहरों में किए गए चोरी के कारनामे सामने आने लगे है।

महिला ने पानीपत की रहने वाली अधिवक्ता और एसबीआई बैंक की मैनेजर के घर में चोरी के वारदात को भी अंजाम दिया है। दोनों मामलों में संबंधित थानों में मुकदमे दर्ज किया गया हैं। पानीपत के सेक्टर-11 स्थित चांदनीबाग निवासी जतिन रहेजा ने बताया कि वह पेश से अधिवक्ता और सीए हैं। इंदिरापुरम थाने में पकड़ी गई पूनम की जानकार मिलने के बाद उन्होंने गाजियाबाद पुलिस से संपर्क कर बताया कि इसी महिला ने 12 जून को घर में नौकरी के बहाने महज तीन दिन ही 75 लाख रुपए नगदी और लगभग 30 लाख के जेवरात तथा जमीन से संबंधित कागजात चोरी कर लिए थे। इसके बाद संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि घर के बराबर में प्रेस करने वाले से पूछकर वह उनके यहां काम मांगने आई थी।

इस दौरान दो दिन तक पहचान पत्र मांगा गया, लेकिन कोई ना कोई बहाना बनाकर वह टरकाती रही। तीसरे दिन सुबह घर में चोरी कर फरार हो गई। दोनों ने खुद को मां बेटी बताया था और ज्यादा उम्र की महिला ने अपना नाम कमला जबकि बेटी का नाम पीहू बताया और मूलरूप से बिहार की रहने वाली बताया था। उन्होंने बताया कि महिला कहीं अपना नाम पूनम, पीहू और कहीं काजल बताती है। वहीं, दूसरी घटना चंडीगढ़ के एसबीआई बैंक में बतौर मैनेजर कार्यरत निधि कैला निवासी सेक्टर.आठ ने बताया कि उनके यहां दोनों महिलाएं मां-बेटी बनकर 6 जून की सुबह लगभग पौने 9 बजे काम मांगने आई थी।

घर में घरेलू सहायिका कुछ दिन पहले ही छुट्टी लेकर गांव चली गई थी। जिसके चलते उन्हें भी घरेलू सहायिका की जरूरत थी। दोनों में से खुद को मां बताने वाली महिला ने खुद का नाम कमला और दूसरी को बेटी बताते हुए उसका नाम पीहू बताया था। इस दौरान जब दोनों से पूछा गया कि किसने भेजा है तो वह दोनों बार-बार किसी मीना नामक महिला का नाम बताने लगी। उन्होंने बताया कि मीना नामक महिला को लेकर उन्होंने अपनी सास से पूछा तो उन्होंने भी ऐसी किसी महिला की जानकारी होने से इंकार कर दिया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# 900 सीबीआई अफसर लगें, परिणाम शून्यः आप

## केजरीवाल सरकार को केंद्र की तरफ से सबसे बड़ी क्लीनचिटः भारद्वाज

### छापेमारी को लेकर घमासान


आप प्रवक्ता सौरव भारद्वाज

- प्रधानमंत्री मोदी के लिए टार्गेट नंबर 1 मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवालः प्रवक्ता
- बोलेः देश की जनता मान चुकी कि दिल्ली की मुख्यमंत्री अगले पीएम होंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नई आबकारी नीति को लेकर विपक्ष दिल्ली सरकार पर लगातार हमला कर रहा है। जिस तरीके से उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर पर सीबीआई ने छापा मारा है। इसके बाद ताबड़तोड़ भाजपा एक के बाद एक हमले करने में लगी हुई है। लेकिन आम आदमी पार्टी सीबीआई जांच को भाजपा की साजिश बता रही है।

इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के कई नेता सिसोदिया का बचाव में आ गए हैं। आप विधायक व पार्टी के प्रवक्ता सौरव भारद्वाज ने कहा कि मोदी सरकार की सबसे बड़ी एजेंसी सीबीआई ने 31 जगहों पर छापा मारा लेकिन यह नहीं बताया कि सिसोदिया के घर से क्या मिला।

एक तरह से केजरीवाल सरकार को मोदी सरकार की तरफ से सबसे बड़ी क्लीनचिट दी गई है। 900 सीबीआई के अधिकारी लगाने के बावजूद परिणाम जीरो आया है। सौरभा भारद्वाज ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा पीएम मोदी के लिए टार्गेट नंबर 1 मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं। उनके यहां कहा जा रहा है कि अब केजरीवाल से निपटना है। सीबीआई वालों पर केंद्र सरकार दबाव बना रही है। उनको बोला गया है कि चाहे कुछ भी करो लेकिन कुछ ना कुछ ढूंढ़कर लाओ, वरना सस्पेंड कर देंगे।

देश की जनता मान चुकी है कि आने वाले समय में पूरे देश में मुकाबला पीएम मोदी और सीएम केजरीवाल के बीच होगी भारद्वाज ने कहा कि भाजपा ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस की तो लगा कि शायद कोई बड़ा खुलासा करेंगे। शनिवार को दो संवाददाता सम्मेलन हुआ। एक उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और दूसरी भाजपा नेता अनुराग ठाकुर की तरफ से। अनुराग ठाकुर की बॉडी लैंग्वेज देखने से ऐसा लग रहा था कि उनके चेहरा उड़ा हुआ है?। वह इतने तनाव और परेशान क्यों थे।




### जांच एजेंसी पर केंद्र सरकार का है दबाव

सीबीआई ने शुक्रवार को 31 जगहों पर छापा मारा। लेकिन एजेंसी ने यह भी नहीं बताया इन छापों के बाद क्या मिला, क्या बरामदगी हुई, कितने करोड रुपए और सोना मिला, यह छुपाने वाली कोई बात नहीं है, इन्हें कुछ भी नहीं मिला है। सीबीआई ने 31 जगहों पर 20 से 30 अधिकारी जांच के लिए भेजे। एक जगह 30 अधिकारी के हिसाब से 900 सीबीआई के अफसर लगाए लेकिन रिजल्ट जीरो आया। केंद्र सरकार की सीबीआई की यह रेड थी। इसको कोई भी सामान्य आदमी कहेगा कि यह रेड पूरी तरह से फेल थी। उसके 100 में से जीरो नंबर आए। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इसमें दोष सीबीआई के अफसरों का नहीं है। वे बेचारे अपनी ड्यूटी कर रहे हैं। उनकी तो नौकरी है, जो केंद्र सरकार कहेगी वह करेंगे। पहले यूपीए जो कहती थी वह करते थे। पीएम मोदी उस वक्त पानी पी सीबीआई को गाली देते थे।



कार्यकर्ताओं को संबंधित करते कांग्रेसी नेता

# विस सत्र बुलाकर सरकार दे घोटालों पर जवाब : भाजपा

- नेता प्रतिपक्ष ने कहा, पूरी तरह गैरकानूनी थी नई आबकारी नीति, मास्टर प्लान नियमों को तोड़ने के लिए सीएम भी जिम्मेदार



प्रेस वार्ता में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह व अन्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नई शराब नीति पर भाजपा और आम आदमी पार्टी में बवाल जारी है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली सरकार पर हमला करते हुए कहा कि नई आबकारी नीति पूरी तरह से गैरकानूनी थी।

उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से इस मुद्दे पर विधानसभा सत्र बुलाने की मांग की और कहा कि सरकार सभी मामलों पर सदन में जवाब दे। बिधूड़ी ने आरोप लगाया कि मास्टर प्लान के नियमों को तोड़ने के लिए केजरीवाल सरकार जिम्मेदार है। शनिवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अपने निवास पर संवाददाता सम्मेलन कर अपनी बात रखी। कुछ देर बाद विधानसभा ने नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने प्रेस कांफ्रेंस कर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पर हमला बोला और कहा कि स्कूलों व अस्पतालों की बात बाद मे करेंगे। पहले दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े सवालों का जवाब आम आदमी पार्टी के नेताओं को देना होगा। बिधूड़ी ने कहा है कि राजधानी में नई आबकारी नीति पूरी तरह गैरकानूनी थी।

केजरीवाल को भी पता था कि यह नीति गैरकानूनी है। इसके बाजवूद इस नीति को लागू किया गया। इसलिए इस गैरकानूनी नीति को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री समेत पूरी केनिबेट जिम्मेदार है। दिल्ली कैबिनेट ने 5 नवंबर 2021 को नई आबकारी नीति पर मुहर लगाई थी। इस कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री ने की थी। आबकारी नीति में कहा गया था कि दिल्ली में कहीं भी शराब की दुकान खोली जा सकती है। यहां तक कि नॉन कनफर्मिंग एरिया और रिहायशी इलाकों में भी शराब के ठेकों को खोलने की मंजूरी दे दी गई। दिल्ली केबिनेट इस तरह की मंजूरी देने के लिए सक्षम ही नहीं थी क्योंकि मास्टर प्लान-2021 में दिए गए प्रावधानों में नॉन कनफर्मिंग एरिया में शराब की दुकानें नहीं खोली जा सकतीं। मास्टर प्लान में बदलाव के लिए पूरी प्रक्रिया है और उसे दिल्ली विकास प्राधिकरण और केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा मंजूरी के बाद ही अधिसूचित किया जाता है, लेकिन कैबिनेट ने अपनी मर्जी से मास्टर प्लान द्वारा बनाए गए नियमों का जानबूझकर उल्लंघन किया। इसलिए मुख्यमंत्री केजरीवाल समेत पूरी केबिनेट नियम तोड़ने के लिए जवाबदेह है।

मुख्यमंत्री को इसकी जिम्मेदारी लेते हुए फौरन अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। सरकार को बताना होगा कि आखिर उसने मास्टर प्लान में दिए गए नियमों की जानबूझ कर अवहेलना क्यों की।

बिधूड़ी ने कहा कि विधानसभा में सिर्फ आबकारी नीति ही नहीं सरकार को स्कूल कमरों को बनाने में हुए घोटाले, डीटीसी की बसों की खरीद में हुए घोटाले, दिल्ली जल बोर्ड घोटाले और स्वास्थ्य विभाग में कागजी अस्पताल बनाने के घोटालों पर भी जवाब देना होगा।

# सिसोदिया के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा

- आबकारी नीति पर आप कार्यालय का किया घेराव, मांगा इस्तीफा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कांग्रेस की दिल्ली इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिल्ली आबकारी नीति के क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के इस्तीफे की मांग करते हुए शनिवार को यहां आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता भ्रष्टाचारी सरकार को बर्खास्त करो-बर्खास्त करो के नारे लगा रहे थे।

प्रदर्शनकारियों ने डीडीयू मार्ग पर दिल्ली कांग्रेस के कार्यालय से आप के मुख्यालय तक मार्च निकाला और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तथा सिसोदिया के खिालफ नारे लगाए। अनिल भारद्वाज ने मनीष सिसोदिया के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि केजरीवाल की शराब नीति का विरोध कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के नेतृत्व में पहले दिन से ही कर रहे है।

कांग्रेस की प्रदेश इकाई के मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष परवेज आलम ने कहा कि कांग्रेस ने मांग की है कि केजरीवाल अपने मंत्रिमंडल से सिसोदिया को बर्खास्त करें, क्योंकि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने आबकारी नीति घोटाले में दर्ज प्राथमिकी में उन्हें नामजद किया है। संदीप दीक्षित ने कहा कि आबकारी में भ्रष्टाचार साबित होने के बाद सीबीआई जांच के शुरु होते ही केजरीवाल पूरी तरह से बौखला गई है डा. उदित राज ने कहा कि भ्रष्टाचार खत्म करने की बात करने वाले केजरीवाल राजनीति में आने से पहले से ही भ्रष्ट है।

# मकान मालिक की हत्या कर शव के साथ सेल्फी ली, गिरफ्तार

- पुलिस ने 250 किलोमीटर तक पीछा कर आरोपी को पकड़ा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में एक किराएदार ने अपने मकान मालिक की कथित तौर पर हत्या कर दी और शव के साथ सेल्फी लेने के बाद सामान लेकर फरार हो गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 25 वर्षीय आरोपी पंकज कुमार सहनी बिहार के समस्तीपुर जिले का रहने वाला है।

गिरफ्तारी से बचने के लिए सहनी ने मेट्रो में यात्रा की और नई दिल्ली से हरियाणा के रोहतक के लिए ट्रेन में सवार हुआ। मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र में आरोपी की मौजूदगी की जानकारी मिली और लगभग 250 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हत्या के संबंध में 10 अगस्त को सुबह 6.41 बजे सूचना मिलने के बाद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति बेहोश पड़ा है और उसके सिर से खून बह रहा है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि फोन करने वाले जगदीश (32) ने कहा कि वह मंगोलपुरी में अपने घर के भूतल पर रहता है और उसके पिता सुरेश का कमरा पहली मंजिल पर है।

पुलिस ने कहा कि जगदीश के मुताबिक उसके पिता चार दिन पहले सहनी के साथ आए थे और उसे अनाथ बताकर उसका परिचय कराया और इच्छा जताई कि दूसरी मंजिल पर रहने के लिए कमरा दे दिया जाए। पुलिस ने कहा कि उन्होंने सहनी को अपने घर पर रहने दिया। नौ अगस्त की शाम को सहनी नशे की हालत में घर लौटा। उसके और सुरेश के बीच कहासुनी हो गई।

अधिकारी ने कहा कि बाद में मामला तब शांत हुआ जब सहनी ने सुरेश और जगदीश से माफी मांगी। अधिकारी ने कहा कि सहनी ने 10 अगस्त की जगदीश को फोन किया और उन्हें बताया कि वह रात करीब 11 बजे उनके घर से निकल गया था क्योंकि सुरेश ने उसके खिलाफ अभद्र शब्दों और गंदी भाषा का इस्तेमाल किया जिसे वह सहन नहीं कर सका। सहनी इस पर जोर से हंसने लगा। पुलिस ने कहा कि कुछ असामान्य और संदिग्ध महसूस होने पर जगदीश पहली मंजिल पर पहुंचे और देखा कि उनके पिता बेहोश पड़े हैं और सिर में चोट के कारण खून बह रहा है। जांच के दौरान आनंद पर्वत में आरोपी की मौजूदगी का पता चला लेकिन वह लगातार ठिकाने बदलता रहा। इस दौरान आरोपी मेट्रो ट्रेन में भी सफर करता रहा।

### दिल्ली के कुछ हिस्सों में शनिवार को हुई बारिश

नई दिल्ली। राजधानी के कुछ हिस्सों में शनिवार को बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, शाहदरा, लक्ष्मी नगर, पश्चिम विहार, पंजाबी बाग और द्वारका उन इलाकों में शामिल हैं, जहां बारिश हुई। आईएमडी ने बताया कि शनिवार को न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक है। विभाग के अनुसार, शनिवार सुबह 8.30 बजे सापेक्ष आर्द्रता 79 फीसदी थी। शनिवार सुबह आठ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 73 दर्ज किया गया, जो संतोषजनक श्रेणी में आता है।



# प्रेशर हॉर्न वाले वाहन मालिकों पर जुर्माना लगा रही पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली यातायात पुलिस ने शनिवार को बताया कि उसने वाहनों में प्रेशर हॉर्न और परिवर्तित साइलेंसर का उपयोग करने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है। यातायात पुलिस ने ट्विटर के माध्यम से लोगों को इस अभियान के संबंध में सूचित किया है।

उसने ट्वीट किया है, दिल्ली यातायात पुलिस अपने वाहनों में प्रेशर हॉर्न, परिवर्तित साइलेंसर का उपयोग करने वालों पर जुर्माना लगाएगी। दिल्ली में शोर नहीं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस पहले भी ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करती थी, लेकिन अब उन पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करके और प्रेशर हॉर्न तथा परिवर्तित साइलेंसर का उपयोग करके ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों का चालान काटा जाएगा। एक अन्य अधिकारी ने बताया, हम डॉक्टरों का साक्षात्कार लेंगे और उनसे ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभावों के बारे में पूछेंगे।

हम लोगों को शिक्षित करने के लिए साक्षात्कार प्रसारित करेंगे ताकि वे परिवर्तित साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न का उपयोग बंद कर दें। तमाम लोगों ने पुलिस के इस कदम का स्वागत किया और अन्य मुद्दों पर भी अपनी सलाह दी।

## संक्षिप्त समाचार

### निगम ने 171 अवैध मीट की दुकानों को किया सील

नई दिल्ली। नगर निगम द्वारा अवैध मांस की दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बिना लाइसेंस वाली 171 दुकानों को सील कर दिया और लगभग 52,33,960 / – रुपये का जुर्माना लगाया। निगम ने अप्रैल 2022 से 31 जुलाई 2022 तक अवैध रूप से मीट की दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करने की है। मीट की ऐसी दुकाने जिनके लाइसेंस की अवधि समाप्त हो गई है, उन दुकानदारों से नगर निगम द्वारा अपील की जाती है कि समय सीमा के भीतर लाइसेंस का नवीनीकरण करवाये।

### जंतर मंतर पर आज होगा रोजगार आंदोलन

**नई दिल्ली।** जंतर मंतर पर रविवार सुबह रोजगार आंदोलनकारी प्रदर्शन करेंगे। इनका दावा है कि उनको कई पार्टियों के सांसद, संगठनों के नेता और अन्य सामाजिक लोगों का सहयोग प्राप्त है और ये लोग भी प्रदर्शन में शामिल होंगे। कैबिनेट मंत्री एवं देश की बात फाउंडेशन के संस्थापक गोपाल राय ने बताया कि नंदनगरी में शांतिपूर्ण चल रहे रोजगार आंदोलन के 200 से ज्यादा आंदोलनकारियों को पुलिस द्वारा जबरदस्ती गिरफ्तार कर आंदोलन स्थल को सील कर दिया है।

### छात्रों के लिए ओलंपियाड परीक्षा 15 सितंबर से

**नई दिल्ली।** स्कूली छात्रों के लिए ओलंपियाड परीक्षा साल 15 सितंबर से ऑफलाइन आयोजित की जाएंगी। दिल्ली के अनुमानित 2,97,000 छात्र हर साल एसओएफ ओलंपियाड में शामिल होते है। साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन के संस्थापक और निदेशक महाबीर सिंह ने कहा 2021-22 के दौरान, 68 देशों के 68,000 से अधिक स्कूलों ने एसओएफ परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया और लाखों छात्र उनमें शामिल हुए। विजेता छात्रों को पदक और छात्रवृत्ति से सम्मानित किया जाता है।

# स्कूली बच्चों को उद्यमी बना रही सरकार

## उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने स्टार्टअप समिट 2022 में एंटरप्रेन्योर्स को भारत को दुनिया का नंबर 1 देश बनाने के लिए प्रेरित किया




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार स्कूली छात्रों को उद्यमी बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। सरकार की ओर से एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम के तहत अपने स्कूलों में बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम शुरू किया गया है। इस परियोजना के लिए 60 करोड़ रुपये का बजट आवंटित हुआ। युवा उद्यमी (यंग एंटरपेन्योर) तैयार करने के लिए केजरीवाल सरकार की ओर से सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को लगातार प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिल्ली सरकार बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम के तहत सीड मनी देकर बच्चों में उद्यमी बनने की ललक पैदा कर रही है। इस दिशा में सरकार अपने स्कूलों में बच्चों को नियमित पाठ्यक्रम पढ़ाने के साथ-साथ उन्हें नौकरी मांगने के बजाय नौकरी देने वाला बनना भी सीखा रही है और उनमें स्कूली स्तर से ही एंत्रप्रेन्योरशिप माइंडसेट विकसित कर रही है और इससे भारत को विकसित देश बनाने में तरक्की की राह में आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को प्रगति मैदान में हो रहे स्टार्टअप समिट 2022 में शामिल होने वाले देश भर के विभिन्न एंत्रप्रेन्योर्स के साथ भी बातचीत की। इस दो दिवसीय समिट में अन्य स्टार्टअप के साथ-साथ दिल्ली सरकार के स्कूलों के छात्र उद्यमियों की 10 बिजनेस ब्लास्टर्स टीमें भी हिस्सा ले रही हैं।

समिट में देश भर से आए उद्यमियों के साथ बातचीत करते हुए सिसोदिया ने कहा, ऐसे देश में जहां लगभग 40 करोड़ लोग या तो बेरोजगार हैं या ऐसे लोगों की श्रेणी में आते हैं जो रोजाना केवल आधा डॉलर कमाते हैं। ऐसे देश में उन्हें युवा उद्यमियों की वजह से विकास के कई अवसर नजर आते हैं।

देश के एंटरप्रेन्योर्स आज जो काम कर रहे हैं, वह राष्ट्र निर्माण के काम से कम नहीं है। आज के स्टार्टअप और एंत्रप्रेन्योर्स जो काम कर रहे हैं, वह देश में बढ़ती बेरोजगारी का समाधान है और देश की आर्थिक वृद्धि को गति देने का समाधान है। हमारे एंत्रप्रेन्योर्स ही हैं जो देश को दुनिया में एक महाशक्ति बनने की ओर ले जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा जब वह स्कूल में थे तो पढ़ाया जाता था कि भारत एक विकासशील देश है। उन्हें पिछली पीढ़ी को और अब की पीढ़ी को भी यही पढ़ाया गया कि भारत एक विकासशील देश है। सरकार सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों में एंत्रप्रेन्योरशिप माइंडसेट डेवलप करने और भारत को दुनिया में नंबर 1 बनाने के इस लक्ष्य की दिशा में चौबीसों घंटे काम कर रही है। सरकारी स्कूलों में कक्षा 9-12 के छात्रों के लिए स्कूल में एंत्रप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम (ईएमसी) की शुरुआत की है, जहां छात्रों को एंत्रप्रेन्योरशिप स्किल सिखाया जाता है और उन्हें बिजनेस ब्लास्टर्स जो इस करिकुलम का प्रैक्टिकल पार्ट है उसके द्वारा अपना स्टार्टअप स्थापित करने का अवसर दिया जाता है।

शुद्धिपत्र

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग,दिल्ली-110005

ऋण खाता संख्या एलबीएनओडी00002267651, कर्जदार का नाम अभिलाषा शर्मा सम्पत्ति पता फ्लैट नंबर एफ/यूएच-806, 8वां तल, ब्लॉक-एफ, अर्बन होम्स, फेज-1 ए, शाहपुर बम्हेटा, एनएच-24, गाजियाबाद के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत सूचनाएं, मांग सूचना प्रकाशन दिनांकित 04-03-2022 प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त प्रकाशन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा फ्लैट नंबर एफ/यूएच-806, 8वां तल, ब्लॉक-एफ, अर्बन होम्स, फेज-1 ए, शाहपुर बम्हेटा, एनएच-24, गाजियाबाद के स्थान पर फ्लैट नंबर एफ/यूएच-806, 8वां तल, ब्लॉक-एफ, अर्बन होम्स, शाहपुर बम्हेटा, एनएच-24, गाजियाबाद वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको फ्लैट नंबर एफ/यूएच-806, 8वां तल, ब्लॉक-एफ, अर्बन होम्स, फेज-1 ए, शाहपुर बम्हेटा, एनएच-24, गाजियाबाद के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।

दिनांकित : 20-08-2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता
उत्तराखण्ड जल संस्थान
हल्द्वानी ग्रामीण (लालकुआँ) स्थित गोरापड़ाव जिला नैनीताल पिन-263139
Email Id: eeujslku@gmail.com

पत्रांक : 890/ई-निविदा/29 — ई-निविदा निविदा सूचना — दिनांक : 20.08.2022

मुख्य महाप्रबन्धक महोदय, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के विभागों एवं संस्थानों में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से ई-निविदा (टू-बिड सिस्टम) आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना www.uktenders.gov.in पर दिनाँक 23.08.2022 समय 17:00 बजे से उपलब्ध होगी।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत

| क्र.सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1. | 50/JJM/2022-23 | सीतापुर बहुल ग्राम पेयजल योजनान्तर्गत पाईप लाईन एवं तत्सम्बन्धी कार्य, |
| 2. | 51/JJM/2022-23 | लाखन मण्डी बहुल ग्राम पेयजल योजनान्तर्गत पाईप लाईन एवं तत्सम्बन्धी कार्य, |
| 3. | 52/JJM/2022-23 | नयागांव कटान बहुल ग्राम पेयजल योजनान्तर्गत पाईप लाईन एवं तत्सम्बन्धी कार्य, |
| 4. | 53/JJM/2022-23 | सुन्दरपुर रैक्वाल जोन-। बहुल ग्राम पेयजल योजनान्तर्गत पाईप लाईन एवं तत्सम्बन्धी कार्य, |
| 5. | 54/JJM/2022-23 | सुन्दरपुर रैक्वाल जोन-॥ बहुल ग्राम पेयजल योजनान्तर्गत पाईप लाईन एवं तत्सम्बन्धी कार्य, |

(ई. नन्द किशोर) अधिशासी अभियन्ता

SALE NOTICE

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS RAMESH, CS SCJ No.1928/18 | Vehicle No. - HR38U9071, Make and Model - TATA MOTORS LTDACE HT REFRESH BS3 SCV, Manu Year –2015, |
| ICICI BANK LTD VS SATVENDER SINGH, CS No.2465/19 | Vehicle No. - DL1CW4542, Make and Model - TATA MOTORS LTD ZEST XE 75 PS, Manu Year – 2016, |
| ICICI BANK LTD VS SOBHA RAM, CS No. 3168/19 | Vehicle No. - UP16ET0758, Make and Model - HYUNDAI MOTORS LTD XCENT BASE CRDI, Manu Year – 2016, |
| ICICI BANK LTD VS JAGDISH KUMAR, CS (COMM) No. 1992/2021 | Vehicle No. - UP16ET9417, Make and Model - HYUNDAI MOTORS LTD XCENT, Manu Year –2018, Reserve price: Rs.1,80,000/-, EMD Amount: 18,000/-. EMD is to be made in favour of ICICI Bank Ltd payable at Delhi and bidder has to bring original DD/PO of EMD amount alongwith his KYC at site of auction. |

**Auction Date:** September 06, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:-** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS SONAM TOMAR, CS (COMM) No. 1829/2021 | Vehicle No. -UP14HT8563, Make and Model - ASHOK LEYLAND LTD, PARTNER, Manu Year - 2019 |

**Auction Date:** September 06, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:-** Mahakal Parking yard,Khasra No 527 Village Banthla Near Indane Gas Plant Loni Ghaziabad-UP, 201102
**Contact Person-** Avinash Kumar (8953652366)/ Jitendra Kumar (7304914763)

Terms of Sale

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction..
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited.
The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No-7, Rohini Sector-8 New Delhi - 110085 for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

# डॉ. संदीप कटारिया से मिलने पहुंचीं अंजू सिंह सिकरवार



**गुरुग्राम।** कल 19 अगस्त 2022 को सिकरवार फाउडेशन की अध्यक्ष अंजू सिकरवार डॉ. संदीप कटारिया से मिलने क्राइम रिफ ॉर्मर एसोसिएशन के कार्यालय पहुंचीं। उनके साथ किरन सिंह भी थीं। अंजू सिकरवार राजस्थान में अलवर की रहने वाली हैं। जिन्होंने सिकरवार वेलफेयर फाउंडेशन खोलकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का एक छोटा सा प्रयास किया है।

इसके लिए वह महिलाओं को अत्मनिर्भर बनाने वह उनको निडर और समाज में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। आज वह डॉ. संदीप कटारिया जी वार्ता करने के लिए क्राइम रिफॉर्मर एसोसिएशन के कार्यालय पहुंचीं। डॉ. संदीप कटारिया के साथ बैठकर उन्होंने कई विषयों पर चर्चा की। अंजू ने राजस्थान में हो रहे अपराधों के बताया और क्राइम रिफ ॉर्मर एसोसिएशन जुडने की अपनी इच्छा जताई। राजस्थान में हो रहे भ्रष्टाचारों के खिलाफ पनप रही अपराध वृत्तियों के बारे में बताया। वहां क्राइम रिफॉर्मर एसोसिएशन जैसी एक संस्था होनी चाहिए ऐसा भी कहा, अंजूजी के क्राइम रिफ ॉर्मर एसोसिएशन से जुडने पर डॉ. संदीप कटारिया ने आश्वासन दिलाया।

# ..अब तिरंगे झंडे को ससम्मान उतारने व रखरखाव को लेकर बरतें सावधानी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### हर घर तिरंगा अभियान के बाद तिरंगे के सम्मान में ना हो लापरवाही

### तिरंगा फहराने के साथ झंडा उतारने, रखने के भी हैं नियम

**जिस** जोश और सम्मान के साथ हम सबने अपना राष्ट्रीय ध्वज हर घर तिरंगा अभियान के तहत फहराया, अब उसे उतारने और सुरक्षित रखने की भी हमारी जिम्मेदारी है। फहराने की तरह उसे उतारने के लिए भी नियम हैं, जिनको मानना हमारा कर्तव्य है। सरलह आजादी के जश्न के बाद अब जिम्मेदारी है कि लोग राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करें और तिरंगे को फिर से ससम्मान रखा जाए। अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीझाा बताते हैं कि तिरंगे को समेटने के दौरान सबसे पहले तिरंगे को दो व्यक्ति पकड़ेंगे। उसके बाद सबसे पहले हरे रंग वाली पट्टी को मोड़ा जाएगा। फिर केसरिया रंग की पट्टी को हरे रंग की पट्टी पर समेटने के बाद दोनों व्यक्ति अपनी-अपनी ओर तिरंगे को फोल्ड करेंगे। ऐसा करने पर अशोक चक्र ऊपर की ओर आ जाता है।

इस तरह से तिरंगे को समेटना चाहिए। इसके अलावा कई संगठन झंडा वापस लेने की मुहिम चला रहे हैं तो अगर आप ऐसा करना चाहें तो उन्हें भी दे सकते हैं।

### यदि तिरंगा फट जाता है तो क्या करें

**यदि** तिरंगा फट जाता है तो उसका निस्तारण करना बहुत ही महत्वपूर्ण है। तिरंगा फट जाता है तो उसको एक लकड़ी के बॉक्स में पैक किया जाता है। इसके बाद तिरंगे को दफनाया जा सकता है या फिर अग्नि के हवाले किया जा सकता है। दोनों ही स्थिति बिल्कुल शांत जगह पर करनी चाहिए।

साथ ही दफनाने या अग्नि क्रिया करने के बाद मौन रखा जाना अति आवश्यक होता है। इसे कचरादान या फिर अन्य जगहों पर ना फेकें। अगर आपको लगता है कि आपका झंडा सही है और इसे दोबारा फहराया जा सकता है तो इसे अपने पास समेट कर रख लें।

### तिरंगे से जुड़े कानूनी प्रावधान

**कानून** के अनुसार तिरंगे झंडे को उतारने के बाद समेट कर सुरक्षित स्थान पर रख दें। ये आपकी जिम्मेदारी है कि आपके घर में या आस-पास झंडे का अपमान ना हो। अगर कोई झंडे का अपमान करते हुए उसका दुरुपयोग करते हुए पाया जाता है तो तीन साल तक की जेल हो सकती है। तिरंगे को लेकर कड़े कानूनी प्रावधान हैं। राष्ट्रगान और राष्ट्रीय ध्वज का यदि सम्मान नहीं किया जाता है तो यह दंडनीय अपराध है। भारतीय कानून में ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कड़े कदम उठाए जा सकते हैं। इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि राष्ट्र ध्वज का पूरा सम्मान करें।

# फिर पकड़ा गया दुबई, पाकिस्तान के जरिए भारत में ठगने वाला गिरोह

### लॉरेंस बिश्नोई के नाम से भी धमकी देकर करते थे वसूली

### पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़कर सलाखों के पीछे भेजा

### आरोपियों के कब्जे से 99 एटीएम कार्ड, 62 सिम कार्ड और एक बैंक पास बुक बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** पुलिस को एक बार फिर से ऐसे गिरोह को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है, जिसके पाकिस्तान और दुबई में बैठे बड़े बदमाशों से कनेक्शन हैं। उनके इशारों पर वे लोगों को धमकी देकर पैसा वसूलते थे। पुलिस ने इन आरोपियों के कब्जे से 99 एटीएम कार्ड, 62 सिम कार्ड और एक बैंक पास बुक बरामद की है। पुलिस अतिरिक्त उपायुक्त (अपराध) प्रीतपाल ने शनिवार को बताया कि चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।



गुरुग्राम पुलिस द्वारा गिरफ्तार धमकी देकर ठगी करने वाले गिरोह के सदस्य।

जानकारी के अनुसार बीते माह तीन जुलाई को सदर थाना सोहना में एक प्रॉपर्टी डीलर के व्हाट्सअप पर धमकी भरी कॉल आई थी। जिसमें उनसे पांच लाख रुपये बैंक खाते में डालने की बात कही गई। ऐसा ना करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई।

डीलर ने कॉल करने वाले से कहा कि वह एक किसान परिवार से संबंध रखता है। उसके पास इतने पैसे नहीं है। जिस पर उन्हें फिर धमकी दी गई कि उसके पूरे परिवार को खत्म कर दिया जाएगा। धमकी देने वालों को खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर बताते हुए कहा कि वही लॉरेंस बिश्नोई, जिसने सिद्धू मूसेवाला को मरवाया है। पीड़ित प्रॉपर्टी डीलर की शिकायत पर सदर थाना सोहना में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया और मामले की जांच शुरू की गई। क्राइम ब्रांच सोहना के इंचार्ज इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश के नेतृत्व में धमकी देने वालों की कुंडली खंगालनी शुरू की गई। साथ ही उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए।

सूत्रों और तकनीकी मदद से पुलिस चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफल हुई है। जिनके नाम रितिक (19), गुलशन (20), बंटी कुमार (24) और संदीप उर्फ सैंडी (20) शामिल हैं। आरोपियों के पास से 99 एटीएम, 62 मोबाइल सिम कार्ड, 23 मोबाइल और एक पासबुक बरामद हुई हैं।

### दुबई व पाकिस्तान से जुड़े हैं इनके तार

**अतिरिक्त** पुलिस आयुक्त अपराध प्रीतपाल का कहना है कि पकड़े गए आरोपियों के तार दुबई और पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं। दुबई और पाकिस्तान के लोगों से इनकी बातचीत के सबूत मिले हैं। उन्हीं के इशारों पर ये इस तरह के अपराध की घटनाओं को अंजाम देते थे। ये लोगों को फोन करके धमकी देते थे और उन्हें फर्जी बैंक खातों में रकम जमा कराने को कहते थे।

उन खातों को वे खुद ही ऑपरेट करते थे। जैसे ही कहीं से पैसा जमा होता तो वे अपना कमीशन रखकर उस पैसे को दुबई में बैठे अपने आकाओं को भेज देते थे। दुबई से पैसा पाकिस्तान जाता था। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध प्रीतपाल ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे ऐसे फर्जी कॉल के झांसे में ना आएं। इनसे डरें भी नहीं और घबराएं ना। पुलिस ऐसे गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए सक्रियता से काम कर रही है। ऐसी किसी भी प्रकार की कॉल आने पर पुलिस को सूचित करें। अपराधियों ने ठगी का यह नया तरीका निकाला है। सभी को सावधान रहने की जरूरत है।

# कमजोर प्रदर्शन वाले खेल संघ खेलों पर विशेष ध्यान दें : संदीप सिंह



गुरुग्राम में खेल संघों के पदाधिकारियों की बैठक लेते खेल मंत्री सरदार संदीप सिंह।

**गुरुग्राम।** सितंबर-2022 के अंत में गुजरात में होने वाले राष्ट्रीय खेलों के 36वें संस्करण में हरियाणा के खिलाड़ी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रदेश के खाते में ज्यादा से ज्यादा मेडल लेकर आएं। इसी उद्देश्य के साथ खेल मंत्री व हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार संदीप सिंह ने गुरुग्राम के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में प्रदेश के सभी खेल संघों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन की वेबसाइट भी लांच की गई।

खेल मंत्री संदीप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, खेल विभाग के निदेशक पंकज नैन सहित प्रदेशभर से आए विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। खेल मंत्री ने कहा कि जिन खेलों में हमारे खिलाड़ियों का प्रदर्शन कमजोर है, हमें ऐसे खेलों पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि मलखम्ब, जिम्नास्टिक, योगासन, वेट लिफ्टिंग सहित एथलेटिक में हमारे खिलाड़ियों का प्रदर्शन उम्मीद से बेहतर नहीं है। ऐसे में इनसे जुड़ी खेल फेडरेशन को खिलाड़ियों पर विशेष ध्यान देना होगा, ताकि राष्ट्रीय खेलों में इन खेलों से जुड़ी प्रतिस्पर्धा में हम मजबूती के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर ज्यादा से ज्यादा मेडल लेकर आएं। खेल मंत्री ने कहा कि हमारे ही देश में 27 सितंबर से 10 अक्टूबर तक होने वाले राष्ट्रीय खेलों में हमारा प्रदेश शीर्ष स्थान पर रहे, इसी उद्देश्य के साथ सभी फेडरेशन के सहयोग से सामूहिक प्रयास करने होंगे।

**25 अगस्त से लगेंगे एक माह के विशेष कैम्प** : खेल मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि सभी खेल संघ पूरी निष्पक्षता के साथ अपने बेहतर खिलाड़ियों का चयन करें। राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा के खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा मेडल जीत कर लाएं, इसी उद्देश्य के साथ हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के मार्गदर्शन में ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए 25 अगस्त से एक माह के विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे।

# जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी के चार विद्यार्थी सड़क हादसे में घायल

**सोहना।** जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी के छात्रों की बीच हुए झगड़े के बाद कार में भाग रहे चार छात्र सड़क पर कार पलटने से घायल हो गए। तेज रफ्तार कार को पीछे से आ रहे विरोधी गुट के छात्रों ने अपनी कार से मारी टक्कर मारने का आरोप है। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में दाखिल कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात करीब साढे 10 बजे जीडी गोयनका विवि के करीब 10-12 विद्यार्थी धुनेला के पास बनी ग्लोबल टावर के मैनगेट पर एक साथ आइसक्रीम खा रहे थे। इसी दौरान छात्रों के बीच आठ माह पहले हुए झगड़े को लेकर तू तड़ाक हो गई। सूत्रों ने बताया कि तू तड़ाक के दौरान थप्पड़-मुक्के चलने लगे। थप्पड़-मुक्के मारने वाले एक गुट के चार छात्र अपने साथ ली हुई कार में सवार होकर सोहना की तरफ भाग लिए। गुस्सा में विरोधी गुट के छात्रों ने कार व दो बाइकों पर सवार होते हुए पीछे-पीछे दौड़ लगा दी। दोनों कार और बाइकों की स्पीड 100 के लगभग बताई गई है। पीछे वाली कार ने सामने वाली कार को शहर के चुंगी नंबर एक पर साइड से टक्कर मार दी। जिससे अगली कार का संतुलन बिगड़ गया। कार सड़क किनारे स्ट्रीट लाइन के पोल से टकराई। इसके बाद दो बाइकों को कुचलते हुए 5 से 6 बार पलटी मारी। जोरदार धमाके की आवाज सुनकर लोग आस-पास से दौड़कर आए। सड़क पर पलटी कार में फंसे चार नौजवानों को बाहर निकाला।

# अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने जिला में पार्टी को किया मजबूत: सुंदर लाल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी गुरुग्राम जिला अध्यक्ष के रूप में दो साल का कार्यकाल पूरा करने पर भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल ने साथियों के साथ बधाई दी और उन्हें मिठाई खिलाई।

यहां भाजपा प्रदेश कार्यालय गुरूकमल में सुंदर लाल यादव ने जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उन के साथ लक्ष्मण यादव सरपंच नखड़ोला, लखन सिंह सरपंच शिकोहपुर, विजय पाल सरपंच नाहरपुर, हरजस यादव सरपंच रामपुरा, अजय सरपंच कुकडोला भी मौजूद रहे। अपने स्वागत से गदगद



भाजपा अध्यक्ष गार्गी को दो साल पूरा होने पर स्वागत करते सरपंच सुंदर लाल।

जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने सरपंच सुंदर लाल समेत सभी सरपंचों का आभार जताया। साथ ही विश्वास दिलाया कि वे पहले की तरह आगे भी सभी को साथ लेकर चलेंगी। सरपंच सुंदर लाल यादव ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में गुरुग्राम भाजपा को मजबूती मिली है। वे लगातार पार्टी की मजबूती के लिए काम करती हैं। गुरुग्राम जिला महत्वपूर्ण है, इसलिए यहां पर पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम भी होते हैं। जिला अध्यक्ष ने अपने पद की गरिमा को बढ़ाया।

# लाइसेंसी हथियार जिम से चोरी, धारक समेत दो पर केस दर्ज

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने लाइसेंसी हथियार चोरी होने की शिकायत दर्ज कराने वाले के खिलाफ ही मामला दर्ज किया है। हथियार की शिकायत करने वाले पर पुलिस ने बिना कारण हथियार को सार्वजनिक स्थान पर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस हथियार चोरी करने वाले की तलाश में जुट गई है।

गांव धुनेला निवासी इकबाल गुरुवार को भोंडसी थाना में अपने लाइसेंसी हथियार की शिकायत दर्ज करने के लिए गया था। जिसमें इकबाल ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे वह गांव के बाहर सोसायटी में लगी जिम सेंटर पर गया था। वह अपने साथ लाइसेंस शुदा हथियार को भी साथ लेकर गया था। जिसे जिम में बना डेस बोर्ड में रख दिया था।

# धर्म के साथ सही कर्म करने का ज्ञान भी देते हैं हमारे पर्व : बोधराज सीकरी

### शहर के कई मंदिरों में बतौर अतिथि की शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिस** तरह गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के माध्यम से संसार को धर्म-कर्म के संदेश दिए, वे सदैव प्रासंगिक रहेंगे। ऐसे ही हमारे पर्व भी हमें धर्म के मार्ग पर चलाने के साथ सही कर्म करने का ज्ञान भी देते हैं। इसलिए हमारे देश में सभी पर्वों को विशेष महत्व दिया जाता है। यह बात पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने श्रीकृष्णाष्टमी पर्व पर शहर के मंदिरों में बतौर मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि के रूप में अपना संबोधन देते हुए कही।

श्रीसीकरी सबसे पहले सेक्टर-45 स्थित इस्कॉन मंदिर में विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे और बांके



गुरुग्राम में जन्माष्टमी पर्व पर मंदिर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बोधराज सीकरी का स्वागत करते आयोजक।

बिहारी के दर्शन किए। उन्होंने ठाकुरजी के बाल्य रूप का अभिषेक भी किया। यहां के भव्य आयोजन के लिए उन्होंने आयोजकों को बधाई दी।

उन्होंने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की सभी को बधाई देते हुए कहा कि हमें हर त्योहार, पर्व ऐसे ही धूमधाम से मनाया चाहिए। यह हमारी संस्कृति है। यहां से वे सेक्टर-23 स्थित श्री शक्ति मंदिर में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उनके साथ संस्था के वरिष्ठ उप-प्रधान ओम कथूरिया, मंत्री जीएन गोसाईं भी मौजूद रहे। मंदिर कमेटी की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-पाठ करवया गया। यहां अपने आध्यात्मिक ज्ञान से श्री सीकरी ने सबका मन मोह लिया। मंदिर के उपप्रधान एवं मुख्यमंत्री हरियाणा के पूर्व ओएसडी जवाहर यादव भी मौजूद रहे। इसके बाद बोधराज सीकरी श्याम मंदिर न्यू कॉलोनी में वे पहुंचे। इस मंदिर कमेटी के वे स्वयं प्रधान भी हैं। यहां उन्होंने आरती और भोग में हिस्सा लिया। वृंदावन से रास लीला मंडली ने यहां बेहतरीन कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# मिट्टी का अवैध खनन करने वालों ने की निरीक्षक के साथ हाथापाई

**सोहना।** भोंडसी थाना के गांव सहजावास में मिट्टी खुदाई के दौरान खनन करके के आरोपियों ने भू विज्ञान विभाग के कर्मचारियों के साथ पकड़े जाने पर हाथापाई की। खनन निरीक्षक की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद समेत चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गुरुग्राम से गई भू विज्ञान विभाग की टीम ने शुक्रवार को भोंडसी थाना के गांव सहजावास में दो ट्रैक्टर-ट्रालियों को अवैध खनन करके मिट्टी से भरे हुए पकड़े थे।

भू विज्ञान विभाग की टीम में शामिल निरीक्षक नरेन्द्र, केशव कुमार और धर्मपाल ने जब सहजावास में मिट्टी से भरे ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ा। उस समय एक ट्रैक्टर-ट्राली को विजय निवासी गांव अभयपुर थाना सदर सोहना तथा दूसरी को महाबीर निवासी सहजावास चला रहा था। उसी समय सहजावास निवासी हेमसिंह व एक अन्य आया गया। अज्ञात व्यक्ति ने पहले तो निरीक्षक धर्मपाल के साथ हाथापाई की। ट्रैक्टर ट्राली को छुड़ा कर ले गया।

# अमेजन डॉट इन ने 19 से 22 अगस्त के बीच की होम शॉपिंग स्प्री की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### मौजूदा सीजन से जुड़ी सभी जरूरी चीजों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ अपने पसंदीदा प्रोडक्ट की तलाश करें

**अमेजन** डॉट इन का 'होम शॉपिंग स्प्री' मौजूदा सीजन से जुड़ी सभी जरूरी चीजों को एक ही स्थान पर लेकर आया है। यहां ग्राहक 22 अगस्त 2022 तक होम एंड किचन अप्लायंसेस से लेकर वाटर प्यूरीफायर और गीजर, पेस्ट कंट्रोल प्रोडक्ट, कुकवेयर एंड डाइनिंग, फर्नीचर, होम इंप्रूवमेंट, स्पोर्ट और ऑटोमोबाइल इक्विपमेंट आदि सहित घरेलू जरूरत की वस्तुओं पर कई रोमांचक ऑफ़र और डील्स का लाभ उठा सकते हैं।

अमेज़न डॉट इन पर 'होम शॉपिंग स्प्री' के दौरान, ग्राहक फेडरल और IDBI कार्ड और EMI पर अतिरिक्त 10 फीसदी का इंस्टेंट डिस्काउंट प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, वे यहां से कूपन एकत्र कर सकते हैं और 1500 से अधिक की खरीद पर 250 रुपये तक 10 फीसदी का कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही, ग्राहकों को यूरेका फोर्ब्स, विप्रो, पिजन, लिवगार्ड, द स्लीप कंपनी, ड्यूरोफ्लेक्स, स्लीपी हेड, फिलिप्स, लिवप्योर, रॉयल एनफील्ड, सोलिमो, वेगा, स्टीलबर्ड जैसे कुछ बेहतरीन ब्रांडों के प्रोडक्ट पर बचत करने का मौका भी मिल रहा है। गणेश चतुर्थी पर गणेश मूर्तियों, पूजा से जुड़ी जरूरी वस्तुओं, कृत्रिम फूलों और मालाओं और अन्य सजावटी वस्तुओं के विस्तृत संग्रह के साथ पूरी धूमधाम से त्योहार मनाने के लिए तैयार हो जाइए।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सांसद सुधा यादव को सरपंचों ने दी बधाई



पूर्व सांसद डा. सुधा यादव का स्वागत करते सरपंच सुंदर लाल व अन्य सरपंच।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद डा. सुधा यादव को भाजपा द्वारा संसदीय बोर्ड व चुनाव समिति में सदस्य बनाने जाने पर सरपंच सुंदर लाल ने स्वागत किया। उनके साथ मानेसर नगर निगम क्षेत्र के कई गांवों के सरपंच भी मौजूद रहे। उनका स्वागत करने के दौरान सरपंच सुंदर लाल के साथ सरपंच लक्ष्मण नखड़ोला, लखन सिंह सरपंच शिकोहपुर, विजयपाल सरपंच नाहरपुर, हरजस यादव सरपंच रामपुरा, अजय सरपंच कुकड़ोला, जिला महामंत्री महेश यादव, जिला महामंत्री मनीष गाड़ोली, जिला उपाध्यक्ष ज्योति डेंबला, हरबीर अघना, अजित यादव, कार्यालय मंत्री यादराम जोया समेत अनेक पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। सरपंच सुंदर लाल ने केंद्रीय नेतृत्व का इस बात के लिए आभार जताया कि उन्होंने गुरुग्राम से अनुभवी और ईमानदारी नेत्री डा. सुधा यादव को यह बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि पार्टी के लिए सदा समर्पित रहने वालीं डा. सुधा यादव का कद पार्टी में बड़ा हो गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने गुरुग्राम के कार्यकर्ताओं का भी मान और सम्मान बढ़ाया है। इसके साथ ही महिलाओं के सम्मान को भी बढ़ा दिया है। उन्हें दोनों महत्वपूर्ण पदों पर लिया गया है। इससे पार्टी को हरियाणा में भी मजबूती मिलेगी।

### जन्माष्टमी की झांकी देखने आए व्यक्ति का युवकों ने दांत तोड़ा

**सोहना।** शहर की सैनी धर्मशाला में जन्माष्टमी की झांकियां देखने आया व्यक्ति के साथ दो युवकों ने झगड़ा करते हुए दांत तोड़ दिया। पीड़ित ने आरोपियों द्वारा पुलिस को शिकायत करने पर जान से मार देने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शहर के वार्ड-18 में रहने वाले लक्ष्मण ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को जन्माष्टमी के अवसर पर रात के समय में सैनी धर्मशाला में बनी झांकियां देखने के लिए अपनी पत्नी, दो बच्चे, भाभी और पड़ोसियों के साथ आया था। जिस समय वे झांकियां देख रहे थे। उसी समय 4-5 युवक उनके परिजनों के बीच में आकर खड़े हो गए। उन्हें जब उसने अलग खड़ा होने के लिए बोला तो दो युवकों ने उसके साथ थप्पड़-मुक्के मारना शुरू कर दिया। उसे जमीन पर गिराते हुए लाते भी मारी। इस दौरान युवकों के मुंह पर मारे गए मुक्कों से उसका एक दांत भी टूट गया। आरोपियों की पहचान दीपक व सोनू निवासी हरीनगर बालूदा मार्ग वार्ड-6 के रूप में हो गई है। सभी युवक भीड़ का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। लेकिन पुलिस अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है।

### गुरुग्राम का हीरो होंडा चौक अब कहलाएगा एकलव्य चौक




गुरुग्राम के हीरो होंडा चौक पर लगाया गया एकलव्य चौक का बोर्ड।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम-जयपुर नेशनल हाइवे-48 स्थित हीरो होंडा चौक अब एकलव्य चौक कहलाएगा। इस चौक पर लगाए गए बोर्ड का मेयर मधु आजाद और बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद ने किया। उन्होंने शनिवार को वार्ड-27 में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा वार्ड-27 के गांव खांडसा, सेक्टर-37 व नाहरपुर रूपा में तीन शमशान घाटों के निर्माण पर 99.71 लाख रुपये, गांव खांडसा सामुदायिक केन्द्र के निर्माण पर 1.97 करोड़ रुपये, हंस इनकलेव में गलियों के निर्माण पर 80 लाख रुपये तथा गांव खांडसा स्थित राजपूत चौपाल व शिव धर्मशाला में प्रथम तल के निर्माण पर 82.39 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इन सभी कार्यों का शनिवार को शिलान्यास किया गया है। इस मौके पर विधायक राकेश दौलताबाद व मेयर मधु आजाद ने वार्ड-27 के नागरिकों को बधाई दी तथा कहा कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने की दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में जनता की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक केन्द्रों एवं चौपालों का निर्माण करवाया जा रहा है। इसके साथ ही गलियों को पक्का करने की दिशा में भी तेजी से कार्य हो रहा है। इस मौके पर सीनियर डिप्टी मेयर प्रोमिला कबलाना, डिप्टी मेयर सुनीता यादव, निगम पार्षद संजय प्रधान, सुनील गुर्जर व उदयबीर अंजना, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता तुषार यादव, सहायक अभियंता संजोग शर्मा, कनिष्ठ अभियंता सचिन शर्मा सहित वार्ड के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सड़क किनारे सो रहे व्यक्ति को डंपर ने कुचला, मौत

**सोहना।** निर्माणाधीन दिल्ली-वडोदरा हाइवे मार्ग पर सड़क किनारे सौ रहा व्यक्ति की डंपर के कुचलने मौत हो गई। पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शी की शिकायत पर आरोपी डंपर चालक के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मौके पर खड़े हाइवा डंपर को अपने कब्जे में ले लिया है। शुक्रवार की सुबह 10 बजे दिल्ली-वडोदारा हाइवें मार्ग के किनारे पर गांव धुनेला के पास एक व्यक्ति सड़क किनारे सो रहा था। जिससे तेज गति से आये हाइवा डंपर ने सोते हुए व्यक्ति के दोनों पैरों पर अगला टायर चढ़ाते हुए कुचल दिया। उसी समय उत्तर प्रदेश जिला बलिया का मूल निवासी भूपेन्द्र अपनी मौके पर आ गया। जिसने अपनी नंगी आंखों से यह हादसा देखा। भूपेन्द्र एक कंपनी में अधिकारी के पद कार्यरत है। भूपेन्द्र ने भोंडसी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात चालक घटना स्थल पर अपने डंपर को छोड़कर भाग गया। पीड़ित व्यक्ति को पहले वह सोहना के नागरिक अस्पताल में लेकर गया। लेकिन डॉक्टरों ने गुरुग्राम रेफर कर देने के बाद वहां ले जाकर दाखिल कराया। लेकिन यहां डॉक्टरों ने घायल व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। जिसकी पहचान दिवेश निवासी मैनपुरी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने भूपेन्द्र की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### राज्य में जीतकर अब नॉर्थ इंडिया में दम दिखाएंगे खिलाड़ी



**गुरुग्राम।** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में आयोजित हरियाणा स्टेट कराटे चैंपियनशिप में 13 जिलों से 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया। गुरुग्राम से इसमें 31 खिलाड़ी शामिल हैं। चैंपियनशिप में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 25 खिलाड़ी आगामी 27 व 28 अगस्त को होने वाली नॉर्थ इंडिया कराटे चैंपियनशिप के लिए चयनित हुए हैं। मदवि में हुए स्टेट कराटे चैंपियनशिप में हरियाणा के झज्जर, सोनीपत, गोहाना, फरीदाबाद और फतेहाबाद जींद और गुड़गांव के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्पोर्ट्स कराटे डू एसोसिएशन के महासचिव और स्पोर्ट्स कमीशन सेक्रेटरी ऑफ इंडिया शिहान सुनील सैनी ने बताया कि इस चैंपियनशिप में गुरुग्राम की काजल शर्मा ने रजत पदक, विवान कटारिया ने स्वर्ण पदक, दिव्या गोदरा ने स्वर्ण पदक, निधि कटारिया ने कांस्य पदक, आर्व सिंह ने स्वर्ण पदक, अश्विक सिंगला ने स्वर्ण पदक, अविका सेठी स्वर्ण पदक, नीतू कपूर सेठी ने स्वर्ण पदक, आनंदिता शशिधर ने स्वर्ण पदक, यशस्वी देबो ने स्वर्ण पदक, पार्थ मनचंदा ने स्वर्ण पदक, अनुराग शशिधरो ने सिल्वर पदक इस चैंपियनशिप में जीता। स्वर्ण और सिल्वर मेडल जीतने यानी पहले व दूसरे स्थान पर आने वाले खिलाड़ी 27 व 28 अगस्त को होने वाली नॉर्थ इंडिया कराटे प्रतियोगिता के लिए चयनित किए गए हैं।

# धड़ल्ले से हो रहा सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल

**कविता।** फरीदाबाद

**सिंगल** यूज प्लास्टिक (एसयूपी) पर प्रतिबंध जिले में पूर्ण तौर पर लागू होता नजर नहीं आ रहा है। आलम यह है कि पाबंदी लागू होने के बाद भी जहां बाजारों में इसका धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है, वहीं सर्वाधिक उपयोग दुकानदार से लेकर रेहड़ी वाले भी कर रहे हैं। न तो उनमें प्रशासन का खौफ है और न ही जुर्माने का। जबकि निगम के अधिकारियों का कहना है कि वह इसे लेकर मंडी कमेटी के संग बैठक कर चुके हैं, लेकिन यदि ऐसा है तो वह चालान भी काट रहे हैं।

### सब्जी मंडियों में खुले आम उपयोग किए जा रहे पॉलीथिन बैग

उन्होंने कहा कि मंडी कमेटी के सदस्यों का सहयोग उन्हें नहीं मिल रहा है। जिसके कारण आज भी प्लास्टिक का इस्तेमाल हो रहा है। सुबह सब्जी मंडी में निरीक्षण किया गया। वहां देखने को मिला कि सब्जी विक्रेता पाबंदीशुदा सिंगल यूज प्लास्टिक के कैरी बैग में सब्जियों लेकर आए थे। दुकानदारों का कहना था कि सरकार ने समस्या का हल न करने समेत कोई ठोस




मंडी में रिक्शे पर प्लास्टिक में भरी सब्जी और मंडी में फैली पड़ी प्लास्टिक। डबुआ मंडी में बैठक करते निगम व पुलिस के अधिकारी

विकल्प नहीं दिया है। जिससे उसके साथ किसानों की समस्या पेश आएगी। इस विषय में निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर राजेन्द्र दहिया ने कहा कि विभाग सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने को पूर्ण तौर पर तत्पर है। जिसके लिए बैठक की थी, लेकिन लोग सहयोग नहीं कर रहे हैं, न ही मार्केट कमेटी का सहयोग मिल रहा है।

**यह आया नजर :** जिले की सब्जी मंडियों में सब्जी बेचने वाले विक्रेताओं द्वारा पाबंदीशुदा प्लास्टिक के बैगों में लाई गई सब्जी को दुकान पर सजाने का काम किया जा रहा था। यही नहीं बाजार में आए ग्राहक भी उन्हें पॉलीथिन बैग में भरी हुई सब्जियां लेकर अपने घरों को जाते नजर आए।

**मजबूरी में इस्तेमाल :** सब्जी विक्रेता राजू ने बताया कि बाजार में लोगों यह तो पता है कि सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित है, लेकिन विकल्पों के अभाव में मजबूरी में इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं दुकानदार भी विकल्प लेने पर अधिक खर्च आने से बच रहे हैं, क्योंकि दूसरे दुकानदार ग्राहकों को पॉलीथिन दे रहे हैं। ऐसे में वह 15-20 रुपये अतिरिक्त थैले के रूप में खर्च नहीं कर रहे हैं।

# प्रधानमंत्री आगमन को लेकर चप्पे-चप्पे पर रहेगी सुरक्षा एजेंसियों की नजर

### अमृता अस्पताल में एसपीजी ने प्रशासन और पुलिस के साथ बेहतर तालमेल करने के लिए की बैठक आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



प्रधान मंत्री के आगमन को लेकर अमृता अस्पताल का निरीक्षण करते अधिकारी।

**ग्रेटर** फरीदाबाद में बन रहे देश के सबसे बड़े अमृता अस्पताल का उद्घाटन आगामी 24 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जा रहा है। पीएम के दौरे को लेकर पुलिस, प्रशासन और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने जोर शोर से तैयारियां शुरू कर दी।

जिसके तहत अमृता अस्पताल में आज एसपीजी, प्रशासन व पुलिस की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसपीजी के एडीजीपी राजीव भगत ने की। बैठक को संबोधित करते हुए राजीव भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन के लिए अमृता अस्पताल व इसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था के तमाम पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सहित अन्य तमाम मंत्री गण की अलग-अलग एजेंसी को जिम्मेदारी सुरक्षा व्यवस्था की दी गई है। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम के लिए, हेलीपैड, रैली स्थल और मीडिया सेंटर, लाइव टेलीकास्ट, संबोधन मीडिया के बैठने के लिए स्थान सहित तमाम पहलुओं पर बारीकी से जानकारी दी गई। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वे आपस में बेहतर तालमेल करके सफल आयोजन के लिए अपनी जिम्मेदारी को बेहतर तरीके से पूरा करें। बैठक में पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, उपायुक्त यशपाल सहित पुलिस व प्रशासन के सभी अधिकारी और एसपीजी, एयर फोर्स तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त :** जिलाधीश ने हेलीपैड के ओवर ओवरऑल इंचार्ज केप्टर मजिस्ट्रेट पंकज सेतिया एवं सपोर्टिंग ऑफिसर और ड्यूटी मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार नायब तहसीलदार बड़खल रहेंगे। ऑफिसर्स और एम्प्लॉइस के पास ड्यूटीमजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी अंकिता अधिकारी एडिशनल सीईओ जिला परिषद एवं बीडीपीओ फरीदाबाद को दी गई है इनके साथ सपोर्टिंग ऑफिसर भूमिका लांबा तहसीलदार बल्लभगढ़ रहेंगी। ग्राउंड और स्टेज की सफाई और वीवीआईपी टॉयलेट के अरेंजमेंट की जिम्मेदारी ज्वाइंट सेक्रेटरी इंद्रजीत कुलारिया, एमसीएफ को दी गई है। इनके साथ सपोर्टिंग ऑफिसर सुधीर एक्सईएन पब्लिक हेल्थ और जसराम सेनेटरी इंस्पेक्टर एमसी फरीदाबाद रहेंगे। पीएमओ कंट्रोल रूम और पीएम ब्लाउज और रिफ्रेशमेंट का इंचार्ज कम ड्यूटी मजिस्ट्रेट सत्येंद्र दुहन को बनाया गया है। उनके साथ सपोर्टिंग ऑफिसर विपिन गोयल रहेंगे।

मेन स्टेज और वीवीआईपी गेट और स्टेज की मैनेजमेंट और पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के अरेंजमेंट अतिरिक्त उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा को दी गई है। पब्लिक चेकिंग गेट नंबर-2 की जिम्मेदारी प्रशांत अटकन ज्वाइंट कमिश्नर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन को दी गई है। उनके साथ सपोर्टिंग ऑफिसर और ड्यूटी मैजिस्ट्रेट उमेश कुमार नायब तहसीलदार दयालपुर रहेंगे। वीआईपी रोड इंचार्ज जितेंद्र अहलावत सेक्रेटरी आरटीओ फरीदाबाद को बनाया गया है। उनके साथ सपोर्टिंग ऑफिसर कम ड्यूटी मैजिस्ट्रेट लेखराज जीएम हरियाणा रोडवेज रहेंगे।

# आप शिक्षा और स्वास्थ्य के मुद्दे पर लड़ेगी चुनाव : भड़ाना



फरीदाबाद गुडगांव बड़खल रोड स्थित आम आदमी पार्टी के कार्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेते पार्टी के कार्यकर्ता।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नगर** निगम चुनावों को लेकर आम आदमी पार्टी के जिला कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को फरीदाबाद में आयोजित की जाएगी। जिसमें आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता, अनुराग ढांडा एवं संगठन मंत्री प्रवीण प्रभाकर आ रहे हैं। बैठक को निगम चुनावों की समीक्षा बैठक या तैयारी के रूप में भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वार्ड में तैयारी करने वाले प्रत्याशियों की भी ऑब्जर्वेशन इस बैठक में की जाएगी। इसको लेकर दिल्ली से कुछ महिला पदाधिकारी आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के गुड़गांव बड़खल रोड स्थित कार्यालय पर पहुंची और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता की अध्यक्षता में होने वाली बैठक की तैयारियों एवं आगामी चुनावों के बारे में रणनीति पर चर्चा की गई। धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि आम आदमी पार्टी का मुख्य एजेण्डा नगर निगम चुनाव में भ्रष्टाचार होगा। आज प्रदेश की जनता पूरी तरह से भ्रष्टाचार से आहत है और भाजपा सरकार के नेता एवं अधिकारी आम जनता के पैसे को दोनों हाथों से लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह है, पार्टी लगातार बढ़ रही है और आने वाले निगम चुनावों में आम आदमी पार्टी बेहतरीन प्रदर्शन करेगी। उन्होंने फरीदाबाद में होने वाले नगर नगम चुनावों तक इस उत्साह को बनाए रखने का आह्वान किया और कहा कि हरियाणा के अंदर आम आदमी की लोकप्रियता दिन और रात बढ़ती जा रही है।

# श्रेष्ठ एवं संस्कारवान बनाना है आर्य समाज का लक्ष्य : डॉ. खुराना



**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महा विद्यालय की आर्य समाज इकाई एवं आर्य प्रतिनिधि उप सभा हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में 11 से 19 अगस्त 2022 तक बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाए जा रहे 'वेद प्रचार सप्ताह' तथा आजादी के अमृत महोत्सव के आज अंतिम दिन दैनिक यज्ञ का आयोजन किया गया।

यज्ञ के उपरांत भारत की स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद हुए वीरों के नाम पर वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर आर्य प्रतिनिधि उप सभा हरियाणा के प्रधान डॉ के एल खुराना जी मुख्यातिथि के रूप में रहे। उन्होंने वेद प्रचार सप्ताह एवं आजादी के अमृत महोत्सव के आयोजन के लिए महाविद्यालय आर्य समाज इकाई एवं सभी प्राध्यापकों को बधाई दी। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आर्य समाज का मुख्य लक्ष्य व्यक्ति को श्रेष्ठ एवं संस्कारवान बनाना है। आर्य समाज की स्थापना से लेकर आज तक यदि देखें तो आर्य समाज ने अनेक वीरों को जन्म दिया।

# अगस्ता ने भारतीयों को समर्पित स्मार्टवॉच लॉन्च की

### भारतीयों को समर्पित स्मार्टवॉच भारत वॉच की घोषणा 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में की गई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आत्मनिर्भर** भारत की राह पर आगे बढ़ने और 75वें वर्ष के रूप में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के साथ ही, अब हम भारत वॉच के रूप में प्रधानमंत्री के स्टार्ट-अप इंडिया और मेड इन इंडिया के जैसे पथप्रदर्शक अभियानों की सफलता देखने के लिए तत्पर हैं। भारत वॉच एक किफायती और इनोवेटिव पाथब्रेकिंग स्मार्टवॉच है, जो लोगों द्वारा स्वास्थ्य के मुद्दों पर बढ़ते ध्यान के लिए एक स्वदेशी समाधान प्रदान करने का एक प्रयास है। यह दुनिया के सबसे छोटे ईसीजी संकेतलाइफ के निर्माता अगस्ता द्वारा भारत में डिजाइन और निर्मित, सीरियल आंत्रप्रेन्योर से सेलिब्रिटी फंड वीसी बने अभिनव टंडन और गुडिफाई के साथ साझेदारी में है।

अगस्ता के सीईओ और को-फाउंडर, राहुल रस्तोगी ने कहा, हमारे पास प्रोफेशनल ग्रेड, पेटेंट हेल्थटेक डिवाइसेस बनाने का विशेष अनुभव है। लगभग 20 लाख ईसीजी, पहले से ही हमारे प्लेटफॉर्म पर विश्व स्तर पर किए जा रहे हैं। हम स्टार्ट-अप इंडिया और मेड इन इंडिया आंदोलन में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए काम करना जारी रखेंगे। हम भारतीय उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और किफायती डिजिटल वॉचेस पेश करने के लिए तत्पर हैं, जिन्हें भारत में बनाया गया है।

आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र, टंडन ने कहा, हमने हमेशा ही सर्वश्रेष्ठ भारतीय उद्यमशीलता की भावना को बाहर लाने पर ध्यान केंद्रित किया है। महामारी के बाद के युग में, हमने महसूस किया कि स्वास्थ्य और कल्याण की तरफ लोगों का रुख तेजी से बढ़ा है। इस प्रकार हमने माना कि प्रत्येक भारतीय को डिजिटल इंडिया से सशक्त करने का समय आ गया है। इसके लिए, एक किफायती और स्थानीय भाषा पर केंद्रित स्मार्ट डिवाइस की आवश्यकता है, और इसे बनाने के लिए उत्तर प्रदेश स्थित अगस्ता से बेहतर विकल्प और कोई नहीं है, क्योंकि उन्होंने पहले से ही दुनिया की सबसे अधिक संख्या में डिजिटल ईसीजी को सक्षम किया है।

# बच्चे के साथ कुकर्म करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस थाना छांयसा प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र की टीम ने पोक्सो एक्ट के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम हरकेश है। जो छांयसा का रहने वाला है। आरोपी की आयु 52 वर्ष है और वह हलवाई का काम करता है। आरोपी के खिलाफ छांयसा थाने में पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें पीड़ित लड़के के पिता ने बताया कि कल शाम उनका 11 वर्षीय लड़का दुकान से कुछ सामान लेने गया था जो उसके पड़ोस में रहने वाला आरोपी हरकेश उसे रास्ते में बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया। जहां उसने लड़के के साथ कुकर्म किया। शिकायत के आधार पर थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू की गई।

# आने वाली सदी वैकल्पिक ईंधन के नाम होगी : राजेश नागर

### तिगांव में पीएनजी लाइन डालने के काम की शुरुआत करते हुए बोले विधायक राजेश नागर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



तिगांव में पीएनजी लाइन डालने के कार्य की स्थानीय नागरिक से शुरूआत करवाते विधायक राजेश नागर।

**भाजपा** विधायक राजेश नागर ने तिगांव में वृंदावन गार्डन के पास पीएनजी लाइन डालने के काम की शुरुआत करवाई। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से नारियल फुड़वाया। विधायक राजेश नागर ने कहा कि ईंधन और ऊर्जा के परंपरागत साधन सीमित हो चले हैं इसलिए आने वाले समय में वैकल्पिक ईंधन ही हमारे काम आएगा।

उन्होंने कहा कि आज जैसे सीएनजी ने वाहन ईंधन में अपना स्थान बना लिया है वैसे ही कल एलपीजी का स्थान पीएनजी ले लेगी। एक तो नए, वैकल्पिक ईंधन प्रदूषणरहित हैं वहीं प्रचुरता से उपलब्ध हैं। इस कारण से हमें इनका इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने इस बात के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सीएम मनोहर लाल की भी वैकल्पिक ऊर्जा एवं ईंधन के प्रयोग पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। इसके लिए अनेक सरकारी योजनाएं भी प्रस्तुत की गई हैं जिनका लोगों को लाभ लेना चाहिए।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि थोड़े ही समय में यहां तिगांव में पीएनजी गैस की लाइन पड़ जाएगी और लोगों के घरों में पाइप के जरिए गैस मिलने लगेगी। इससे दो बड़े फायदे तुरंत होंगे, एक तो कभी घर में गैस खत्म होने का संकट नहीं आएगा और दूसरा गैस को लाने ले जाने की चिंता में ऊर्जा खर्च नहीं होगी। तीसरा, यह पीएनजी हमारी परंपरागत एलपीजी गैस के मुकाबले सस्ती भी होती है। वहीं यह पीएनजी गैस अधिक सुरक्षित भी होने से लोगों में पॉपुलर हो रही है। उन्होंने कहा कि हमें सौर ऊर्जा की ओर भी अपने कदम बढ़ाने चाहिए। इसके लिए, हमारी सरकार ने बड़े इंस्टीट्यूशंस से अपने यहां सोलर प्लांट लगवाने के लिए कहा है। इसके लिए, सरकार बड़ा भारी अनुदान भी दे रही है। जिसके लिए, हरियाणा में बड़े लोग उत्सुकता दिखा रहे हैं।

विधायक राजेश नागर ने गैस लाइन डाल रही कंपनी के अधिकारियों से लाइन जल्द डालने और सभी लोगों से उनकी पीएनजी की मांग पता करें और भरपूर गैस की आपूर्ति तय करें। इस अवसर पर रघुवीर जैलदार, विक्रम प्रताप सिंह, हरीचंद नागर, धर्म प्रकाश नागर, तेजसिंह अधाना, अमन नागर, सुखपाल नागर, दयानंद नागर, जयकिशन वर्मा, गजेश अधाना, राजेंद्र नागर, तरुण अरोड़ा, कृष्ण हाडा, भगत सिंह आदि व्यक्ति प्रमुखता से मौजूद रहे।

# जरूरतमंद बच्चों को स्कूली बैग बांटे

**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय मार्केट नंबर-1 में मुथूट मिनी फाइनेंसर द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मुथूट मिनी फाइनेंसर ने जजपा जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

इस कार्यक्रम में मुथूट मिनी फाइनेंसर सीनियर सेल्स मैनेजर ईशा भटनागर जोनल मैनेजर वीरेंद्र सिंह तवर, ब्रांच मैनेजर बीके चौक देवेंद्र व एजीक्यूटिव मनीष सभी ने फूलों की माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर राजेश भाटिया का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में मुथूट मिनी फाइनेंशियर्स के सौजन्य से बच्चों में बैग जजपा जिलाध्यक्ष द्वारा वितरित किए गए।

जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया ने बताया कि मुथूट मिनी फाइनेंशियर्स द्वारा जरूरतमंद असहाय परिवारों के बच्चों की सहायता के उद्देश्य से बैग वितरण किए। उन्होंने कहा कि गरीब परिवार की आवश्यक जरूरत पूरी नहीं हो पाती क्योंकि वह मजदूरी के अभाव में निराश होने लगते हैं बच्चों को शिक्षा ग्रहण भी नहीं करा पाते उन्होंने कहा कि फाइनेंसर द्वारा गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराने में सहायता करना प्रशंसनीय पहल है।

# विवाहिता की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



पुलिस में मृतका के परिजनों ने की शिकायत इनसेट में मृतक अंजु का फाइल फोटो।

**फरीदाबाद।** पलवल निवासी एक महिला की मौत हो गई। ससुराल वालों ने परिजनों को बताया कि मृतका ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। जिस पर परिजन पहुंचे, तो देखा कि मृतका के गले पर फंदे कोई निशान नहीं था। जिसे उन्हें शंका है, कि हत्या की गई है। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने मृतका के परिजनों की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पलवल निवासी कृष्ण ने बताया कि उसने अपनी बहन अंजू का विवाह तीन वर्ष पहले गत आठ फरवरी 2019 को ऊंचागांव निवासी योगेश के संग किया था। उन्होंने शादी के दौरान काफी दान दहेज दिया था। लेकिन शादी के बाद ही पति ने कहा कि मेरे सभी दोस्तों को गाड़ियां मिली है, मुझे तुम्हारे परिवार ने गाड़ी नहीं दी। अंजू चुपचाप सब सहती रही, कई बार उसने घर बताया था। 11 माह पहले उसकी एक बेटी हुई। जिसके बाद हमने सोचा सबकुछ ठीक है, लेकिन गत दिवस योगेश ने मुझे फोन करके घर बुलाया, लेकिन उसी दौरान उनकी बहन ने बताया कि अंजू की मौत हो गई है। जिस पर वह अपने परिजनों को लेकर मौके पर पहुंचे, तो देखा कि मृतका अंजू के शव को फर्श पर डाला हुआ था, आत्महत्या जैसा उसके गले पर किसी तरह का कोई फांसी का निशान नहीं था। जिस पर उन्हें हत्या का शक हुआ, तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शनिवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया। आदर्श नगर बल्लभगढ़ पुलिस ने मृतका के परिजनों की शिकायत पर उसके पति योगेश, सास और उसके देवर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जन्माष्टमी पर विधायक ने मंदिरों में किए दर्शन



**फरीदाबाद।** एनआईटी फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने जन्माष्टमी के मौके पर एनआईटी विधानसभा के मंदिरों में दर्शन किए। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि एनआईटी विधानसभा के मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कान्हाजी के दर्शनों के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई थी। भगवान श्रीकृष्ण को सूखे मेवे और पंजीरी का भोग लगाया गया। मंदिर में भगवान कान्हा के दर्शनों और उनके झूले झूलाने के लिए लोगों के आने का सिलसिला सुबह से ही जारी रहा। मंदिर में भजन कीर्तनों का आयोजन किया गया। इसके अलावा रात 11:30 से 12:00 बजे तक अवतार कथा सुनाई गई। इस बीच सैकड़ों की तादाद में भक्तों ने भजन कीर्तनों का गुणगान किया। विधायक नीरज शर्मा ने मंदिरों में भ्रमण कार्यक्रम सूरज कुण्ड स्थित श्रीसिद्धदाता आश्रम में गुरु जी आशीर्वाद लेकर शुरू की। इसके बाद सारन चौक स्थित महाऋषि वाल्मीकि मंदिर, प्रेस कालोनी शिव मंदिर, राजीव कालोनी बांके बिहारी मंदिर, सै-56 में हिंदू जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में, सेक्टर-55 श्रीनंदेश्वर महादेव मंदिर समेत अन्य मंदिर के दर्शन किए।

### दस वर्षीय बेटे की हत्या का आरोपी पिता गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लभगढ़ के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी सीकरी प्रभारी उप निरीक्षक श्रीराम व उनकी टीम ने 10 वर्षीय बेटे की हत्या के मामले में आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम निखिल है। जिसकी उम्र करीब 27 वर्ष है। 16 अगस्त की सुबह आरोपी ने शराब के नशे में धुत्त होकर अपने 10 वर्षीय बेटे की गला घोट कर हत्या कर दी थी। मृत बच्चे के दादा की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना सेक्टर 58 में आरोपी पिता के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की गई। आरोपी को राजीव कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शराब के नशे में धुत था और नशे में उसने अपने बेटे की गला घोट कर हत्या कर दी थी। पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### रविंद्र फागना सोहना नौ विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी मैदान सोहना में प्रैक्टिस मैच खेला गया। यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी सोहना और रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली के बीच खेला गया। इस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी सोहना ने रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली को 9 विकेट से हराया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 40-40 ओवर का था और रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 32.4 ओवर में 10 विकेट पर 124 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए समीर खान ने 29 रन, अभिषेक ने 24 रन, राहुल ने 21 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी सोहना की और से गेंदबाजी करते हुए सक्षम भल्ला ने 3 विकेट, हिमांशु और लक्की ने विकेट 2-2 विकेट, धर्मेन्द्र कसाना और जीतेन्द्र ने 1-1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने 20.5 ओवर में 3 विकेट में 128 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए मनन यादव ने 37 रन, धर्मेंद्र कसाना ने 31 रन, प्रिंस ने 21 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए वंदना और राहुल व वंश ने 1-1 विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार धर्मेंद्र कसाना को दिया गया।

### मानव रचना बना डायमंड रेटिंग से सम्मानित पहला स्कूल



**फरीदाबाद।** मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 14 फरीदाबाद, मानव रचना शैक्षिक संस्थानों का एक हिस्सा, भारतीय स्कूलों के लिए प्रतिष्ठित समग्र डायमंड रेटिंग से सम्मानित किया गया है, जो एक विस्तृत श्रृंखला में संस्थानों के मानदंडों का प्रदर्शन मूल्यांकन करता है। मानव रचना के उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला, कार्यकारी निदेशक दीपिका भल्ला, निदेशक संयोगिता शर्मा और निदेशक प्राचार्या ममता वाधवा ने शिक्षा के क्षेत्र में इस अनूठी उपलब्धि के लिए टीम को बधाई दी और सराहना की। ऑडिट में उनके स्वतंत्र प्रदर्शन के आधार पर, संस्थानों को एक बैज दिया जाता है, जो उनकी उपलब्धि को दर्शाता है। डॉ. अमित भल्ला ने उद्धृत किया, हम वही हैं जो हम बार-बार करते हैं। ममता वाधवा ने कर्मचारियों को संबोधित किया और छात्रों से आग्रह किया कि वे उन्हें उपलब्ध विभिन्न विश्व स्तरीय सुविधाओं के माध्यम से उनके लिए उपलब्ध विविध विकल्पों का पता लगाएं और उत्कृष्टता की आकांक्षा में लगातार आगे बढ़ें।

### मंदिरों में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व उद्योग मंत्री



**फरीदाबाद।** आपको बता दें फरीदाबाद शहर के लगभग सभी मंदिरो में जन्माष्टमी के पावन अवसर पर बड़ी धूमधाम के साथ भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कृष्ण जन्म के अवसर पर मंदिरों में बच्चों द्वारा संगीत भजन की गूंज पर नृत्यों के साथ साथ विभिन्न मंदिरो मे मंदिर कमेटी द्वारा जगह जगह भंडारे के आयोजन भी किये गये। भगवान कृष्ण जन्म के शुभ अवसर पर शहर वासियों ने खुशी-खुशी मधुर गीत गाकर लड्डू गोपाला का स्वागत् किया। पूर्व मंत्री विपुल गोयल प्रसिद्ध जन कल्याण मंदिर सेक्टर 7, मनवोस्थान सभा मंदिर सेक्टर 7ए, साईं पार्क कॉलोनी सेक्टर 10 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पिपलेश्वर महादेव शिव मंदिर सेक्टर 10 हाउसिंग बोर्ड, लक्ष्मी नारायण मंदिर सेक्टर 16 में आयोजित रंगारंग कार्यक्रमों में पहुंचे। माथा टेक प्रभु चरणों में अपने क्षेत्र के लोगों की खुशहाली और तरक्की की कामना की। हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने इस अवसर पर कहा की भारत भूमि भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और कर्म भूमि रही है। मंदिरों की समितियों के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में पहुंचने पर विपुल गोयल का राधा कृष्ण के पटके पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पंडित वासुदेव अरोड़ा प्रधान मार्केट 7-10, नवल किशोर गर्ग एडवोकेट एवं प्रधान सर्व आरडब्ल्यू फरीदाबाद, कुलदीप तेवतिया पूर्व पार्षद, किशन ठाकुर, अजय सांगवान, वीके उप्पल, महेन्द्र शर्मा प्रधान, सुरेंद्र शर्मा उर्फ बॉबी, राज कुमार राज, अजय सोनी उर्फ टीटू, देव प्रकाश जैन, अजित नंबरदार, संजय सिंगला, आरसी शर्मा, रविंद्र मंगला, मदनलाल सोनी प्रधान, राजेश खट्टर वाइस प्रेसिडेंट, यशपाल हंस सेक्रेटरी, विवेक वर्मा कोषाध्यक्ष, विश्वनाथ शर्मा, दिलीप खट्टर, रमेश भोलु, राकेश वशिष्ठ, सुमन त्रिपाठी, उषा रानी, डॉ अजय तिवारी, हितेश शर्मा, सुनीत, मदन लाल मोदी, सीमा भारद्वाज व मंदिर कमेटी के सभी पदाधिकारियो के साथ साथ सेक्टर के गणमान्य लोग और सेकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भदोही में ट्रेन से कटकर तीन की मौत

भाषा। भदोही

**भदोही** जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में कान में इयरफोन लगा कर रेलवे लाइन पर चलहकदमी कर रहे तीन लोगों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया की भदोही रेलवे स्टेशन के यार्ड में दो युवकों की जबकि एक युवक की अहिमनपुर रेलवे हॉल्ट पर पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई। पुलिस ने बताया की दोनों घटनाओं में युवक रात के भोजन के बाद घर के पास ही गुजर रही रेलवे लाइन पर टहलने निकले थे। उन्होंने बताया तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। भदोही स्टेशन के रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) चौकी प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने बताया की दिल्ली की तरफ जा रही हावड़ा-लालकुंआ एक्सप्रेस ट्रेन भदोही स्टेशन से गुजर रही थी, तभी प्लेटफॉर्म नंबर दो के आगे यार्ड के पास रेलवे लाइन के बीच कान में इयरफोन लगाकर टहल रहे कृष्ण उर्फ बंगाली (20) और उसका दोस्त मोनू (18) पीछे से आई ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनके शरीर के टुकड़े हवा में लगभग सौ मीटर में फैल गए। घटना शुक्रवार रात करीब दस बजे हुई। आधी रात के बाद दोनों के घर नहीं पहुंचने पर उनके परिजन उनकी तलाश में निकले। सिविल लाइन इलाके के जलालपुर मोहल्ला निवासी परिजनों ने दोनों की पहचान की। आरपीएफ चौकी प्रभारी सिंह ने बताया की ठीक इसी तरह वाराणसी-इलाहाबाद रेलखंड पर जिले के अहिमनपुर रेलवे हॉल्ट पर पंकज दूबे (30) भी शुक्रवार रात को खाना खाकर कान में इयरफोन लगाकर रोज की तरह रेलवे लाइन पर टहल रहा था, तभी इलाहाबाद की तरफ जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पंकज दूबे पास के दलपतपुर गांव का रहने वाला था।

### बरेली में कार खाई में गिरी, दो की मौत, तीन अन्य घायल

**बरेली।** दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय मार्ग पर मीरगंज थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मीरगंज के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने बताया, घटना शुक्रवार को रात 11 बजे के करीब हुई। मीरगंज ओवर ब्रिज सेएक कार नीचे 30 फुट खाई में जा गिरी जिसमें पानी भरा था। हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि घायल तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि लखीमपुर खीरी जिले के मोहम्मदी गांव के निवासी पांच दोस्त कार से दिल्ली जा रहे थे। इसी दौरान, मीरगंज ओवरब्रिज पर कार असंतुलित होकर नीचे 30 फुट खाई में जा गिरी, जिससे सभी लोग कार में फंस गए। अधिकारी ने बताया कि दो घंटे की मशक्कत के बाद उनमें से एक गुरु प्रीत सिंह बाहर निकला और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बचाव कार्य शुरू किया और कार से सभी को बाहर निकाला, तब तक 40 वर्षीय सलीम और 28 वर्षीय आमिर की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। कार में सवार तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें पुलिस ने बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज हो रहा है।

### ट्रक व बाइक की भिड़ंत, वृद्ध की मौत

**फ्तेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र के कबरहा रोड नहर बाई पास के समीप सुबह आमने-सामने ट्रक व बाइक की भिड़ंत हो गयी। जिससे बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर मौत हो गयी।मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों ने ट्रक व ड्राइवर को कब्जे में लेकर पुलिस को सौंप दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। और अग्रिम कार्यवाहियां शुरू कर दिया। खागा तहसील के धाता थाना अंतर्गत नरसिंहपुर कबरहा गांव निवासी भगवानदीन उर्फ अध्धा उम्र लगभग 66 वर्ष पुत्र सुन्दर लाल सिंह की ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत में मौके पर मौत हो गयी। बताया जाता है कि सुबह धाता की ओर से नरसिंहपुर कबरहा बाइक से जा रहे थे तभी कबरहा रोड नहर मोड के समीप पहुंचते ही सामने से ट्रक आ गया। और बाइक को चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार की मौके पर मौत हो गयी और बाइक बाहर तिनंग कर जा गिरी। वही ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के एक लड़का व एक लड़की है। जिनकी शादियां हो चुकी है। और इन्होंने बताया कि ट्रक व ड्राइवर को गिरफ्त में लेकर पुलिस को सौंप दिया गया है।

## कार ने चार राहगीरों को रौंदा, दो की मौत

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के वंशीबाजार ग्राम के समीप चार राहगीरों को एक तेज गति कार ने रौंद दिया, जिससे इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के वंशीबाजार ग्राम के निकट शुक्रवार की रात एक अनियंत्रित कार ने चार राहगीरों को रौंद दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में चंद्रभान सिंह (60), मदन सिंह (51), प्रेमशंकर (53) एवं अखिलेश शर्मा (28) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चंद्रभान सिंह (60) और मदन सिंह (51) की मौत हो गई। सिकंदरपुर के थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है और विधिक कार्वाई कर रही है।

### हाईटेंशन तार गिरने से खेत में काम कर रही दो महिलाओं की मौत

**एटा।** एटा जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की दोपहर हाईटेंशन तार टूट कर गिर जाने से खेत में काम कर रहीं दो महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक जगदीश चंद्र ने बताया आज दोपहर छितौनी गांव में चंद्रवती (55) तथा एक अन्य महिला उषा देवी (60) खेत में मवेशियों के लिए घास काट रही थी, तभी अचानक ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन का एक तार टूट कर उनके ऊपर गिर गया जिससे दोनों बुरी तरह झुलस गई जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। महिलाओं की मौत से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन तथा बिजली विभाग से परिजनों को आर्थिक मदद देने की मांग की है।

### सड़क पर खड़े ट्रक से टकराई बस, 25 यात्री घायल

**एटा।** एटा-फुर्खाबाद मार्ग पर कीलरमऊ गांव के पास रोडवेज की एक बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे उसमें सवार कम से कम 25 यात्री घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसा शुक्रवार रात बागवाला थाना क्षेत्र में हुआ और सभी घायलों को एटा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से डॉक्टरों ने उनमें से दो को आगरा के एक अस्पताल में भेज दिया है। उप जिलाधिकारी आलोक कुमार के मुताबिक, फुर्खाबाद डिपो की बस करीब 60 यात्रियों को लेकर दिल्ली जा रही थी। उन्होंने बताया कि बस सड़क खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे उसमें सवार 25 लोग घायल हो गए। बस में सवार लोगों के अनुसार, चालक तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

# लखीमपुर खीरी में वार्ता के बाद किसानों का धरना खत्म

## छह सितंबर को दिल्ली की बैठक में तय होगी आगे की रणनीति

भाषा। लखीमपुर खीरी



**केंद्रीय मंत्री** अजय कुमार मिश्रा टेनी को हटाने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने संबंधी एक कानून बनाए जाने समेत अन्य मांगों को लेकर किसानों का धरना जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद शनिवार को समाप्त हो गया। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के नेता राकेश टिकैत ने यह जानकारी दी। किसानों को संबोधित करते हुए टिकैत ने कहा कि छह सितंबर को दिल्ली में एक बैठक के दौरान एसकेएम की भविष्य की रणनीति तैयार की जाएगी। एसकेएम द्वारा प्रस्तावित रोड मार्च, केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा को हटाने और एमएसपी पर कानून की मांग को लेकर धरना शनिवार दोपहर बाद समाप्त हो गया। जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ सफल बातचीत और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ किसानों की बैठक आयोजित करने का आश्वासन मिलने के बाद किसानों ने अपना धरना शनिवार को समाप्त कर दिया। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी अपराह्न लगभग 2.30 बजे धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों का ज्ञापन प्राप्त किया जिसके बाद उन्होंने धरना समाप्त कर दिया। जिला प्रशासन ने जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर शहर की सड़कों पर मार्च नहीं निकालने दिया। एसकेएम ने बृहस्पतिवार सुबह लखीमपुर शहर के राजापुर मंडी समिति में अपना धरना शुरू किया था। एसकेएम ने गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा को बर्खास्त करने, जेलों में पड़े निर्दोष किसानों की रिहाई, एमएसपी गारंटी कानून, बिजली संशोधन विधेयक 2022 को वापस लेने, गन्ना बकाए का भुगतान और सरकार के भूमि अधिकार समेत अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया था। लखीमपुर खीरी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री का पैतृक जिला है और वह खीरी से लगातार दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद हैं। गौरतलब है कि पिछले साल तीन अक्टूबर को लखीमपुर खीरी जिले में अजय मिश्रा के गांव जा रहे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे का किसानों द्वारा विरोध करने के दौरान तिकोनिया गांव में हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोग मारे गए थे। इस मामले में मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा को बतौर मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। किसानों की मांग है कि इस मामले को लेकर अजय मिश्रा को मंत्री पद से बर्खास्त किया जाए। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों के प्रमुख किसान नेताओं, एसकेएम कोर कमेटी के सदस्य दर्शन सिंह पाल, स्वराज इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक योगेंद्र यादव आदि ने आंदोलन में हिस्सा लिया। सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटेकर ने पहले दिन ही धरने को संबोधित किया। इससे पहले आज दिन में राकेश टिकैत, जोगिंदर सिंह उग्रा, दिलबाग सिंह संधू, रंजीत सिंह राजू, रविंदर सिंह पटियाला, गुर अमनप्रीत सिंह मंगत सहित एसकेएम नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस उपमहानिरीक्षक अखिलेश चौरसिया, जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह समेत आला अधिकारियों के साथ मंडी समिति कार्यालय में बैठक की थी।

## एसपी ने देवीपुर चौकी इंचार्ज को किया लाइन हाजिर

**कानपुर देहात।** एसपी सुनीति ने जनपद के भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र की देवीपुर पुलिस चौकी प्रभारी द्वारा सादी वर्दी में विपक्षियों के खिलाफ गाली गलौज व अभद्र भाषा का प्रयोग करने का वीडियो वायरल होने पर सख्त कार्यवाही करते हुये उन्हें लाइन हाजिर कर दिया। एसपी की सख्त कार्यवाही से पुलिस महकमें में हडकम्प की स्थिति देखी गयी। एएसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि थाना भोगनीपुर कोतवाली की देवीपुर चौकी में तैनात चौकी प्रभारी एसआई भूपेन्द सिंह बिना पर्याप्त पुलिस बल के व बिना वर्दी के एक मामले में जॉच के लिये गये थे वहॉ उन्होंने जॉच के दौरान मौके पर विपक्षियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, इस मामले का वीडियो वायरल होने पर पुलिस की छवि को गहरा धक्का लगा है। मामले की जॉच के निर्देश सीओ भोगनीपुर को दिये गये, एसपी सुनीति ने मामले को बेहद गॅभीरता से लेते हुये पुलिस विभाग की छवि धूमिल करने पर देवीपुर चौकी ईंर्चाज को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। एएसपी ने बताया कि जॉच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

## छत से गिरकर वृद्ध की मौत

**फ्तेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तेंदुली में शुक्रवार की देर रात नशे में धुत छत में खड़े 60 वर्षीय नीचे गिर पड़ा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिये सीएचसी लाया गया जहॉ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार तेंदुली गांव निवासी स्व0 सुक्खू रैदास का पुत्र सोहन लाल जो शराब पीने का आदी था। बताते है कि पल्लेदारी का भी काम करता था। शुक्रवार की रात लगभग 11 बजे नशे में धुत होकर घर की छत पर खड़ा था इसी बीच अचानक वह नीचे गिर पड़ा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिये बिन्दकी सीएचसी पहुंचाया जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही सूचना पाकर मौके में पहुँची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## राजीव गांधी को याद किया

**अमेठी।** पूर्व प्रधानमंत्री और अमेठी से सांसद रहे राजीव गांधी की 78वीं जयंती पर शनिवार को यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि गौरीगंज स्थित पार्टी के मुख्य कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने देश को सूचना प्रौद्योगिकी के पथ पर ले जाने और कंप्यूटर क्रांति लाने में मदद करने वाले महान नेता को श्रद्धांजलि दी।

# दलित युवक की जूतों से पिटाई का वीडियो वायरल, प्रधान गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** जिले के छपार थाना क्षेत्र में ग्राम प्रधान और पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा एक दलित युवक की कथित रूप से जूतों से पिटाई का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी ग्राम प्रधान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, ताजपुर के ग्राम प्रधान शक्ति मोहन गुर्जर और रेता नगला ग्राम के पूर्व प्रधान गजे सिंह ने दलित युवक दिनेश कुमार (27) को जूतों से पीटा और उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) अर्पित विजयवर्गीय ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने ताजपुर के ग्राम प्रधान शक्ति मोहन गुर्जर और ग्राम रेता नगला के पूर्व ग्राम प्रधान गजे सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं (323, 504, 506) और अनुसूचित जाति, जनजाति निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में ग्राम प्रधान शक्ति मोहन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद

### दूसरा आरोपी फरार, दोनों आरोपियों ने बुलाया और जूतों से उसकी पिटाई करने के बाद उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी

उक्त कदम उठाया गया है जिसमें दोनों आरोपी दलित युवक को जूतों से पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस को मिली तहरीर के अनुसार, पीड़ित दलित युवक दिनेश को पिछले दिनों दोनों आरोपियों ने बुलाया और जूतों से उसकी पिटाई करने के बाद उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। एक दलित द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप में पोस्ट की गई कुछ टिप्पणी के लिए उसे गालियां भी दीं। दलित युवक की पिटाई के विरोध में आक्रोशित भीम सेना के कार्यकर्ताओं ने छापर पुलिस थाने के बाहर धरना दिया। दलितों ने इस घटना का विरोध किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्वाई की मांग की है। पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

**ट्रक और मोटर साइकिल की सीधी टक्कर, मोटर साइकिल सवार की मौत:** फ्तेहपुर। धाता थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर कबरहा का गांव निवासी भगवान दीन सिंह की धाता बाईपास पर एक एक ट्रक दुर्घटना में मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने ट्रक को अपने कब्जे में लेकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंच गए लाश को पोस्टमार्टम हेतु फ्तेहपुर के लिए भेज दिया है।

विवरण के अनुसार भगवान दीन सिंह (अद्धा) उम्र लगभग (60) लगभग 11बजे अपनी मोटरसाइकिल से धाता बाजार जा रहे हैं धाता नगर बाईपास के समीप सामने से आ रहे ट्रक का सीधा टक्कर लगने से मोटरसाइकिल से छिटक कर बाहर गिर गई और मोटरसाइकिल सवार भगवानदीनसिंह ट्रक के चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। आनन-फानन में लोगों ने ट्रक को रोककर ट्रक ड्राइवर को अपने कब्जे में ले लिया और इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को लेकर आवश्यक कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए फ्तेहपुर भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उस स्थान पर सड़क में बहुत बड़े गड्ढे थे जिनकी पुराई ईंटे डालकर कर दी गई थी। सड़क ऊबड़-खाबड़ होने के कारण बैलेंस बिगड़ने के कारण दुर्घटना हो गई। अचानक हुई इस घटना से पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



मथुरा में शुक्रवार की मध्य रात्रि कृष्ण जन्मस्थान मंदिर में जन्माष्टमी उत्सव समारोह में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

## वायरल फीवर से अस्पतालों में मरीजों की भरमार

**फ्तेहपुर।** जिले में बदलते मौसम वायरल फीवर से हाहाकार मचा है। अस्पतालों में मरीजो की भरमार है। गांव से लेकर शहर तक फीवर पैर पसार चुका है। भीषण गर्मी और बदलते मौसम में बुखार, सर्दी, खांसी के अलावा सामान्य मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिला अस्पताल की ओपीडी में पिछले एक सप्ताह से औसतन रोजना एक हजार से अधिक मरीज पहुंच रहे है। वहीं जिला अस्पताल समेत जिले की सीएचसी की ओपीडी में मरीजों की संख्या सैकड़ों के पार पहुंच गई है। इसमे अधिकांश मरीज वायरल खासी जुखाम और बुखार के शामिल हैं। निजी अस्पतालों में भी मरीजों की भरमार है। अगस्त माह की शुरूवात से वायरल फीवर में तेजी से लोगों को जकड़ लिया है। हालात यह है कि हर घर में वायरल से लोग पीड़ित है। अस्पताल खुलने से पहले मरीजों की भीड़ उमड़ने लगती है। जिला अस्पताल में रोजाना एक हजार से अधिक मरीजों की ओपीडी हो रही है। जिसमें सबसे ज्यादा मरीज बुखार, सर्दी, खासी और एलर्जी के पहुंच रहे है। सर्दी और खासी के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा हैं। ओपीडी में डॉक्टरों के चेम्बर के बाहर व दवा कउन्टर पर लम्बी कतार देखने को मिल रही है। वहीं निजी अस्पतालों में भी मरीजों की भरमार है। ग्रामीण क्षेत्रों में अप्रशिक्षित झोला छाप डॉक्टर भी चांदी काट रहे है। अस्पताल में मौसम के बदलाव के चलते सर्दी जुखाम के मरीजों से भरे हुये है। आलम यह है कि सरकारी और प्राइवेट के वार्डो में बेड पर मरीजों की भरमार है। शनिवार को भी जिलेभर के सरकारी अस्पतालों की ओपीडी हजारों से ऊपर रही।

### श्रीमोटेश्वर महादेव मंदिर में मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी, भजन संध्या

**फ्तेहपुर।** श्रीमोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्थित श्री रामकृष्ण साई मन्दिर में भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। मन्दिर में भजन संध्या का आयोजन यूथ आइकॉन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव द्वारा किया गया जिसमें रवि द्विवेदी व उनके साथियों द्वारा भजन प्रस्तुत किये गए साथ ही उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार निगम द्वारा भी उनकी भगवान श्रीकृष्ण की महिमा को बखान करती स्वरचित पंक्तियां प्रस्तुत की गई प्राथमिक विद्यालय सैदनपुर की प्रधानाध्यापिका श्रद्धा गौड़ द्वारा भी भजनों की प्रस्तुति की गईं पूरा मन्दिर परिसर कृष्णमय था सभी भक्त जय श्री कृष्ण, राधे राधे कर रहे थे। श्रीबिहारी जी मोटेश्वर महादेव विकास समिति के अध्यक्ष आचार्य विमलाकान्त त्रिपाठी द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार,माल्यार्पण के साथ भगवान श्री कृष्ण व मन्दिर परिसर में स्थित सभी देवताओं की पूजा अर्चना कराई।

# 56 फरियादियों ने दर्ज कराई शिकायत, सिर्फ 6 का निस्तारण

**फ्तेहपुर।** खागा तहसील परिसर के सभागार कक्ष में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस सीडीओ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें 56 फरियादियों ने अपनी अपनी शिकायतें दर्ज कराई। मौके पर 6 शिकायतों का निस्तारण किया गया ! जिसमें राजस्व पुलिस विभाग की सर्वाधिक शिकायतें रही। समाधान दिवस में सीडीओ सत्य प्रकाश ने बताया कि 56 फरियादियों ने अपनी अपनी शिकायतें दर्ज कराई है! जिसमें राजस्व, पुलिस, विकास, पूर्ति विभाग, विद्युत विभाग, पीडब्ल्यूडी से संबंधित कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुई है ! जिसमें 6 शिकायतों का निस्तारण भी किया गया है! उन्होंने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस में आई हुई शिकायतों का निस्तारण प्रत्येक दशा में एक सप्ताह के भीतर किया जाय! पिछले संपूर्ण समाधान दिवस की एक भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए! आईआरजीएस मामले में आई हुई शिकायतों का निस्तारण प्रत्येक दशा में त्वरित किया जाय! शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले के खिलाफकार्रवाई भी की जाएगी !उन्होंने बताया कि शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाया जाय! जिससे शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंच सके! उन्होंने आवास, शौचालय, अमृत सरोवर तालाब के अलावा अन्य कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं इस मौके पर सीडीओ सत्य प्रकाश के अलावा उप जिलाधिकारी मनीष कुमार, तहसीलदार ईवेंद्र कुमार, पुलिस उपाधीक्षक संजय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार सिद्धांत कुमार, खंड विकास अधिकारी ऐरांया अशोक कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी विजयीपुर गिरजा पांडेय, खंड विकास अधिकारी धाता अजय तिवारी,खण्ड विकास अधिकारी हथगांव, एडीओ पंचायत संजय कुमार श्रीवास्तव, पूर्ति निरीक्षक भास्कर मिश्रा, बीडीओ,नरेन्द्र सिंह, श्रवण कुमार पाल,रजनीश श्रीवास्तव, दीपक कुमार ग्राम विकास अधिकारी समाज कल्याण आदि अन्य विभागों के अधिकारियों के अलावा सर्किल के सभी थानों के थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

**जिलाधिकारी ने की जिला सैनिक बंधु की बैठक, सुनी समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश**

कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सैनिक कल्याण अधिकारी ने पूर्व सैनिकों द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त बैठक जनपद में प्रथमबार सम्पन्न हो रही है, बैठक में प्राप्त करीब 21 शिकायतों का संज्ञान लेकर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से निस्तारण कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी भूतपूर्व सैनिकों से अपील करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के दृष्टिगत हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम जनपद में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक चलाया गया, जिसमें सभी सरकारी कार्यालयों, वाहनों, आवासों आदि स्थलों पर तिरंगे झण्डे फहराये गये, जिला प्रशासन द्वारा तिरंगे झण्डे को सम्मान पूर्वक रखने हेतु बड़े लिफाफ बनवाये गये है जिसमें सभी लोग तिरंगे झण्डे को सम्मान पूर्वक संजोकर रखें।

# धोखाधड़ी का मामला दर्ज होने से परेशान कर्मचारी ने आत्महत्या की

**शाहजहांपुर।** जिले में कृत्रिम अंग बनाने वाली कंपनी के निदेशक द्वारा अपने एक कर्मचारी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराए जाने से आहत कर्मचारी ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, कंपनी के प्रबंध निदेशक घनश्याम दास अग्रवाल तथा उनके बेटे एवं कंपनी के निदेशक विनम्र अग्रवाल के विरुद्ध पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) नगर अखंड प्रताप सिंह ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि आरसी मिशन थाना क्षेत्र में राजेंद्र प्रसाद (56) ने कब्रिस्तान के एक पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसके बाद प्रसाद के परिजनों ने कंपनी के प्रबंध निदेशक तथा उनके बेटे के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कराया। उन्होंने दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया कि राजेंद्र प्रसाद शहर की जी सर्जीवियर कंपनी में काम करते थे और कंपनी के निदेशक ने उन पर 50 लाख रुपए गबन का मामला छह अगस्त को दर्ज कराया था और धमकी दी थी कि उन्हें ग्रेच्युटी का पैसा भी नहीं मिलेगा तथा जेल भी जाना पड़ेगा। इसी से परेशान होकर प्रसाद बुधवार को घर से गायब हो गए तथा शुक्रवार को उनका शव मिला था। सिंह ने बताया कि प्रसाद के परिजनों ने शुक्रवार देर रात को मामला दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और जो भी साक्ष्य होगा उसके आधार पर आरोपियों के विरुद्ध कार्वाई की जाएगी।

**किशोरी ने मामा पर लगाया दुष्कर्म का आरोप:** महोबा। महोबा जिले के खन्ना क्षेत्र के एक गांव में रक्षाबंधन मनाने आई 17 साल की किशोरी के साथ उसके मामा ने कथित रूप से दुष्कर्म किया। खन्ना थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राधेश्याम वर्मा ने शनिवार को बताया कि बांदा जिले के एक गांव की किशोरी शनिवार शाम अपने परिजनों के साथ थाने आई और उसने अपने सगे मामा श्रीपाल (23) के खिलाफ मारपीट कर दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा कि वह रक्षाबंधन मनाने अपने ननिहाल आई थी, जहां 14 अगस्त की रात उसे छत पर अकेला पाकर उसके मामा ने उससे मारपीट की और दुष्कर्म किया। शिकायत के अनुसार, श्रीपाल ने किशोरी को किसी को इस बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। एसएचओ ने तहरीर के आधार पर बताया कि आरोपी के डर से सहमे होने के कारण पीड़िता ने ननिहाल में किसी को इस बारे में नहीं बताया और अपने गांव लौटकर पिता को पूरी घटना बताई, जिसके बाद वह मामला दर्ज कराने अपने परिजन के साथ थाने आई।

**दबंगों पर कर्रवाई किये जाने की मांग :** फ्तेहपुर। शहर के हरिहरगंज निवासी एक महिला की जमीन पर दबंग कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर दबंगों ने महिला व उसके बहू बेटो के साथ अभद्रता करते हुये गाली-गलौज कर जांन से मारने की धमकी दी। महिला ने शनिवार को एसपी की चौखट पहुंचकर आरोपियों पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। मोहल्ला निवासी सुमित्रा देवी पत्नी जगत पाल ने एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि 12 नवम्बर 2020 को मलाका गांव में गाटा सं0- 756, 757, 758 रकबा 1.7600 हे0 की 1/4 भाग की रजिस्ट्री कराई थी।


## सारे घर के बदले जाएंगे

भगवा संगठन में अभी नए संगठन मंत्री ने अपना कार्यभार ग्रहण नहीं किया है लेकिन पूरे संगठन में ऊपर से लेकर नीचे तक इस बात की चर्चा बहुत तेज हो गई है कि संगठन के अंदर जितने भी विभाग हैं उन विभागों के प्रमुख और प्रभारी सब को बदला जाएगा। जो विभागों के मौजूदा प्रभारी हैं उनकी चिंता इस समय बढ़नी लाजमी है क्योंकि अब जो नए संगठन मंत्री दूसरे राज्य से आ रहे हैं वह अपने हिसाब से समीक्षा करने के बाद सभी विभाग में पूरा बदलाव करेंगे क्योंकि उनको लोकसभा चुनाव की तैयारी में लगना है। यही नहीं उत्तर प्रदेश जैसे राज्य की उन को जिम्मेदारी मिली है तो जाहिर है कि इस मामले में नए संगठन मंत्री सिफारिश पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगे। इन्हीं सब चर्चा को लेकर संगठन में बड़े महत्वपूर्ण विभागों में से एक मीडिया विभाग पर सभी लोग नजर गड़ाए हैं कि अब इसका कौन प्रभारी होगा। साथ ही कार्यालय प्रभारी को भी लेकर लोग जोर आजमाइश कर रहे हैं कि उनकी नियुक्ति कार्यालय प्रभारी के रूप में होनी चाहिए क्योंकि यह दोनों विभाग ऐसे हैं जिनसे माता लक्ष्मी जी ज्यादा मेहरबान रहती हैं और जाहिर सी बात है कि माता लक्ष्मी जी की कृपा कौन नहीं चाहता है इसलिए संगठन में अब सभी को नए बदलाव का बड़ी बेसब्री से इंतजार है



## दोषी को किया पुरस्कृत

वाहवाही में नये बड़े साहब ने ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग में दोषी जोनल अधिकार को ही पुरस्कृत कर डाला। ट्रांसपोर्ट नगर में पार्किंग में अवैध कब्जा कर मौज उड़ा रहे एक दर्जन से अधिक कर्मियों को जोर का झटका लगा था लेकिन मठाधीशों ने ऐसी गुल्ली फिट की कि अब नये बड़े साहब भी उनकी गणित में फिट हो गए। कुछ महीने पहले निगम के पुराने साहब, अपने फैसलों से चर्चा में आए थे। वह साहब एक गुप्त सूचना के आधार पर ट्रांस पोर्टनगर पहुंच गए। साहब के पहुंचते ही साहब पार्किंग में भूचाल आ गया। हरतरफ अफरा तफरी का मौहाल हो गया। आगे बढ़े... पार्किंग की दुकानों पर जाकर पूछताछ की तो उन्हें बड़ी हैरानी हुई। आखिरकार बिना अनुमति के कैसे पार्किंग चलाई जा रही है। फर्जी डाक्यूमेंट के आधार पर करोड़ो रुपए की आमदनी कर रहे हैं। लेकिन साहब इस धंधे से अंजान रहे। फिर क्या था। भड़के साहब ने कर अधीक्षक और दो कर्मचारियों पर इसकी जवाबदेही तय की लेकिन अभी पार्किंग के संचालन पर रणनीति ही बन रही थी कि पोल वहीं के कर्मियों ने खोल दी। जहां तीन पर गाज गिरी थी वहीं नौ अधिकारी लपेटे में आए गए।




## जाने कहां गए वो दिन...

किसी ने सही ही कहा है कि महत्व व्यक्ति का नहीं उसके पद का होता है। यह कहावत देश की सबसे पुरानी पार्टी की सूबाई इकाई के पूर्वांचल से आने वाले एक पूर्व अध्यक्ष पर इस समय सटीक बैठ रही है। अध्यक्ष जी जब पद पर थे तो उन्हें चाटुकार घेरे रहते थे। उनकी पार्टी के भले ही दुर्दिन चल रहे हों लेकिन उन दिनों उनका जलवा कायम था। राजधानी में बैठकर प्रदेश सरकार के खिलाफ हमला बोलते थे तो उसकी आवाज पूरे प्रदेश में सुनाई पड़ती थी। जानकारों का कहना है कि भले ही अध्यक्ष बनने से पहले उनका कद बहुत बड़ा न रहा हो लेकिन पार्टी की 'दीदी' का आशीर्वाद मिलने के बाद वह पावर के मद में चूर हो गए थे। नतीजतन पार्टी में अपना पूरा जीवन खपा देने वाले वरिष्ठ नेताओं को भी नजरअंदाज कर वह समय-समय पर उनका अपमान करने लगे थे लेकिन समय ने उन्हें ऐसी पटखनी दी कि विधानसभा चुनाव में उन्हें करारी शिकस्त हुई ही और उनकी पार्टी को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। 'दीदी' का तो कुछ बिगड़ा नहीं मगर अध्यक्ष जी पद से हाथ धो बैठे। हार का सारा ठीकरा उनके सिर फूटा और उन्हें अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना पड़ा। अब बेचारे सुदूर पूर्वांचल के अपने जिले में ही सिमटकर रह गए हैं। उनकी पीड़ा यह है अब उनकी आवाज पर कोई ध्यान नहीं देता। या यूं कहा जाए कि उनकी आवाज उनके जिले के बाहर निकल ही नहीं पाती। वहां जो कोई धरना प्रदर्शन अथवा कार्यक्रम करते हैं वह हाईलाइट ही नहीं हो पाता। जानकारों का कहना है कि उनकी आवाज राजधानी तक पहुंचे इसके लिए उन्होंने अपने पुराने सिपाहसलारों को याद किया। एक सिपहसालार को जिम्मा सौंपा कि उनके जिले में कोई प्रदर्शन वगैरह हो तो वह उसे राजधानी की मीडिया में भी प्रकाशित कराएं। सिपाहसालार ने शुरू में तो प्रयास किया लेकिन जब देखा कि पूर्व अध्यक्ष जी को कोई तवज्जो ही नहीं दे रहा तो उन्होंने भी हथियार डाल दिए हैं।

## उत्तम ही सर्वोत्तम

राजा, दूसरे शब्दों में कहा जाए तो नरेश, समाजवादियों के बीच जो कि स्वयं उत्तम थे, हैं और रहेंगे। पार्टी भले ही गर्त में चली जाए। बीते एक दशक से उत्तर प्रदेश में एक दल के साथ यही हो भी रहा है। जो दल कभी सत्ता में था। उसके जलवे थे। लाल टोपी वाला युवा उसका मुखिया था लेकिन जब से उसकी पार्टी ने उत्तर प्रदेश के संगठन का दायित्व एक उत्तम राजा को सौंपा हैं तब से इस संगठन का ग्राफ गिरता ही जा रहा है। पराजय ने तो जैसे उसका घर ही देख लिया है। कोई भी युद्ध होता है उसमें उसको हार ही मिलती है। इस पूरे संग्राम में सब तो मिटते जा रहे हैं पर केवल राजा ही सुरक्षित है जिसे लोग नरेश भी कहते हैं। लगातार मिल रही हार के बावजूद भी उसके कार्य को उत्तम माना जा रहा है। शायद वह समाजवाद के मुखिया के मन को भा गया है। यही कारण है कि जब पूरे संगठन को भंग किया गया था तो यही उत्तम कार्य करने वाले सुरक्षित रह गए थे और आज भी सुरक्षित है।



## जलवा हो तो ऐसा

भोजपुरी में एक कहावत है हारब त हुरब जितब त थुरब। मतलब दोनों तरफ से काल का ग्रास वादी को ही बनना है। वादी कर भी क्या सकता है। जब ऊपर वाला साथ है नीचे वालों की क्या औकात है। बात अभी भी नहीं समझे तो समझ लीजिए कि यह ब्यूरोक्रेसी और उसके अधीन काम करने वाले लाखों कर्मचारियों से सम्बंधित है। इस सरकार का ब्यूरोक्रेसी के प्रति प्रेम जगजाहिर है। अब तक रिकार्ड है कि सरकार ने कोरोना की पहली लहर में हीलाहवाली करने वाले डीएम साहब के बाद अभी तक किसी के खिलाफ कोई एक्शन नही लिया है जबकि नीचे वाले ऐसे लटकाए जाते हैं जैसे फांसी की सजा दी गई हो। एक के बाद एक ताबड़तोड़ एक्शन के सहारे नीचे वालों का मनोबल तोड़ दिया जाता है। मानवीय भूल के लिए नीचे वालों को काला पानी की सजा होती है जबकि ब्यूरोक्रेसी का बाल भी बांका नहीं होता है। अब एक बात समझ लीजिये की नीचे गड़बड़ी तभी होगी जब ऊपरवाला गड़बड़ होगा। अगर ऊपरवाला सही है तो फिर नीचे चींटी तक नही रेंग सकती। अभी पिछले महीने तबादलों की आग पंचम तल तक पहुंच गई थी। आग को ठंडा करने के लिए उस समय जांच कमेटी बना दी गई। खासकर तब जब विभागीय मंत्री मोर्चा खोले हुए थे। लग रहा था कि मोहन तो गयो। लेकिन वही वाली कहावत कि ऊपरवाला जिसके साथ है चरितार्थ होते दिखी। मंत्री जी के मोर्चे और विभागीय लड़ाई के बीच मोहन राजा तो बच गए। इतनी किरकिरी के बाद निरस्तीकरण के संसोधित आदेश जारी होने लगे। पर गड़बड़ियां यहीं नहीं रुकी। संसोधन की फेहरिस्त में दूसरे लोक पहुंच चुके डॉक्टरों का भी ट्रांसफर निरस्त कर दिया गया। ऐसे में एक बार फिर चिंगारी उठने लगी है। पर होना क्या यह तो सभी जानते हैं। सरकार का ब्यूरोक्रेसी प्रेम छिपा नहीं है। जब मंत्री जी के मोर्चा लेने के बाद सब बच गए तो यह तो मानवीय भूल है।

# यूपी में होगी प्रशासनिक ओवरहालिंग, रडार पर कई अफसर

- सीएम योगी के पास शासन से लेकर तहसील और थाने तक की सीक्रेट रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में जल्द ही प्रशासनिक ओवरहालिंग देखने को मिल सकती है। सीएम योगी आदित्यनाथ आम लोगों से जुड़ी शिकायतों की खुद रोजाना मॉनिटरिंग कर रहे हैं और जनता दर्शन, जनसुनवाई समाधान प्रणाली और हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों की रोजाना उन्हें रिपोर्ट दी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास आम लोगों की शिकायतों के गुणवत्तायुक्त निस्तारण की शासन स्तर से लेकर तहसील और थाने स्तर तक की सीक्रेट रिपोर्ट है। इसी के आधार पर जिले के कई अफसर रडार पर हैं। जल्द कई जिलों में अफसरों पर कार्रवाई होगी।

योगी 2-0 में आम लोगों की शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता के आधार पर अफसरों को दंड और इनाम मिल रहा है। अच्छा काम करने वालों अफसरों को प्राइम पोस्टिंग मिल रही है तो खराब प्रदर्शन करने वालों को किनारे भी किया जा रहा है। हाल ही में ऐसे कई अफसरों को निलंबित करने से लेकर प्रतिकूल प्रविष्टि तक दी गई है। सीएम योगी के जनता दर्शन में पहुंच रही हर शिकायतों का गहनता से परीक्षण किया जा रहा है और ऐसे मामलों जिनमें कार्यवाही की आवश्यकता है। उन्हें संबंधित अधिकारी को भेजा जा रहा है। कुछ मामलों में निचले स्तर पर अधिकारियों की लापरवाही पर कार्रवाई भी की गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक सीएम योगी के जनता दर्शन में इस साल चार अप्रैल से 16 अगस्त तक 28715 जनशिकायतें आई हैं। इसमें से 26258 मामलों का निस्तारण हो चुका है। 3329 संवेदनशील मामलों में उसी दिन सीएम कार्यालय की ओर से फोन पर बात कर आख्या ली गई है और 2677 मामलों में अनुमोदन किया गया है। 591 आख्याओं को संतोषजनक नहीं होने पर आपत्ति के साथ वापस किया गया है और तब तक वापस किया जा रहा है जब तक गुणवत्तापरक निस्तारण न हो जाए। मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में शिकायतों की ऐसी भी फेहरिस्त है जो बार-बार की जाती हैं। इनमें ज्यादातर मामले ऐसे हैं जो मुख्यमंत्री के अधिकार क्षेत्र के बाहर हैं। कई मामले चिकित्सकीय आर्थिक सहायता के होते हैं जिनमें मुख्यमंत्री की ओर से संबंधित सूचीबद्ध अस्पताल में प्राथमिकता के आधार पर धनराशि भेजी जाती है। ऐसे आर्थिक सहायता के रोजाना पांच से 25 प्रार्थना-पत्र मिलते हैं। सीएम योगी ने कई बार तो जनता दर्शन में ही दिव्यांगों को व्हील चेयर इलेक्ट्रिक स्टिक और श्रवण यंत्र आदि दिए हैं।

सीएम को जनसुनवाई समाधान प्रणाली आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन 1076 में आने वाली आम लोगों की शिकायतों के निस्तारण की हर माह रिपोर्ट दी जा रही है।

### अच्छा कार्य करने वाले टॉप टेन विभाग

**जुलाई** माह में शासन स्तर पर सबसे अच्छा कार्य करने वाले टॉप टेन विभागों में सहकारिता, ग्राम्य विकास, भूतत्व एवं खनिकर्म, श्रम, नगर विकास, गृह एवं गोपन, पिछड़ा वर्ग कल्याण, समाज कल्याण, सिंचाई जल संसाधन और पंचायती राज हैं। सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले बॉटम टेन विभागों में नियुक्ति, कार्मिक, आयुष, प्राविधिक शिक्षा, कृषि विपणन, अवस्थापना और औद्योगिक विकास, आवास एवं शहरी नियोजन, व्यवसायिक शिक्षा, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति और पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन है।

### सबसे अच्छे व खराब एडीजी आईजी और एसएसपी

**एडीजी** और आईजी स्तर पर टॉप थ्री जोन में सबसे अच्छे आगरा, कानपुर और लखनऊ हैं जबकि सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले मेरठ, गोरखपुर और प्रयागराज जोन हैं। ऐसे ही आईजी और डीआईजी स्तर पर सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले टॉप फाइव रेंज में आगरा, चित्रकूट, सहारनपुर, मेरठ और कानपुर है। जबकि सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले में झांसी, बरेली, मुरादाबाद, आजमगढ़ और गोरखपुर जोन हैं। पुलिस आयुक्त, एसएसपी और एसपी स्तर पर सबसे अच्छा कार्य करने वाले टॉप टेन जिलों में प्रयागराज, गाजियाबाद, शाहजहांपुर, मेरठ, बिजनौर, जालौन, फर्रुखाबाद, ललितपुर, अलीगढ़ और संभल हैं जबकि सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले कानपुर शहर, लखनऊ, बलिया, कुशीनगर, सोनभद्र, शामली, बाराबंकी, गाजीपुर, कानपुर आउटर और चित्रकूट है।

### 10 सबसे अच्छे और खराब डीएम

**जुलाई** में आईजीआरएस और हेल्प लाइन पर आने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में टॉप टेन जिलों में अमरोहा, प्रयागराज, संतकबीरनगर, बागपत, शाहजहांपुर, महराजगंज, फर्रूखाबाद, मेरठ, इटावा और शामली हैं जबकि सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले बॉटम टेन जिलों में जौनपुर, गाजीपुर, वाराणसी, कन्नौज, सोनभद्र, मिर्जापुर, श्रावस्ती, कासगंज, मथुरा और बस्ती हैं। सबसे अच्छा कार्य करने वाले टॉप फाइव कमिश्नरी में मिर्जापुर, सहारनपुर, झांसी, अयोध्या और गोरखपुर हैं। सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले बॉटम फाइव में मेरठ, वाराणसी, कानपुर, लखनऊ और देवीपाटन मंडल है। सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले टॉप फाइव विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बस्ती, वाराणसी और गाजियाबाद हैं। सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले बॉटम फाइव में बागपत, सिद्धार्थनगर, जालौन, उन्नाव और सोनभद्र हैं। पांच सबसे अच्छे नगर निगम में प्रयागराज, शाहजहांपुर, गाजियाबाद, झांसी, फिरोजाबाद हैं। जबकि सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले में मेरठ, कानपुर शहर, अलीगढ़, सहारनपुर और मथुरा हैं।

# महाकुंभ को भव्य व दिव्य बनाने के लिए जल्द ही होगी बड़ी बैठक



- नंदी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के आयोजन को लेकर योगी का प्राप्त किया मार्गदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बताया कि देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए आस्था, सभ्यता एवं संस्कृति के सबसे बड़े केंद्र महाकुंभ मेला 2025 का आयोजन कुंभ मेला 2019 से भी ज्यादा दिव्य और भव्य होगा। महाकुंभ 2025 को अविस्मरणीय एवं अभूतपूर्व बनाने के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जल्द ही युद्धस्तर पर तैयारी शुरू होने जा रही है। महाकुंभ 2025 के लिए देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में सनातन धर्म प्रेमियों को आमंत्रित किया जायेगा। मंत्री नन्दी ने बताया कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में जल्द ही महाकुंभ मेला 2025 के भव्यता और दिव्यता के स्वरूप को निर्धारित करने के लिए प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 की एक बड़ी बैठक होगी। मंत्री नन्दी ने शनिवार को मुख्यमंत्री को भुवनमोहन प्रभु श्रीकृष्ण के प्राकट्य दिवस की शुभकामनाएं दीं। मंत्री नन्दी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डालर इकोनॉमी बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। तीसरी ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के सफल आयोजन के बाद 2023 की शुरुआत में उत्तर प्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट की मेज़बानी करने जा रहा है। आज चुस्त-दुरुस्त क़ानून व्यवस्था व इण्डस्ट्री फ़्रेंडली नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियलिस्ट और इंवेस्टर्स के लिए इन्वेस्टमेंट हब बनकर उभरा है। मंत्री नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज निवेश के लिए उद्योगपतियों की पहली पसंद बन कर उभरा है। आज उनका निवेश उत्तर प्रदेश में सुरक्षित है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 80 हजार 224 करोड़ रूपए के जो निवेश उत्तर प्रदेश में आए उसमें से अधिकांश धरातल पर उतरने लगे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुलाकात के दौरान कहा कि संगम नगरी प्रयागराज में आगामी महाकुंभ का आयोजन अविस्मरणीय एवं अभूतपूर्व होने जा रहा है। महाकुंभ को भव्य और दिव्य बनाने के लिए अभी से युद्ध स्तर पर तैयारियाँ शुरू हों इसके लिए जल्द ही एक बड़ी बैठक की जायेगी। आज पूरी दुनिया में रहने वाले सनातनी उत्तर प्रदेश की पौराणिक और आध्यात्मिक विरासत को सँवरते हुये देखकर गदगद हैं। मंत्री नन्दी ने मुख्यमंत्री से विभिन्न विभागीय विषयों पर भी बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# भाजपा राज में बहन-बेटियां सर्वाधिक असुरक्षितः अखिलेश

**पायनियर समाचर सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में बहन-बेटियां सर्वाधिक असुरक्षित और अपमानित जीवन जीने को विवश हैं। भाजपा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं' का नारा देकर सत्ता में आयी है और भाजपा सरकार में बहन-बेटियों की इज्जत रोज ही तार-तार हो रही हैं। बेखौफ अपराधी दुष्कर्मों को अंजाम दे रहे हैं और प्रशासन आंखे मूंद कर बैठा है। किसी भी राज में बच्चियां इतनी असुरक्षित कभी नहीं रही जितनी भाजपा राज में है और उन्हें सबसे ज्यादा खतरा भाजपाइयों से ही है। बहराइच में भाजपा के नगर उपाध्यक्ष ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर एक नाबालिग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म किया। इसका रिसिया थाने में मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। लखनऊ में भी उसे दुष्कर्म का शिकार होना पड़ा।



सत्ताधीशों के दबाव में मुकदमा दर्ज नहीं हो पा रहा है। उसने जनपद की एमएलसी से न्याय की भीख मांगी पर वह भी सुनकर चली गई। अखिलेश ने कहा कि अमृतकाल में दिनदहाड़े बेटियां जलाई जा रही है और उनकी हत्याएं हो रही हैं। मऊरानीपुर में मन्दिर दर्शन करने गई बेटी को जिंदा जलाने की दर्दनाक घटना हुई। हमीरपुर में युवती को निर्वस्त्र कर पीटा गया। वह गिडगिड़ाती रही, दरिन्दे वारदात को अंजाम देते रहे। अखिलेश ने कहा कि मोदी नगर में नौ साल की एक मासूम बच्ची को अगवाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया फिर उसे मार डाला गया। औरैया जनपद के दिबियापुर में मायके आई महिला से गैंगरेप के साथ उसके गहने-मोबाइल भी बदमाश लूट ले गए। एटा में छेड़छाड़ से तंग आकर एक किशोरी ने पढ़ाई बंद कर दी। पुलिस उसको स्कूल जाने की सुरक्षा भी नहीं दे पाई। अखिलेश ने कहा कि एक गम्भीर प्रश्न यह भी उठता है कि भाजपा राज में ही बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं की बाढ़ क्यों आ गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की बड़ी-बड़ी घोषणाओं का जमीन पर असर क्यों नहीं दिखाई पड़ता है, तमाम अपराधिक घटनाओं में भाजपाई नेताओं की संलिप्तता क्यों दिखाई दे रही है, सत्ता के दबाव में अपराधियों के खिलाफ मुकदमें दर्ज करने की जगह हीलाहवाली होती है। संगठन के स्तर पर अपराधी भाजपाइयों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही भी क्यों नहीं होती। सुशासन और गुडगवर्नेंस का जाप करने वाले भाजपा नेताओं को इन सवालों का जवाब जनता को देना ही होगा।

### बांके बिहारी मन्दिर हादसा भाजपा सरकार के माथे पर कलंक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मथुरा वृंदावन के बांके बिहारी मन्दिर में आधीरात दर्शनार्थियों के साथ दुखद हादसा भाजपा सरकार के माथे पर कलंक है। भ्रष्टाचार और प्रशासनिक असफलता के कारण ये दुर्घटना हुई। प्रशासन को पता था कि जन्माष्टमी पर्व पर भारी भीड़ आती है पर उसे नियंत्रित करने की सुचारू व्यवस्था नहीं की गई। सच तो यह है कि वृंदावन के श्री बांके बिहारी मन्दिर के आसपास क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के नाम पर ब्रज तीर्थ विकास परिषद में बैठे सत्ताधीशों द्वारा 27 करोड़ रुपए की लूट की गई पर श्रद्धालुओं को कोई सुविधा नहीं मिली। यादव ने श्रद्धालुजनों की मौत पर दुख जताते हुए श्रद्धांजलि दी है।

### तमिलनाडु से आए सपा नेताओं ने अखिलेश से की मुलाकात



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से शनिवार को समाजवादी पार्टी मुख्यालय में तमिलनाडु के समाजवादी नेता बीआर दामोदरन ने अपने साथियों के साथ भेंट की और उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। भेंट करने वालों में दामोदरन के साथ एनबी रोहित कुमार, अन्बालगन, वी सेंथिल मलारावन, आर वेंकटेश, पी. वरदराज, आर थिरूनावोक्का रासू, एसबी संतोष कुमार, बी श्रीधर एवं केडी बाबू शामिल रहे।

### झारखंड व असम के पूर्व राज्यपाल सैयद सिब्ते रजी का निधन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**किंग** जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सैयद सिब्ते रजी का शनिवार को ह्रदय गति रुकने से निधन हो गया। सैयद सिब्ते रजी पूर्व में झारखंड तथा असम के राज्यपाल रह चुके हैं। उन्हें 19 अगस्त 2022 को लारी कार्डियोलॉजी में भर्ती किया गया था। स्थिति गंभीर होने पर उन्हें क्रिटिकल केअर मेडिसिन विभाग, ट्रामा सेंटर में भर्ती शिफ्ट किया गया। पूर्ण प्रयास के उपरांत भी उनको बचाया न जा सका और दुर्भाग्यवश सैयद सिब्ते रजी का निधन हो गया। उनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। कांग्रेस नेताओं ने भी निधन पर दुख जताया है। राजस्थान सरकार के मंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने गहरा शोक प्रकट किया और ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान प्राप्त हो सके।

### 24 घंटे के दौरान मिले कोरोना के 592 नए मरीज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में बीते 24 घंटों के दौरान कोरोना के 592 नए मरीज मिले हैं। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 62597 सैम्पल की जांच की गई। प्रदेश में अब तक कुल 120903551 सैम्पल की जांच की गयी हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घंटों में 674 लोग तथा अब तक कुल 2089963 लोग कोविड-19 से ठीक हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कोरोना के कुल 4576 एक्टिव मामले है। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 19 अगस्त 2022 को एक दिन में 251066 वैक्सीन की डोज दी गयी है। प्रदेश में कल तक 18 वर्ष से अधिक लोंगों को कुल पहली डोज 153746749 तथा दूसरी डोज 146482325 दी गयी।

# पूरे उत्साह व धूमधाम से मनाई गई राजीव गांधी की 78वीं जयंती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पूर्व** प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 78वीं जयंती बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। कालीदास मार्ग स्थिता चौराहे पर राजीव गांधी की प्रतिमा पर कांग्रेस नेताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया। राजधानी में विभिन्न चौराहों पर मिष्ठान वितरण किया गया एवं भंडारे का आयोजन कर जरूरतमंदों को भोज प्रसाद वितरित किया गया।



इस परिप्रेक्ष्य में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की 78वीं जयंती सद्भावना दिवस पर राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में कवि सम्मेलन, भोज प्रसाद वितरण, मिष्ठान वितरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण. श्रद्धासुमन अर्पित कर देश के लिए उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित काव्यार्पण में देश भर से आए ख्यातिलब्ध कवि व शायरों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। अपनी रचनाओं के माध्यम से राजीव गांधी के जीवन और उनकी उपलाधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत राजीव गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, राजस्थान सरकार के मंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी, धीरज गुर्जर, नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा, मीडिया एवं कम्यूनिकेशन विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इस मौके पर प्रमोद तिवारी ने कहा कि राजीव गांधी की जिन्दगी एक खूबसूरत गीत की तरह थी। वह एक जिंदादिल इंसान थे। जब इंदिरा गांधी एवं संजय गांधी अमेठी से चुनाव लड़ते थे तब मैंने राजीव गांधी को देखा जब उनका राजनीति से कोई सरोकार नहीं था। मैंने राजीव गांधी को तब भी देखा जब संजय गांधी नहीं रहे। तब हम कांग्रेस के लोग मना रहे थे कि इन्दिरा गांधी सहारा बनने के लिए राजीव गांधी राजनीति में आ जाएं। काफी इंकार के बाद वो आए थे। हमे उनको उस स्वरूप में भी देखा। बहुत कम वक्त मिला उनको सन 1984 से 1989 तक पर उनका पांच साल आप अगर सिलसिले वार देंखे तो मैं तीन नाम लेता हूं नेहरू ने आधुनिक भारत बनाना चाहा और बनाया भी नींव रखी। इन्दिरा उसमें शक्ति डाली ताकत डाली, राजीव गांधी ने औद्योगिक क्रान्ति करके दुनिया को दिखा दिया कि हम गुलाम नहीं बल्कि सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि संचार क्रांति और कम्प्यूटर क्रांतिए शिक्षा का प्रसारए 18 साल के युवाओं को मताधिकार, पंचायती राज देश को देने वाली आधुनिक सोच और निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता के बादशाह हमारे भारत रत्न राजीव गांधी थे।

# पांच अध्यापकों के खिलाफ एफआईआर, भेजा गया जेल

- फर्जी नियुक्ति पत्र के सहारे सहायक अध्यापक पद पर ग्रहण किया था कार्यभार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जनपद** झांसी में फर्जी नियुक्ति पत्र के सहारे राजकीय माध्यमिक विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने का तथ्य विभाग के संज्ञान में आने पर 5 तथाकथित अध्यापकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराकर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

अपर शिक्षा निदेशक (राजकीय) केके गुप्ता ने बताया कि झांसी में पंचदेव पुत्र रामचरन मौर्य निवासी ग्राम लालमऊ, पोस्ट मेहनाजपुर, तहसील लालगंज, जनपद आजमगढ़ की कूटरचित एवं फर्जी नियुक्ति पत्र की राजकीय हाईस्कूल खडौरा, झांसी में कार्यभार ग्रहण आख्या निदेशालय को प्राप्त होने के फलस्वरूप नियुक्ति पत्र जांच में पूर्णतः फर्जी पाए जाने पर शिक्षा निदेशालय द्वारा तथाकथित सहायक अध्यापक के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान किए गए। उल्लेखनीय है कि लोक सेवा आयोग से राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए चयनित सहायक अध्यापकों एवं प्रवक्ताओं के पदस्थापन नियुक्ति पत्र निर्गत किए जाने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा एनआईसी के सहयोग से वेबसाइट विकसित की गयी है। वेबसाइट में समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों का लॉगिन उपलब्ध रहता है। प्रत्येक जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक के लॉगिन में उनके जनपद में पदस्थापित अभ्यर्थियों की विस्तृत सूचना उपलब्ध रहती है। नवनियुक्त अभ्यर्थियों द्वारा कार्यभार ग्रहण किए जाने के लिए सम्बन्धित जनपद-विद्यालय में नियुक्ति पत्र प्रस्तुत करने पर उसका मिलान जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा उनके लॉगिन पर उपलब्ध सूचना से किया जाता है। उसके बाद ही सम्बन्धित अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण कराया जाता है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक, झांसी द्वारा फर्जी अध्यापक के कार्यभार ग्रहण कराये जाने की सूचना प्राप्त होने पर प्रधानाध्यापिका राजकीय हाईस्कूल, खडौरा, झांसी को तत्काल प्रकरण से सम्बन्धित पत्र लेकर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए। प्रधानाध्यापिका राजकीय हाईस्कूल, खडौरा, झांसी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक, झांसी को अवगत कराया गया कि उनके विद्यालय में पंचदेव के अतिरिक्त अन्य 2 सहायक अध्यापक रणविजय विश्वकर्मा पुत्र लालचन्द्र विश्वकर्मा एवं नरेन्द्र कुमार मौर्य पुत्र राम आधार मौर्य ने भी विद्यालय में उसी तिथि में कार्यभार ग्रहण किया है तथा यह भी अवगत कराया गया कि जनपद के दो अन्य विद्यालय राजकीय हाईस्कूल वीरा जनपद झांसी एवं राजकीय हाईस्कूल बम्हौरी सुहागी, झांसी में भी एक-एक अध्यापिकाएं माह जुलाई 2022 में नियुक्त हुई हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 21 अगस्त, 2022



सीतापुर बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण में पहुंचे न्यायमूर्ति राकेश श्रीवास्तव

# लखनऊ हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति को सीतापुर में क्यों आयी बचपन की याद!

संवाददाता। सीतापुर

**बार एसोसिएशन** सीतापुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण में पहुंचे लखनऊ हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राकेश श्रीवास्तव ने शपथ ग्रहण से पहले बपचन की उन स्मृतियों को ताजा किया जब वह सीतापुर अपने ननिहाल आया करते थे। मुख्य अतिथि लखनऊ हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राकेश श्रीवास्तव ने विशिष्ट अतिथि जनपद न्यायाधीश कुलदीप कुमार द्वितीय, सदस्य बार कौसिंल ऑफ उत्तर प्रदेश अखिलेश अवस्थी एडवोकेट, प्रदीप कुमार सिंह, उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ अमित कुमार भदौरिया, उमेश चन्द्र शुक्ला के साथ नवीन कार्यकारिणी के अध्यक्ष चन्द्रभाल गुप्ता, महासचिव बुद्धि प्रकाश मिश्र सहित अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के बाद सीतापुर आने का विशेष कारण गिनाते हुए मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राकेश श्रीवास्तव ने

## ● नवनिर्वाचित बार एसोसिएषन के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

## ● जनपद न्यायाधीश ने कहा मिलकर कमियों को किया जाएगा दूर

## विषिष्ट अतिथि सह अध्यक्ष बार कौसिंल ऑफउ.प्र. प्रशान्त सिंह अटल ने रखे विचार

बताया कि वह सीतापुर छुट्टियों मेंवीओ-कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जनपद न्यायधीश कुलदीप कुमार द्वित्तीय ने अधिवक्ताओं से कहा कि हम लोग कमियां



मिलकर दूर कर लेगें। शपथ ग्रहण समारोह में विशिष्ट अतिथि मुख्य स्थाई अधिवक्ता प्रथम सह अध्यक्ष बार कौसिंल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रशान्त सिंह अटल, सदस्य बार कौसिंल ऑफ उत्तर प्रदेश परेश मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। बार एसोसिएशन सभागार के सामने दीवानी परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष चन्द्रभाल गुप्ता, महासचिव बुद्धिप्रकाश मिश्रा के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राममोहन पांडेय, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, जेष्ठ उपाध्यक्ष सपना त्रिपाठी, संध्या दीक्षित, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित मेहरोत्रा, आदेश कुमार वर्मा, प्रशासनिक सचिव हिमांशू विक्रम सिंह, संयुक्त सचिव आदित्य वर्मा, संयुक्त सचिव प्रकाशन अमृतांश मौर्य, सदस्य वरिष्ठ कार्यकारिणी वीरेन्द्र कुमार यादव, सर्वेश कुमार पांडेय, सीमा खान, शिवकुमार भारती, नीरज पांडेय, विनोद कुमार त्रिपाठी, सदस्य कनिष्ठ कार्यकारिणी पंकज तिवारी, मो. शमीम खान शानू, शमीम खान, विनोद कुमार, अमित कुमार वर्मा, गिरीश पांडेय, आडीटर अमित शुक्ला को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर अधिवक्ता बीके सिंह, अरविन्द मोहन मिश्रा, आशीष सिंह गौर, विजय अवस्थी, हरीश त्रिपाठी सहित तमाम अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# क्विक न्यूज

## आज होगी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग वनरक्षक सामान्य चयन परीक्षा, 55 केन्द्रों पर 22 हजार 680 परीक्षार्थी है पंजीकृत

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग वनरक्षक एवं अन्य जीव रक्षक सामान्य चयन प्रतियोगिता परीक्षा 2019 को संपन्न कराने के लिए सीतापुर में 55 केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा के लिए 22 हजार 680 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक देवी सहाय तिवारी ने बताया कि सीतापुर, सिधौली, हरगांव क्षेत्र स्थित कालेजों को परीक्षा केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। परीक्षा प्रातः 10रू00 बजे से दोपहर 12रू30 बजे तक एक ही पाली में संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं की थर्मल स्क्रीनिंग कराई जाएगी। सभी केंद्रों पर कोविड-19हेल्प डेस्क स्थापित कर दिया गया है। परीक्षा केंद्र के अंदर कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा ।परीक्षार्थियों को ऐसी सामग्री रखने के लिए निशुल्क क्लॉक रूम स्थापित किए गए हैं। जहां वह अपना मोबाइल आदि जमा कर सकेंगे।

## लक्ष्य पर ध्यान और आगे बढ़ने से मिलती मंजिल-सुरभि सिंह



**सीतापुर।** आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित बॉडी बिल्डिंग पावर लिफ्टिंग की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सुरभि सिंह ने गोल्ड मेडल पाकर अपना व अपने परिवार का नाम रोशन किया है। बरेली में आयोजित पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में 108 किग्रा भार उठाने में गोल्ड मेडल राजेन्द्र प्रसाद गड़ियाल ने दिया है और उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की है। सुरभि ने पायनियर से बताया कि अगर इरादा नेक और लगन है तो हर काम पर मुकाम पाया जा सकता है, इसीलिए हर किसी को अपने लक्ष्य पर ध्यान देना चाहिए और उसे आगे बढ़ना चाहिए मंजिल मिल जाएगी। उनके गोल्ड मेडल पाकर सम्मानित होने पर उनके पति अंकुर सिंह चौहान, डॉली ठाकुर, सुशील कुमार, टुकटूक, रोहित रावत, सौरभ, शहबाज, योगेश आदि ने बधाई दी है।

## घर के बाहर बैठे युवक को पीटा

**बरेली ।** गांव में रहने वाले दबंग राजमिस्त्री ने घर के बाहर बैठे एक युवक पर मजदूरी की रकम मांगने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।केंट थाने के गांव चनहेटी निवासी 20 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र सुखलाल को बीती रात इलाज के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहां धर्मेंद्र के घरवालों ने बताया कि धर्मेंद्र मजदूरी करता है और कुछ दिन पूर्व वह गांव में रहने वाले राजमिस्त्री अशर्फीलाल के साथ काम करने गया था लेकिन 20 दिन मजदूरी करने के बावजूद अशर्फीलाल ने धर्मेंद्र को मजदूरी नहीं दी कल शाम को धर्मेंद्र अशर्फीलाल से मजदूरी के रकम मांगने के लिए उसके घर गया था लेकिन अशर्फी ने उसे 20 दिन की मजदूरी देने से साफइनकार कर दिया जिससे दोनों में झगड़ा हो गया तब धर्मेंद्र अपने घर के बाहर आकर बैठ गया इसी दौरान अशर्फी लाठी लेकर उसके पास आया और हमला कर दिया जिससे धर्मेंद्र घायल हो गया घर के लोगों ने उसे बचाया और घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद इलाज के लिए जिला अस्पताल ले आए ।

## बरेली कॉलेज गेट पर शिक्षकों से अभद्रता

**बरेली ।** परीक्षा के दौरान बरेली कॉलेज में घुसने की कोशिश कर रहे दो युवकों ने शिक्षकों के साथ गाली-गलौज और अभद्रता की घटना की शिकायत पुलिस से कर कार्रवाई की मांग की गई।बारादरी थाना क्षेत्र में स्थित बरेली कॉलेज मे आज दोपहर परीक्षा के दौरान दो युवक बरेली कॉलेज के अंदर जाने की कोशिश कर रहे थे लेकिन परीक्षा के दौरान गेट पर मौजूद शिक्षकों ने उन्हे रोकने की कोशिश की तब दोनों ने खुद को सैनिक बताते हुए कहा वह कॉलेज में जाना चाहते हैं शिक्षकों ने उनसे कहा कि उनके पास मोबाइल फोन है इसलिए वह नहीं जाने देंगे जिससे नाराज युवकों ने शिक्षकों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दो घटना की जानकारी जैसे ही कॉलेज परिसर में मौजूद अन्य शिक्षकों को मिली तब डॉ टी एस चौहान के साथ अन्य शिक्षक मौके पर पहुंचे लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही अभद्रता करने वाले दोनों युवक मौके से फरार हो गए घटना को लेकर नाराज शिक्षकों ने पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है ।

# धूम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**सीतापुर।** जन्माष्टमी के पावन पर्व पर शहर के मोहल्ला होली नगर के एक परिवार ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर केक काटकर, तरह-तरह के प्रसाद का भोग लगाकर, आरती कर जन्मदिन मनाया। मध्य रात्रि आरती के बाद भक्तों में प्रसाद बांटा। भगवान कृष्ण की मनमोहक छटा को देखकर भक्त काफी खुश दिखे, भक्तों ने अपने मंदिर को सजाया। इस अवसर पर भक्त दुलारी अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, आशा अग्रवाल, रीता गुप्ता,





सूजल, अक्षय आदि मौजूद थे। कमलापुर के अतिप्राचीन सुप्रसिद्ध राधा-कृष्ण मंदिर मे.कसमण्डा राजपरिवार के कुवर दिनकर प्रताप सिंह की देखरेख श्री क्रण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन हुआ जिसमे कमलापुर के राधा-कृष्ण के भक्त मन्दिर मे ऐकत्रित होकर जन्मोत्सव मनाया इस मौकेपर मधुकर पाण्डेय, ग्यानेन्द्र धनगर, अनुराग जयसवाल, मनोज गुप्ता, श्रीकृष्ण गुप्ता, उमंग जयसवाल, आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

# महोली में डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर की** महोली तहसील में विधायक शशांक त्रिवेदी, डीएम अनुज सिंह एवं उसपी घुले सुशील चन्द्रभान ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियादियों की शिकायतें सुनीं। कार्यों में लापरवाही व धन उगाही की शिकायत पर लेखपाल सचिन मिश्रा तथा सुपंत की विभागीय जांच के आदेश तहसीलदार को दिए। महोली में कुल 56 शिकायतों में से 06 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी तरह सिधौली में प्राप्त 73 प्रार्थना पत्रों में से 05, लहरपुर में प्राप्त 66 प्रार्थना पत्रों में से 04, मिश्रिख में प्राप्त 37 प्रार्थना पत्रों में से 05, महमूदाबाद में प्राप्त 74 प्रार्थना पत्रों में से 05, सदर तहसील में प्राप्त 58 प्रार्थना पत्रों में से 05, बिसवां में प्राप्त 54 प्रार्थना-पत्रों में से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों को पृष्ठांकित कर निर्धारित समयावधि के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

अगस्त महीने के तीसरे शनिवार को आज तहसील सम्पूर्ण समांधान दिवस का आयोजन सीडी ओ की अगुवाई में तहसील के सभागार में सम्पन्न हुआ सीडीओ अक्षत वर्मा ने समांधान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण में सहयोग किया। सीओ सुशील यादव ने फरियादियों की पुलिस शिकायतों को देखा । सम्पूर्ण समांधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने किया। समांधान दिवस में कुल 37 फरियादियों ने तहसील पहुंचकर अपने प्रार्थना पत्र दिए। जांच के दौरान कुल 5 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कराया। शेष 32 प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को पांच दिवस में निस्तारण करने के आदेश दिए। तहसील समांधान दिवस आयोजन के मौके पर सभी विभागों के अधिकारी विद्युत विभागसे एसडीओ शैलेंद्र पांडे, वीडियो विकास सिंह, लेखपाल जैनेंद्र देवेदी लेखपाल कुलदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# कारागार राज्यमंत्री ने ताराचंद्र माहेश्वरी की मनाई जयंती

**सीतापुर ।** सिधौली के गांधी इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय ताराचंद्र महेश्वरी के जन्म जयंती पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही तथा विशिष्ट अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान रहे। उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक मंच व सूचना और जनसंपर्क विभाग के सौजन्य से उन्नाव से आए आल्हा गायकों ने आल्हा गायन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। फिर बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया। अतिथियों ने स्वर्गीय ताराचंद्र महेश्वरी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। गांधी विद्यालय प्रांगण में लगी ताराचंद महेश्वरी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद अतिथियों ने गांधी डिग्री कॉलेज स्थित ताराचंद महेश्वरी व तोताराम जैन के समाधि स्थल पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर विधायक मनीष रावत, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज के प्राचार्य केके शुक्ला, बिसवां से पूर्व विधायक महेंद्र यादव, प्रबंधक कमल जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे, धर्मेंद्र सिंह, डीके सिंह, बाबूराम पांडे, प्रकाश नारायण रस्तोगी, रामपाल भार्गव, डॉ ऋतु जैन, सुशील कुमार महेश्वरी, डॉ. पीयूष जयसवाल, डॉ. मोहम्मद खालिद, सूर्यपाल सिंह, ललित मिश्रा, पीयूष शुक्ला गोपाली आदि मौजूद थे।

# इमरजेंसी में जरूरी दवाएं न होने पर नाराज हुए सीएमओ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

पुराने भवन में प्राथमिक इमरजेंसी सेवा शुक्रवार को शुरू हो गई है। इसके बाद यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शनिवार की सुबह सीएमओ डॉण् अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी पहुंचे। जहां पर वह गंदगी और दवाओं का अभाव देखकर बेहद नाराज हुए। उन्होंने सख्त लहजे में वहां तैनात ईएमओ को व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में बताते हुए सीएमओ डॉण् अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिला पुरुष चिकित्सालय के 200 शैय्या चिकित्सालय ओयल में शिफ्ट हो जाने के बाद जिला चिकित्सालय की इमरजेंसी को भी वहीं शिफ्ट कर दिया गया है। जिससे शहर में रहने वाले लोगों को इमरजेंसी सेवा खासकर रात में काफी दिक्कतें आ रही थीं। जिसे लेकर जनप्रतिनिधियों व डीएम खीरी द्वारा शहर के पुराने भवन में प्राथमिक इमरजेंसी शुरू करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में शुक्रवार को यहां इमरजेंसी की सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। इस दौरान यह शिकायतें मिली कि कुछ जरूरी इंजेक्शन और दवाएं इमरजेंसी में नहीं थीं, इसे लेकर उन्होंने निरीक्षण किया था। वहां पर गंदगी को साफ करने के निर्देशों के साथ ही सीएमएसडी फार्मासिस्ट परमानंद वर्मा को तत्काल जरूरी इंजेक्शन और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही वहां चल रही पुताई की गुणवत्ता में कमी को लेकर भी ठेकेदार से तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए हैं। वहीं लगातार साफ सफाई की व्यवस्था यहां बनी रहे इसके लिए उन्होंने नगर पालिका ईओ से सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया है।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर सजीं झाकियां

**मैलानी-खीरी।** हर वर्ष की भांति इस बार भी नगर मैलानी के राम जानकी मंदिर में भव्य सजावट की गयी। सुन्दर-सुन्दर झांकियां सजाई गईं। उत्तराखंड से आये कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर उपवास रखकर विधि विधान से पूजा अर्चना करके भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर रात्रि में जन्मोपरान्त मंगल गीतों का आयोजन हुआ तथा प्रसाद वितरण किया गया। जय भवानी उत्सव के भवानी शंकर माहेश्वरी ने बताया कि राम जानकी मंदिर में बाहर से आये कलाकारों द्वारा भक्ति गीतों तथा कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में नगर शिव मंदिर काली मंदिर हनुमान मंदिर तथा मैलानी थाने में भी भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। साथ ही भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक राम लखन पटेल सहित समस्त पुलिसकर्मियों ने भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बढ़-चढ़ भाग लेते हुए सहयोग भी किया।

# हत्या का वांछित अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**पुलिस अधीक्षक** संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी गोला के मार्गदर्शन में 20 अगस्त को थाना गोला पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 576/22 धारा 302/201 भादवि में वांछित अभियुक्त मो. शाबान उर्फ वसीम पुत्र नसीर अहमद निवासी मुन्नुगंज थाना गोला जनपद खीरी को गिरफ्तार करके अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक धर्म प्रकाश शुक्ल थाना गोला, निरीक्षके अपराध विश्वनाथ यादव, कांस्टेबल शाहरुख खान व कांस्टेबल सूर्य प्रताप राघव शामिल रहे।

# रिश्वत लेने का वीडियो हुआ वायरल

जिम्मेदार मौन

संवाददाता पलिया कलां-खीरी।

उत्तर प्रदेश के जनपद लखीमपुर खीरी के विकासखंड पलिया से इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने निकल कर आ रही है।

आपको बताते चलें कि विकास खंड पलिया में वृद्धा पेंशन योजना के तहत रिश्वत लेने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित व्यक्ति अजय कुमार ने आरोप लगाया है कि वह अपने पिता का वृद्धा पेंशन योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किया था जिसका पंजीकरण संख्या 312812335451 है।

तत्पश्चात उपरोक्त आवेदन फार्म को स्थानीय प्रधान व सचिव द्वारा प्रमाणित कराकर हार्ड कापी दो जून को खंड विकास पलिया कला में समाज कल्याण विभाग के मुंशी रविंदर भास्कर पुत्र श्रीराम भास्कर निवासी ग्राम चखरा थाना निघासन जनपद खीरी को दे दिया। उपरोक्त मुंशी प्रार्थी से बोला पहले हम रिपोर्ट लगाते हैं उसके बाद वीडियो साहब लगाते हैं। तत्पश्चात प्रार्थी से रुपए की मांग की गई तब मैंने 100 रुपए दे दिया।

उन्होंने कहा कि एक माह में आपका काम हो जायेगा जिसका वीडियो क्लिप मेरे पास उपलब्ध है। वादे के मुताबिक एक माह के बजाय दो माह बीत जाने के बाद भी उपरोक्त आवेदन फार्म पेंडिंग पड़ा हुआ है।

जब मैंने मुंशी रविंदर भास्कर को फोन करके जानकारी लेना चाहा तो उन्होंने कहा कि हम इंडिया न्यूज़ और इंडिया रिपब्लिक चैनल के रिपोर्टर हैं जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मेरे पास उपलब्ध है।

इस मामले में प्रार्थी ने 8 अगस्त को लिखित तहरीर खंड विकास अधिकारी पलिया को दे दी है। वीडियो साहब ने आश्वासन दिया है कि कार्यवाही हो होगी परंतु 11 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है। अब देखना यह है कि उत्तर प्रदेश योगी सरकार में भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई होती है या फिर यूं ही जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने रहेंगे।

## पुलिस ने लापता को बरामद कर किया परिजनों के सुपुर्द

लखीमपुर-खीरी। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अपहृत, गुमशुदा व लापता व्यक्तियों की सकुशल बरामदगी हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत शनिवार को क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन में थाना भीरा पुलिस द्वारा गुमशुदा तिवारी पुत्र तोले राम निवासी कस्बा व थाना भीरा जनपद खीरी को सकुशल बरामद करके परिवारीजन के सुपुर्द किया गया।

# दिल्ली से ले आए सस्ती शराब, गए जेल

**लखीमपुर-खीरी।** अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के लिए प्रशासन, पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीमें प्रवर्तन अभियान चला रही है। यह अभियान 30 अगस्त तक लगातार चलेगा। डीईओ कुलदीप दिनकर ने बताया कि प्रवर्तन अभियान में सभी आबकारी निरीक्षकों द्वारा लगातार अपने.अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहेए जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये, जिस कारण जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 10 अभियोगो को पंजीकृत किया गया। 204 लीटर अवैध कच्ची शराब, 1.83 बीएल अवैध विदेशी मदिरा एवं 2050 किग्रा लहन बरामद की। इसके साथ ही क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षको के द्वारा रोड चेकिंग अभियान चलाया, जिसमे दिल्ली से आने वाली बसों की सघन तलाशी ली गई व देशी शराब, विदेशी मदिरा व बीयर दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

# पेज एक का शेष

## अरविंद केजरीवाल...

और अधिक सीट पर जीत हासिल करेगी, जिस तरह उसने 2019 में 2014 से बेहतर प्रदर्शन किया था। ठाकुर ने राष्ट्रीय राजधानी में शराब कारोबार के लिए लाइसेंस के आवंटन संबंधी कथित घोटाले में आप को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश करते हुए उसके नेताओं से इस मामले से जुड़े सवालों का जवाब देने को कहा। उन्होंने कहा कि यह रेवड़ी (नि:शुल्क सुविधाओं का वादा करने वाली) सरकार के साथ-साथ बेवड़ी सरकार भी है। उन्होंने कहा कि उसने कैबिनेट की मंजूरी के बिना शराब कंपनियों को 144 करोड़ रुपए से अधिक की राशि क्यों लौटा दी। ठाकुर ने कहा कि सिसोदिया इस मामले में आरोपी नंबर एक हैं, लेकिन केजरीवाल इस घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता हैं। उन्होंने सिसोदिया पर निशाना साधते हुए उन्हें मनी...श्श बताया और उन पर पैसा बनाने एवं चुप्पी साधने का आरोप लगाया। ठाकुर के साथ भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष आदेश गुप्ता और लोकसभा सांसद मनोज तिवारी भी मौजूद थे।

## सिसोदिया का...

को अच्छी शिक्षा देने, गरीब से गरीब व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के विषय में सोचते हैं। आज केजरीवाल के साथ लाखों बच्चों, करोड़ों देशवासियों की दुआएं हैं। वह डरने वाले नहीं हैं और अगला चुनाव अरविंद केजरीवाल बनाम नरेंद्र मोदी होकर रहेगा।

## जम्मू-कश्मीर...

आबादी लगभग 98 लाख है, जबकि वर्तमान में मतदाता के तौर पर 76 लाख सूचीबद्ध हैं। उन्होंने कहा, हम अंतिम सूची में 20 से 25 लाख नए मतदाताओं के जुड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि सूची त्रुटि मुक्त हो और सभी पात्र मतदाता इसमें शामिल हों। उन्होंने यह भी कहा था कि मतदाता बनने के लिए किसी व्यक्ति के पास जम्मू-कश्मीर का अधिवास प्रमाण पत्र होना जरूरी नहीं है। कुमार ने बताया, एक कर्मचारी, एक छात्र, एक मजदूर या बाहर का कोई भी व्यक्ति जो आमतौर पर जम्मू-कश्मीर में रहने का दावा करता हो, अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकता है। संबंधित सरकारी अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच के बाद फैसला लिया जाएगा।

## बांग्लादेश की...

लंबे समय से प्रतीक्षित समझौते में कुछ और समय लग सकता है और दोनों नेता इसमें गति लाने के तरीकों पर चर्चा कर सकते हैं। पांच सितंबर से शुरू होने वाले चार दिवसीय दौरे पर आने वाली प्रधानमंत्री हसीना यहां भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल से भी मुलाकात करेंगी और दोनों देश ऊर्जा की घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत से बांग्लादेश में एलएनजी के आयात के लिए इंडियन ऑयल और बेक्सिमको के बीच समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। दोनों देषों के प्रधानमंत्री संयुक्त रूप से बांग्लादेश से भारत के लिए एक स्वाधीनता सड़क का उद्घाटन भी करने की संभावना है। भूमि, समुद्र, रेल और लोगों से लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ-साथ दोनों देश सभी सात उत्तर-पूर्वी राज्यों और बांग्लादेश के साथ मजबूत व्यापार संबंध रखने के इच्छुक हैं। राष्ट्रीय राजधानी में आधिकारिक कार्यक्रमों के अलावा हसीना अपनी यात्रा के दौरान अजमेर शरीफ पहुंच ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह की जियारत भी करेंगी।

## दिल्ली पुलिस...

पिक्चरवाला के संपर्क में आया यह गुजरात और मुंबई के रहने वाले हैं। उसे नारायणभाई ने बताया कि वह 65 लाख रुपये में पासपोर्ट और वीजा दिलवाकर उसे अमेरिका भिजवा देगा। सौदा तय होने पर उसने नारायणभाई को 15 लाख रुपये एडवांस दिए। उसने अपनी फोटो और हस्ताक्षर मुंबई के जाकिर और जमील को वाट्स एप पर भेजे जिससे उसका फर्जी पासपोर्ट तैयार हो गया। इसके बाद उसके पासपोर्ट पर नीदरलैंड का फर्जी वीजा लगाया गया। उसे अमेरिका पहुंचने पर बकाया 50 लाख रुपये देने के लिए एजेंटों ने कहा था। उसकी गिरफ्तारी का पता चलते ही एजेंट भूमिगत हो गए। लेकिन तीन अगस्त को पुलिस टीम ने जमील को मुंबई से गिरफ्तार कर उसके पास से चार मोबाइल बरामद कर लिए। उसने पुलिस को बताया कि इस फर्जीवाड़े के धंधे का सरगना मुंबई का जाकिर शेख है। पुलिस टीम ने फिर छापेमारी का 16 अगस्त मुंबई से जाकिर को गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि इस काम के लिए उन्हें फर्जी पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज राजू भाई उर्फ इंतियाज अली सप्लाई करता है।

## केजरीवाल, सिसोदिया...

आधुनिक युग में, जब संविधान लागू है, प्रतिष्ठा के अधिकार को एक मूल अधिकार के तहत रखा गया है जो जीवन की स्वतंत्रता के व्यापक अधिकार के दायरे में आता है। इसलिए बेशक अनंत काल से भारतीय समाज ने प्रतिष्ठा को ऐसे किसी व्यक्ति की सबसे मूल्यवान संपत्ति के रूप में मान्यता दी है जो वकील या नेता जैसे सार्वजनिक जीवन से जुड़े पेशे से जुड़े हुए हैं। न्यायाधीश ने 81 पृष्ठों के आदेश में इस बात का जिक्र किया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि 14 अक्टूबर 2013 को कथित खबर प्रकाशित करा कर आरोपी व्यक्तियों ने उनकी मानहानि की, लेकिन वह इसे साबित करने में नाकाम रहें कि आरोपी 13 अक्टूबर 2013 को कथित प्रेस विज्ञप्ति जारी करने के लिए अधिकृत थे या उन्होंने इसे लिखा था। न्यायाधीश ने कहा कि शिकायतकर्ता बार-बार कोशिश करने के बावजूद यह साबित करने में नाकाम रहें कि आरोपियों ने उक्त कथित अपराध किए थे। उन्होंने कहा, इन परिस्थितियों में, अदालत आरोपी व्यक्तियों को मौजूदा मामले में दोषी करार नहीं दे सकती।

## मुंबई में...

हमला किया जाएगा और शहर को उड़ा दिया जाएगा। संदेशों में 26/11 हमलों में शामिल आतंकवादी अजमल कसाब और अलकायदा के (मारे जा चुके) सरगना अयमान अल जवाहिरी का भी जिक्र है। उन्होंने कहा, यह भी जिक्र किया गया है कि उनके कुछ सहयोगी भारत में काम कर रहे हैं। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि धमकी देने वाले संदेश जिस नंबर से भेजे गए थे, उसका कोड पाकिस्तान का है। उन्होंने कहा, हमने इन संदेशों को गंभीरता से लिया है। धमकी भरे संदेशों की जांच करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। हम तटीय सुरक्षा को लेकर चौकन्ने हैं और तटरक्षक बल के साथ समन्वय कर रहे हैं। पुलिस आयुक्त ने बताया कि सुरक्षा कवच अभियान शुरू किया गया है और तटीय क्षेत्रों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## हिमाचल, उत्तराखंड...

कांगड़ा में चक्की पुल शनिवार को भारी बारिश के कारण गिर गया, जिससे पठानकोट और जोगिंदरनगर के बीच ट्रेन सेवा बाधित हो गई। उत्तराखंड में, शनिवार को तड़के बादल फटने की विभिन्न घटना में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 लापता हो गए क्योंकि बारिश के कारण तटबंध टूट गए, पुल बह गए, और घरों के अंदर कीचड़ और पानी जमा हो गया। इससे कई गांवों से लोगों को निकालने के लिए मजबूर होना पड़ा। पानी से अधिक नुकसान होने के मद्देनजर परिवहन के हिसाब से कई सड़कों को अवरुद्ध कर दिया गया, जबकि उत्तराखंड के पौड़ी जिले में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया। बारिश ने पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों को भी प्रभावित किया, ओडिशा में पहले से ही महानदी नदी का क्षेत्र बाढ़ की चपेट में है और 500 गांवों में लगभग 4 लाख लोग फंसे हुए हैं। इससे चार लोगों की मौत हुई है जबकि पड़ोसी झारखंड में एक व्यक्ति की मौत हुई है। ओडिशा को और अधिक नुकसान हुआ है और इसके उत्तर में कुछ हिस्सों में शुक्रवार रात से बारिश हो रही है। आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने से भुवनेश्वर के बाजारों में सब्जियों की कीमतों में तेजी आई है। ओडिशा जल संसाधन के मुख्य अभियंता बी के मिश्रा ने शनिवार को कहा कि बालासोर, क्योंझर और मयूरभंज में पिछली रात भारी बारिश के कारण सुवर्णरेखा, बुधबलंग, बैतरणी और सालंदी में जल स्तर की निगरानी की जा रही है।

## मंकीपॉक्स के...

जा रहा है। निर्माता सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से वैक्सीन विकसित करेंगे। आईसीएमआर ने पिछले महीने 27 जुलाई को मंकीपॉक्स के लिए वैक्सीन और डायग्नोस्टिक किट बनाने के लिए ईओआई आमंत्रित किये थे। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, मंकीपॉक्स एक वायरल जूनोसिस है जो जानवरों से मनुष्यों में फैलता है। इसमें चेचक के समान लक्षण होते हैं। हालांकि चिकित्सकीय रूप से यह कम खतरनाक होता है। मंकीपॉक्स के लक्षण के तौर पर पहले बुखार, शरीर पर हल्के दाने और सूजी हुई लिम्फ नोड्स के साथ उभरता है और इससे कई तरह की चिकित्सीय जटिलताएं हो सकती हैं। हालांकि यह आमतौर पर दो से चार सप्ताह तक रहती है और फिर व्यक्ति ठीक हो जाता है।

# केजरीवाल बनाम मोदी में तो भाजपा की जीत पक्की : हेमंत

**भाषा।** गुवाहाटी



**असम के** मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि अगर आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ खड़े होते हैं तो 2024 का लोकसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए आसान हो जाएगा। शर्मा ने दावा किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को कई राज्यों में लोग जानते भी नहीं हैं, जिससे लोकसभा में भाजपा का आंकड़ा और बढ़ जाएगा।

शर्मा ने यह पूछे जाने पर कि क्या 2024 का लोकसभा चुनाव मोदी बनाम केजरीवाल होगा, इस पर उन्होंने पत्रकारों से कहा, बढ़िया है। किसी भी खेल जैसे कि क्रिकेट में विपक्ष आवश्यक होता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी किसी को खेलने की आवश्यकता होती है। मोदी जी बनाम केजरीवाल अच्छा खेल होगा। भाजपा नेता ने दावा किया कि कई राज्यों में लोगों ने केजरीवाल का नाम तक नहीं सुना है और अगर वह मोदी के खिलाफ खड़े होते हैं तो भाजपा खुश होगी क्योंकि इससे लोकसभा में पार्टी की सीटों का आंकड़ा बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा, यह एक आसान जीत होगी। आप के इस आरोप पर कि केंद्र सरकार केजरीवाल की पार्टी द्वारा शुरू किए गए स्वास्थ्य देखभाल मॉडल को खत्म करने की कोशिश कर रही है, शर्मा ने कहा कि दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक स्वास्थ्य देखभाल के मॉडल नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि इसके बजाय असम की स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था एक मॉडल हो सकती है। उन्होंने कहा, अगर स्वास्थ्य देखभाल के लिए कोई मॉडल हो सकता है तो लोगों को असम आना चाहिए और यह देखना चाहिए कि कैसे प्रत्एक जिले में हम एक मेडिकल कॉलेज बना रहे हैं। असम के मुख्यमंत्री ने कहा, दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक मॉडल नहीं हो सकते। अगर मोहल्ला क्लीनिक मॉडल बन जाते हैं तो कोई भी हमारी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए भारत नहीं आएगा।

## सीबीआई अदालत ने अनुब्रत मंडल की जमानत याचिका खारिज की, हिरासत 24 तक बढ़ाई

**आसनसोल (पश्चिम बंगाल)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने कथित पशु तस्करी घोटाले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अनुब्रत मंडल की जमानत याचिका शनिवार को खारिज कर दी और केंद्रीय एजेंसी के लिए उनकी हिरासत 24 अगस्त तक बढ़ा दी। मंडल को बहुत शक्तिशाली और अत्यधिक प्रभावशाली व्यक्ति बताते हुए सीबीआई ने टीएमसी नेता की हिरासत बढ़ाने की अपील करते हुए कहा कि वह जमानत मिलने पर गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं और सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं। सीबीआई के वकील ने कहा कि 10 बार समन जारी होने के बावजूद मंडल का शुरू से ही असहयोगी रवैया रहा है। वकील ने यह भी दावा किया कि मंडल ने एक डॉक्टर पर पर्चे में पूरी तरह आराम करने की सलाह लिखने लिए भी दबाव डाला था। मंडल को 11 अगस्त को सीबीआई ने कथित पशु तस्करी घोटाले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया था।



पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 78वीं जयंती पर उनको श्रद्धाजंलि देते राहुल व प्रियंका। साथ में राबर्ट बाड्रा व मल्लिकार्जुन खड़गे व अन्य

# भाजपा ने ब्राह्मण विरोधी और महिला विरोधी टिप्पणी के लिए ओबीसी नेता को पार्टी से निष्कासित किया

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मध्य प्रदेश इकाई ने शिवपुरी जिले से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के रिश्तेदार प्रीतम लोधी को कथित तौर पर ब्राह्मण और महिला विरोधी टिप्पणी करने के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। लोधी द्वारा इस सप्ताह की शुरुआत में की गई टिप्पणी पर पार्टी से लिखित माफी मांगने के बावजूद भाजपा ने शुक्रवार को लोधी के खिलाफ कार्वाई की। लोधी दो बार शिवपुरी जिले की पिछोर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं, हालांकि वह चुनाव जीत नहीं सके थे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने एक बयान में कहा, ब्राह्मणों और महिलाओं के खिलाफ लोधी की टिप्पणी को पार्टी ने गंभीरता से लिया है और उनके अपराध को अक्षम्य पाया, इसलिए प्रदेश भाजपा प्रमुख वी. डी. शर्मा ने शुक्रवार को लोधी को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित करने का फैसला किया। उन्होंने कहा, भाजपा के लिए सामाजिक समरसता और महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है। शिवपुरी के बदरवास में 17 अगस्त को रानी अवंती बाई लोधी की जयंती के मौके पर दिए गए एक बयान का वीडियो सामने आने के बाद प्रीतम लोधी विवाद में फंस गए थे। वीडियो में ब्राह्मणों के बारे उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है, ब्राह्मण पुजारी लोगों को बेवकूफ बनाते हैं और उनके पैसे तथा अनाज लूटते हैं। उनमें से कुछ महिलाओं को घूरते हैं और प्रवचन के दौरान युवतियों को आगे की पंक्तियों में बैठाते हैं। यह वीडियो सामने आने के बाद विपक्षी दल कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा था तो वहीं ब्राह्मण समुदाय के कई संगठनों ने उन्हें पार्टी से निकालने की मांग को लेकर पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन किया।

# महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री घर पर नहीं बैठते दौरे करते हैं: फडणवीस का उद्धव को जवाब

**भाषा।** मुंबई



**शिवसेना प्रमुख** उद्धव ठाकरे पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री घर पर नहीं बैठे रहते बल्कि राज्य का दौरा करते हैं और लोगों से मिलते हैं। फडणवीस ने यह भी कहा कि बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना गठबंधन की विजय होगी। भाजपा ठाकरे पर आरोप लगाती रही है कि वह मुख्यमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल (नवंबर 2019 से जून 2022) के दौरान मुंबई से बाहर नहीं निकलते थे और अधिकतर बैठकें घर पर ही करते थे। फडणवीस ने कहा कि विधायक आशीष शेलार को मुंबई भाजपा अध्यक्ष का पद दिया गया है ताकि बीएमसी चुनाव में जीत सुनिश्चित की जा सके।

उप मुख्यमंत्री ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में कहा, पिछली बार (2017) जब बीएमसी का चुनाव हुआ था तो शेलार मुंबई भाजपा अध्यक्ष थे और पार्टी ने (निकाय की 227 सीटों में से) 82 सीटें जीती थीं। हम अपना महापौर नियुक्त कर सकते थे लेकिन हमने दो कदम पीछे हटकर अपने सहयोगी (शिवसेना) को उनका महापौर नियुक्त करने का अवसर दिया। इस बार महापौर भाजपा-शिवसेना गठबंधन का होगा। फडणवीस ने कहा कि बाल ठाकरे की विचारधारा को मानने वाली असली शिवसेना वह है जिसका नेतृत्व मुख्यमंत्री शिंदे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत पूर्ववर्ती सरकार (2014 से 2019) ने मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के जरिए महानगर और आसपास के इलाकों में तीन लाख करोड़ रुपए निवेश करना शुरू किया था और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व के कारण संभव हुआ था। पूर्ववर्ती महा विकास आघाडी सरकार पर धारावी पुनर्विकास परियोजना को आगे नहीं बढ़ाने का आरोप लगाते हुए फडणवीस ने कहा कि शिंदे के नेतृत्व वाली नई सरकार अगले तीन महीने में सभी बाधाओं को पार कर धारावी के लोगों को घर देगी।

## विपक्ष के नेता ने हिमाचल के मुख्यमंत्री से पूछा मुख्य सचिव को क्यों हटाया गया

**शिमला।** कांग्रेस नेता मुकेश अग्निहोत्री ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से पूछा है कि कुछ सप्ताह पहले मुख्य सचिव को उनके पद से क्यों हटाया गया और हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एचपीपीएससी) की अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह बृहस्पतिवार को अंतिम क्षण में रद्द क्यों किया गया। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता मुकेश अग्निहोत्री ने शुक्रवार को फेसबुक पर पोस्ट करके पूछा कि क्या प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के निर्देश पर मुख्य सचिव को हटाया गया है। विपक्षी दल के नेता ने सवाल किया, यह जानने का हिमाचल प्रदेश की जनता का अधिकार है कि मुख्य सचिव को उनके पद से क्यों हटाया गया। राम सुभग सिंह को जुलाई में मुख्य सचिव के पद से हटाकर प्रधान सलाहकार (प्रशासनिक सुधार) नियुक्त किया गया था। अग्निहोत्री ने आगे पूछा कि एचपीपीएससी प्रमुख का शपथ ग्रहण समारोह आखिरी घंटे क्यों रद्द कर दिया गया।

## क्विक न्यूज

### एनडीपीपी, भाजपा ने विलय की अटकलें खारिज की

**कोहिमा।** नगालैंड में सत्तारूढ़ गठबंधन में साझेदार नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस की इन अटकलों को खारिज कर दिया है कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद दोनों दलों का विलय हो जाएगा। एनडीपीपी नेता नेबा क्रोनु और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एम. किकोन ने शुक्रवार को संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नगालैंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रमुख के. थेरी और कांग्रेस की नगालैंड इकाई के प्रभारी अजय कुमार द्वारा विभिन्न अवसरों पर व्यक्त अनुमान केवल कोरी कल्पना है। कैबिनेट मंत्री क्रोनु ने कहा, भाजपा एक राष्ट्रीय पार्टी है और इसके अपने सिद्धांत हैं जबकि एनडीपीपी एक क्षेत्रीय दल है जिसके खुद के सिद्धांत हैं। भाजपा के साथ विलय का ना तो कोई एजेंडा है और ना ही इस पर कोई चर्चा हुई है।

### गुजरात के जामनगर में आरआईएल के चिड़ियाघर के खिलाफ दायर याचिका न्यायालय में खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने रिलायंस इंडस्ट्रीज द्वारा गुजरात के जामनगर में एक चिड़ियाघर के निर्माण की अनुमति को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी है कि याचिका में कोई तर्क या आधार नही दिया गया है। न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर द्वारा जानवरों के अधिग्रहण पर प्रतिबंध लगाने संबंधी एक वकील की याचिका खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस बात पर विवाद की कोई गुंजाइश नही है कि ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर एक मान्यता प्राप्त चिड़ियाघर होने के साथ-साथ एक रेस्क्यू सेंटर भी है। इसने कहा कि केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा चिड़ियाघर और बचाव केंद्र को मान्यता प्रदान करने में कोई कानूनी खामी नही है। पीठ ने कहा, प्रतिवादी संख्या-दो की विशेषज्ञता की कमी या व्यावसाईकरण के याचिकाकर्ता के आरोप अनिश्चित है और ऐसा नही लगता है कि इसने (याचिकाकर्ता ने) जनहित याचिका के अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करते हुए इस अदालत के समक्ष आने से पहले जरूरी शोध किया है। याचिकाकर्ता कन्हैया कुमार ने ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर के प्रबंधन को लेकर एक एसआईटी के गठन की भी मांग की थी।

### तमिलनाडु से गायब चोल वंश की मूर्ति अमेरिका में मिली

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तंजावुर जिले में थंडनथोटम के नादानपुरेश्वरर शिवन मंदिर से गायब हुई चोल काल के शैव संप्रदाय के कवि एवं संत संबंदर की 13वीं शताब्दी की उत्कृष्ट कांस्य की मूर्ति अमेरिका में क्रिस्टी नीलामी हाउस में मिली है। तमिलनाडु के मूर्ति प्रकोष्ठ ने शनिवार को यह दावा किया। बाएं पैर को ऊपर उठाए हुए और अपने बाएं हाथ को फैलाए हुए कमल के फूल पर नृत्य करती हुई संत संबंदर की सुंदर नक्काशीदार मूर्ति की कमर में घंटियों वाला कमरबंद लिपटा हुआ है। संत संबंदर की इस मूर्ति के टखनों, बाहों, छाती, गर्दन और कानों पर सजाने वाले आभूषण जड़े हुए है। मूर्ति की बादाम की आकार की आंखे, सिर को सुशोभित करने वाली एक लंबी शंक्वाकार टोपी और एक पुष्प मंडल शिल्पकार की निपुणता को प्रदर्शित करता है। उसी थंडनथोटम मंदिर से गायब हुई देवी पार्वती की मूर्ति मिलने के बाद यह दूसरा मामला है जब अमेरिका में तमिलनाडु से गायब हुई कोई प्राचीन मूर्ति मिली है। गौरतलब है कि नादानपुरेश्वर शिवन मंदिर से संबंदर, कृष्ण कलिंग-नर्थना, अय्यनार, अगस्तियार और देवी पार्वती की मूर्ति समेत कुल पांच मूर्तियां मई 1971 में चुराई गईं थी। इस संबंध में के वासू नामक एक व्यक्ति ने 2019 में शिकायत दर्ज कराई थी। मूर्ति प्रकोष्ठ पुलिस के अनुसार निरीक्षक इंदिरा ने क्रिस्टी नीलामी हाउस की वेबसाइट पर प्रदर्शित संबंदर की मूर्ति का पता लगाया। विशेषज्ञों ने पुष्टि की है कि चुराई गई यह मूर्ति क्रिस्टी को मिली और फिर उसने यह मूर्ति नीलाम कर दी। तमिलनाडु के मूर्ति प्रकोष्ठ ने क्रिस्टी से मूर्ति को लौटाने का आग्रह किया है।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं साइबर सिक्योरिटी को लेकर जागरूक होंगे ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी

**पुरवा।** एमआरएसएस इंटर कॉलेज पुरवा, उन्नाव में इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज (आईएमएएस) लखनऊ तथा राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा साइबर सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मोटिवेशनल कैंप का आयोजन 22 से 24 अगस्त तक किया जाएगा। कार्यक्रम समन्वयक हंस राज नायक ने बताया कि तीन दिवसीय विज्ञान जागरूकता कैम्प में वैज्ञानिक व्याख्यान,विज्ञान क्विज और पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है और साथ ही विद्यार्थियो को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा पर मॉडल बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा जिस पर विद्यार्थी के होने वाले खर्च को आईएमएएस वहन करेगी। कैम्प में आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ की मोबाइल सांइस एग्जिबिशन में अनेक वैज्ञानिक प्रदर्श विद्यार्थी देख और परख कर मनोरंजन के साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास के साथ अपने को जोड़ सकेंगे। कैंप में विज्ञान फिल्मों को भी दिखाया जायेगा। विषय विशेषज्ञओ और वैज्ञानिकों द्वारा वैज्ञानिक मॉडल बनाना भी सिखाया जाएगा। विज्ञान के नवीनतम विषयों में शिक्षा और प्रशिक्षण के साथ रोजगार की संभावनाओं पर वैज्ञानिक व्याख्यान अयोजित किए जायेगे। कैंप में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं है । इच्छुक विद्यार्थी अवध किशोर कैम्प समन्वयक एवं विज्ञान प्रवक्ता, एम आर एस एस इंटर कालेज पुरवा उन्नाव से संपर्क कर निःशुल्क पंजीकरण करा सकते हैं। इस कार्यक्रम के द्वारा ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों एवं मोटिवेशनल कैंप के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं साइबर सुरक्षा हेतु जागरूक किया जाएगा।

### जम्मू-कश्मीर के बडगाम में ग्रेनेड हमला करने के मामले में दो हाईब्रिड आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** स्वतंत्रता दिवस पर बडगाम मे हुए ग्रेनेड हमले के सिलसिले मे लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो हाईब्रिड आतंकवादियो को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त को आतंकवादियो ने बडगाम जिले के गोपालपुरा चदूरा में एक ग्रेनेड फेंका था, जिसमें कृष्ण कुमार नामक व्यक्ति घायल हो गया था। अधिकारी ने बताया कि स्थानीय पुलिस थाने मे मामला दर्ज किया गया है। कश्मीर जोन पुलिस ने शनिवार को ट्वीट किया, बडगाम पुलिस ने 15 अगस्त को गोपालपुरा में हुए ग्रेनेड हमले की गुत्थी सुलझा ली है। लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों साहिल वानी और अल्ताफ फारूक आमिर को गिरफ्तार किया गया है। आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किए गए वाहन को जब्त कर लिया गया है। जांच जारी है। उन्होने कहा कि मामले की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि स्कूटी पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति ग्रेनेड फेंकने की वारदात मे शामिल थे। अधिकारी ने कहा कि कई संदिग्धों से पूछताछ की गई और जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि तंगनार क्रालपोपरा चदूरा का रहने वाला साहिल अहमद वानी हमले मे शामिल था। उन्होने कहा कि वानी को गिरफ्तार कर लिया गया और पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि उसने और मुख्य साजिशकर्ता अल्ताफ फारूक उर्फ अमीर ने वारदात को अंजाम दिया था। अधिकारी ने कहा कि इसके बाद छापेमारी कर फारूक को गिरफ्तार कर लिया गया।



वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में बिहारी जी के दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़

# केरल के सीएम ने केंद्र पर राज्य को आर्थिक रूप से कमजोर करने का आरोप लगाया

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**केरल के** मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार राज्य को आर्थिक रूप से कमजोर कर रही है और उसके विकास के रास्ते में बाधा डालकर उसे तबाह करने की कोशिश कर रही है।

केंद्र पर राज्य के सीमित अधिकारों को भी कम करने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि वे इसे नष्ट करने के उद्देश्य से राज्य पर एक अजीब तरह का आर्थिक दबाव थोपने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यहां पीएससी कर्मचारी संघ के राज्य सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश में प्रचलित संघीय सिद्धांतों का उल्लंघन करने का अपना प्रयास जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा, हमारे राज्य के योग्य राजस्व अनुदान में कटौती की गई है और इसकी कर्ज सीमा को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। हमारे राज्य को एक गहरे संकट में धकेलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार राज्य की शक्तियों को हड़प रही है। मार्क्सवादी नेता ने कहा कि यह देश के लिए विनाश का कारण बन गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र का रवैया ऐसा है, हम कुछ भी कर सकते हैं और आप नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि केंद्र सहकारी क्षेत्र को अपने कब्जे में करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि दस लाख पदों को खाली रखकर केंद्र सरकार देश के रोजगार क्षेत्र को तबाह करने की कोशिश कर रही है। विजयन ने देश के संवैधानिक संस्थानों को कमजोर करने और लोगों के बीच विभाजन पैदा करने के कथित प्रयासों के खिलाफ भी चेतावनी दी। केंद्र के खिलाफ मुख्यमंत्री का हमला प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा राज्य के पूर्व वित्त मंत्री टी. एम. थॉमस इसाक को केआईआईएफबी के आर्थिक लेनदेन में कथित उल्लंघन की जांच के संबंध में नोटिस भेजे जाने के हफ्तों बाद आया है। केआईआईएफबी, अहम बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में वित्तीय सहयोग करने वाली राज्य सरकार की प्राथमिक एजेंसी है।

# जम्मू-कश्मीर की मतदाता सूची में गैर स्थानीय निवासियों को शामिल करने का विरोध करेगी कांग्रेस पार्टी

**श्रीनगर।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि वह जम्मू कश्मीर में मतदाता सूची में गैर स्थानीय मतदाताओं को शामिल करने का विरोध करेगी और वह इस मुद्दे को कानूनी चुनौती देने पर विचार कर रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की जम्मू-कश्मीर प्रभारी रजनी पाटिल ने आरोप लगाया कि गैर-स्थानीय लोगों को जम्मू-कश्मीर में वोट की अनुमति देने का कदम अवैध है। उन्होंने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला द्वारा इस मुद्दे पर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस शामिल होगी। उन्होंने यहां कहा, हम इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे। हम इसका विरोध करेंगे। पाटिल ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 78वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से यह बात कही। कार्यक्रम में वकार रसूल ने पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। पाटिल ने कहा कि पार्टी इस मुद्दे को कानूनी चुनौती देगी और एक जनहित याचिका दायर करेगी। उन्होंने कहा, हम सर्वदलीय बैठक में भाग लेंगे। हमारे (प्रदेश) अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष बैठक में शामिल होंगे। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र के हितों के लिए खड़ी रहेगी। जम्मू-कश्मीर में कई पार्टियों ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी हृदेश कुमार की इस टिप्पणी पर आपत्ति जताई है कि केंद्र शासित प्रदेश की मतदाता सूची में लगभग 25 लाख अतिरिक्त मतदाताओं को शामिल किया जाएगा, जिनमें गैर-स्थानीय लोग भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा था कि काम के सिलसिले में यहां रहने वाले लोग अगले विधानसभा चुनाव में वोट डाल सकते हैं। हालांकि, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में 25 लाख से अधिक अतिरिक्त मतदाताओं को सूची में शामिल करने के मामले में निहित स्वार्थ वाले लोगों ने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया है।

# तेजस्वी ने राजद के मंत्रियों के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

**भाषा।** पटना



**बिहार के** उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कोटे से मंत्री बने मंत्रिमंडल में अपने सहयोगियों के लिए दिशा-निर्देशों की एक सूची जारी की है। तेजस्वी के इस कदम को स्पष्ट रूप से अपनी पार्टी की छवि बदलने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

राजद नेता ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर यह दिशा-निर्देश जारी किए। तेजस्वी ने बिहार सरकार में राष्ट्रीय जनता दल के कोटे से मंत्री बने पार्टी नेताओं को विभाग में अपने लिए कोई नया वाहन नहीं खरीदने का निर्देश दिया है। मंत्रियों को कहा गया है कि वे इस बात का ध्यान रखें कि वह उनसे मिलने आने वाले आयु में उनसे बड़े कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों, समर्थकों अथवा किसी भी अन्य व्यक्ति को पांव नहीं छूने देंगे। शिष्टाचार और अभिवादन के लिए हाथ जोड़कर प्रणाम, नमस्ते व आदाब की परंपरा को ही बढ़ावा देंगे। तेजस्वी ने कहा, नमस्ते या आदाब के साथ ही अभिवादन का आदान-प्रदान किया जाना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने मंत्रियों के लिए यह निर्देश ऐसे समय में जारी किए हैं जब कई मंत्रियों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों को लेकर उनकी पार्टी विपक्ष की आलोचना का सामना कर रही है। तेजस्वी ने सभी मंत्रियों से आग्रह किया है कि उनका सभी के साथ सौम्य और शालीन व्यवहार हो तथा बातचीत सकारात्मक रहे। मंत्रियों को निर्देश दिया गया है कि वे सादगी से पेश आते हुए सभी जातियों और धर्मों के गरीब एवं जरुरतमंद लोगों की प्राथमिकता के आधार पर मदद करेंगे। राजद नेताओं से कहा गया है कि वे किसी से भेंट स्वरूप गुलदस्ता लेने-देने के स्थान पर किताबों और कलमों के आदान-प्रदान को बढ़ावा दें। तेजस्वी ने कहा कि मंत्री सभी विभागीय कार्यों में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ईमानदारी, पारदर्शिता, तत्परता और त्वरित क्रियान्वयन की कार्यशैली को बढ़ावा दें। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी मंत्रीगण मुख्यमंत्री बिहार सरकार एवं अपने अधीनस्थ विभागों, कार्य योजनाओं और विकास कार्यों का सोशल मीडिया पर लगातार प्रचार-प्रसार करेंगे ताकि जनता को सरकार की प्रत्एक पहल की सकारात्मक जानकारी प्राप्त हो सके।


## कांग्रेस का नीतीश, तेजस्वी से कानून मंत्री विवाद पर आवश्यक कदम उठाने का आग्रह

**पटना।** कांग्रेस ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता कार्तिक कुमार को महागठबंधन सरकार में कानून मंत्री बनाए जाने से उपजे विवाद को लेकर आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कार्तिक कुमार पर यह आरोप लगाते हुए उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की है कि उनके खिलाफ 2014 के अपहरण के एक मामले में गिरफ्तारी वारंट लंबित है। इस मामले में मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह भी आरोपी हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दल भाकपा (माले) ने भी मंत्रिमंडल में राजद नेता को शामिल किए जाने पर पुनर्विचार करने की मांग की है। कांग्रेस के बिहार मामलों के प्रभारी भक्त चरण दास ने पीटीआई-भाषा से कहा, नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव दोनों को राजद नेता कार्तिक कुमार के खिलाफ मामले की गंभीरता को समझना चाहिए। इस मुद्दे पर चर्चा की जरूरत है और मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री को आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

# भारत के साथ स्थाई शांति चाहते हैं पाक पीएम

## कश्मीर मुद्दे के हल के लिए युद्ध कोई विकल्प नहीं: शहबाज

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि उनका देश बातचीत के जरिए भारत के साथ स्थाई शांति चाहता है और कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए युद्ध दोनों देशों के लिए कोई विकल्प नहीं है। द न्यूज इंटरनेशनल अखबार की खबर के अनुसार, हार्वर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के एक समूह को संबोधित करते हुए शहबाज शरीफ ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के तहत कश्मीर मुद्दे का हल क्षेत्र में स्थाई शांति से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री शरीफ ने शुक्रवार शाम कहा, पाकिस्तान क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। खबर के अनुसार, उन्होंने कहा, हम बातचीत के जरिए भारत के साथ स्थाई शांति चाहते हैं क्योंकि युद्ध किसी भी देश के लिए कोई विकल्प नहीं है। गौरतलब है कि कश्मीर मुद्दा और सीमा पार से होने वाली आतंकवादी गतिविधियों के कारण भारत-पाकिस्तान के बीच संबंध अक्सर तनावपूर्ण रहा है। भारत द्वारा पांच अगस्त, 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को समाप्त किए जाने, जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म किए जाने और राज्य को पांच अगस्त 2019 को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांट जाने के बाद दोनों देशों के बीच संबंध और खराब हो गए। भारत ने बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। भारत का कहना है कि वह आतंकवाद, अस्थिरता और हिंसा मुक्त माहौल में पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसियों जैसा संबंध चाहता है। छात्रों के साथ बातचीत में शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान और भारत को व्यापार, अर्थव्यवस्था और अपने-अपने नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आक्रामक नहीं है, लेकिन उसके परमाणु हथियार और प्रशिक्षित सेना प्रतिरोधक शक्ति है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए सेना पर खर्च करता है।

## अवैध फंडिंग मामले में इमरान खान को गिरफ्तार कर सकती है पाकिस्तान की शीर्ष जांच एजेंसी : रिपोर्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को देश की शीर्ष जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं होने तथा अवैध फंडिंग के मामले में उसके नोटिस का जवाब नहीं देने के सिलसिले में गिरफ्तार किया जा सकता है। मीडिया की रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी सामने आई। पाकिस्तान के दैनिक समाचार पत्र द न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने इस संबंध में शुक्रवार को इमरान खान को दूसरा नोटिस जारी किया। द न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक इमरान खान को पिछले बुधवार को पहला नोटिस भेजा गया था, लेकिन उन्होंने एफआईए की टीम के समक्ष पेश होने से इनकार कर दिया। खबर में एफआईए के उच्चस्तरीय अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि इमरान खान को गिरफ्तार करने का अंतिम फैसला तीन नोटिस जारी करने के बाद लिया जा सकता है। सूत्रों के हवाले से खबर में कहा गया है कि एफआईए ने पूर्व प्रधानमंत्री की पार्टी से संबंधित पांच कंपनियों का पता लगाया है जो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्रिटेन और बेल्जियम में काम कर रही है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग को सौंपी गई रिपोर्ट में इन कंपनियों का उल्लेख नहीं किया गया है। गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने कहा था कि इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को भारतीय मूल के एक व्यवसाई सहित 34 विदेशी नागरिकों से नियमों के खिलाफ धन राशि प्राप्त हुई है।

## उत्तरी सीरिया के बाजार में रॉकेट हमले में 15 लोगों की मौत

भाषा। बेरूत

### तुर्की समर्थित विद्रोही लड़ाकों का है कब्जा

**उत्तरी सीरिया** में तुर्की समर्थित विद्रोही लड़ाकों के कब्जे वाले एक शहर में भीड़भाड़ वाले बाजार में रॉकेट हमले में 15 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। युद्ध पर निगरानी करने वाले समूह सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स और अर्द्धचिकित्सक समूह ने यह जानकारी दी।यह हमला शुक्रवार को अल-बाब शहर में तब किया गया, जब तुर्किश लड़ाकों के हवाई हमले में कम से कम 11 सीरियाई सैनिक और अमेरिका समर्थित कुर्दिश लड़ाकों की मौत हो गई थी।
युद्ध निगरानी समूह ने शुक्रवार को हुई बमबारी के लिए सीरियाई सरकार की सेनाओं को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि यह तुर्की के हवाई हमले का बदला प्रतीत होता है। उसने बताया कि 15 मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं और 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं।ऑब्जर्वेटरी के प्रमुख रामी अब्दुर्हमान ने मार्च 2020 में हुए संघर्ष विराम का हवाला देते हुए कहा, यह सरकारी सेना और विपक्ष के बीच लड़ाई रुकने के बाद से सरकारी सेना द्वारा किया गया सबसे खराब नरसंहार है। अमेरिका समर्थित कुर्दिश लड़ाकों की अगुवाई वाली सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज ने एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने अल-बाब पर हमला नहीं किया। सरकार ने अभी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।एक अन्य घटना में ऑब्जर्वेटरी और अमेरिकी सेना ने बताया कि उत्तरपूर्वी सीरिया में बृहस्पतिवार रात को एक ड्रोन हमले में चार महिलाओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। उसने इस हमले के लिए तुर्की को जिम्मेदार ठहराया है।


## स्कॉटलैंड का संग्रहालय भारत को सात प्राचीन कलाकृतियां लौटाएगा

**लंदन।** उत्तर प्रदेश में एक मंदिर से चुराए गए पत्थर के दरवाजे की चौखट सहित सात प्राचीन कलाकृतियों को स्कॉटलैंड के ग्लासगो के संग्रहालय द्वारा भारत वापस भेजा जाएगा। शहर के संग्रहालयों को संचालित करने वाला धर्मार्थ संगठन ग्लासगो लाइफ ने इस साल की शुरुआत में कलाकृतियों को सौंपे जाने की पुष्टि की थी। शुक्रवार को ब्रिटेन में कार्यवाहक भारतीय उच्चायुक्त सुजीत घोष की उपस्थिति में केल्विनग्रोव आर्ट गैलरी एंड म्यूजियम में इन्हें औपचारिक रूप से सौंपने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत प्राचीन अवशेषों को अब भारत वापस भेजने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इनमें एक हिंद-फ़ारसी तलवार भी शामिल है, जिसे 14 वीं शताब्दी का माना जाता है और 11वीं शताब्दी में कानपुर के एक मंदिर के पत्थर का नक्काशीदार दरवाजा भी शामिल है। घोष ने कहा, हमें खुशी है कि ग्लासगो लाइफ के साथ हमारी साझेदारी के परिणामस्वरूप ग्लासगो संग्रहालयों से भारतीय कलाकृतियों को भारत भेजने का निर्णय लिया गया है।

## लेखक, मित्र रुश्दी के समर्थन में जुटे, एकजुटता कार्यक्रम में उनकी रचनाएं पढ़ी

भाषा। न्यूयॉर्क

अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक साहित्यिक कार्यक्रम में मंच पर लेखक सलमान रुश्दी को छुरा घोंपने की घटना के एक हफ्ते बाद लेखक के मित्र एवं अन्य लेखक निरंतर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर उनके विचारों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए यहां न्यूयॉर्क पब्लिक लाइब्रेरी में एकत्र हुए और उनकी रचनाओं को पढ़ा। साहित्य एवं हिमायत करने वाले समूह पेन अमेरिका



, उनके प्रकाशक पेंगुइन रैंडम हाउस, न्यूयॉर्क पब्लिक लाइब्रेरी और हाउस ऑफ स्पीकईजी ने शुक्रवार को विशेष एकजुटता कार्यक्रम स्टैंड विद सलमान: डिफेंड द फ्रीडम टू राइट का आयोजन किया। रुश्दी पेन अमेरिका के अध्यक्ष रह चुके हैं। इस कार्यक्रम में रुश्दी के समर्थन में लेखक, कार्यकर्ता और मित्र एकसाथ जुटे। टीना ब्राउन, किरण देसाई, आसिफ मांडवी और रेजिनाल्ड ड्वेन बेट्स समेत लेखक, रचनाकारों, कलाकारों और साहित्यिक समुदाय के सदस्यों ने रुश्दी की कुछ सबसे प्रसिद्ध कृतियों को पढ़ा और बुकर पुरस्कार विजेता रुश्दी (75) के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। पेन अमेरिका ने इस आयोजन के माध्यम से कहा कि दुनिया भर के लेखक रुश्दी के साथ एकजुटता से खड़े हैं और निरंतर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा दुनिया भर में संकटग्रस्त लेखकों की दुर्दशा पर उनके विचारों का समर्थन करते हैं। न्यूजर्सी के 24 वर्षीय हादी मतार द्वारा दर्शकों के सामने रुश्दी की गर्दन और पेट में चाकू घोंपे जाने की घटना के ठीक एक हफ्ते बाद इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सैटेनिक वर्सेज के लेखक पश्चिमी न्यूयॉर्क में चौटाउक्वा इंस्टीट्यूशन में एक कार्यक्रम को संबोधित करने वाले थे, तभी यह घटना हुई। मुंबई में जन्मे विवादास्पद लेखक रुश्दी को द सैटेनिक वर्सेज लिखने के बाद वर्षों तक इस्लामी चरमपंथियों से मौत की धमकियों का सामना करना पड़ा। घटना के बाद उन्हें एक स्थानीय ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया और कई घंटे चली सर्जरी के बाद वेंटिलेटर पर रखा गया।

## अमेरिकी वित्त विभाग का शीर्ष अधिकारी यूक्रेन पर तनाव के बीच भारत की यात्रा करेगा

भाषा। वाशिंगटन

**यूक्रेन पर** रूस के हमले के बाद से पहली बार अमेरिका के वित्त विभाग का एक शीर्ष अधिकारी भारत की आधिकारिक यात्रा करेगा। फरवरी में शुरू इस युद्ध पर भारत के निष्पक्ष रुख को लेकर चिंताओं के बीच अमेरिका चाहता है कि इन बैठकों में इस पर ध्यान केंद्रित किया जाए कि दक्षिण एशियाई देश के साथ संबंधों को कैसे मजबूत किया जा सके। उप-वित्त मंत्री वैली अडेएमो मुंबई और नई दिल्ली की यात्रा करेंगे और इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यालय के अधिकारियों, वित्त मंत्रालय, भारत के रिजर्व बैंक और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे। भारत के 2023 में 20 अंतरसरकारी समूह का नेतृत्व करने की तैयारी पर वित्त विभाग ने कहा कि अडेएमो ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने, दुनियाभर में खाद्य असुरक्षा और धन के अवैध प्रवाह से निपटने जैसी अहम साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा करेंगे। गौरतलब है कि भारत ने अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ क्वाड गठबंधन में शामिल होने के बावजूद रूस का साथ नहीं छोड़ा। इसके बजाय उसने रूस से अपने कारोबारी संबंध बनाए हुए हैं और वह ऊर्जा तथा अन्य निर्यात के लिए क्रेमलिन पर निर्भर है। वहीं, अमेरिका और यूरोप, रूस के ऊर्जा संसाधनों से दूर जा रहे हैं और वित्त विभाग के अधिकारी रूसी तेल की कीमत पर सीमा लगाने को बढ़ावा दे रहे हैं। वित्त विभाग ने एक बयान में कहा कि अडेएमो मुंबई में वित्तीय सेवाओं और ऊर्जा क्षेत्र के कार्यकारियों से मुलाकात करेंगे और अमेरिका तथा भारत के बीच आर्थिक संबंध मजबूत करने के बारे में बात करेंगे।

### अमेरिका ने यूक्रेन को स्कैन ईगल ड्रोन, बारूदी सुरंग रोधी वाहन देने की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने शुक्रवार को पहली बार कहा कि वह रूसी आक्रमणकारियों से लोहा लेने के लिए यूक्रेन को स्कैन ईगल निगरानी ड्रोन, बारूदी सुरंग रोधी वाहन, बख्तरबंद रोधी शस्त्र और होवित्जर हथियार देगा। एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि 77.5 करोड़ डॉलर के नए सहायता पैकेज में 15 स्कैन ईगल ड्रोन, 40 बारूदी सुरंग रोधी, हमले से बचाने वाले वाहन और 2,000 बख्तरबंद रोधी शस्त्र शामिल है जिससे यूक्रेनी सेना को दक्षिण तथा पूर्व में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है, जहां रूसी सेना ने बारूदी सुरंग बिछाई है।उन्होंने बताया कि अमेरिका युद्ध के लंबे वक्त तक चलने पर यूक्रेनी सेना को भविष्य के लिए मदद करने पर विचार कर रहा है।विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने एक बयान में कहा, इन क्षमताओ को युद्ध क्षेत्र में निर्णायक बढ़त हासिल करने और वार्ता की मेज पर यूक्रेन की स्थिति मजबूत करने के लिए बहुत सावधानीपूर्वक व्यवस्थित किया गया है। यह ताजा मदद ऐसे वक्त में की जा रही है जब यूक्रेन पर रूस के हमले को करीब छह महीने होने जा रहे है। इससे यूक्रेन को दी जाने वाली अमेरिकी सहायता बढ़कर करीब 10.6 अरब डॉलर हो गई है। यह अगस्त 2021 से 19वी बार है जब पेंटागन ने यूक्रेन को सैन्य उपकरण उपलब्ध कराए है। अमेरिका ने पहले भी होवित्जर हथियार मुहैया कराए है लेकिन यह पहली बार है जब वह 16 होवित्जर हथियार भेजेगा। इस सहायता पैकेज में ।,500 टैंक रोधी मिसाइले, ।,000 जैवलिन मिसाइले और कई उच्च गति और रडार की पकड़ में न आने वाली मिसाइले शामिल है।

## अधिकारियों को यात्रा प्रतिबंध से छूट की अवधि बढ़ाने पर संरा परिषद में नहीं बन पाई सहमति

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**अफगानिस्तान** में सत्तारूढ़ तालिबान के 13 अधिकारियों को यात्रा के लिए दी गई छूट की अवधि बढ़ाने को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कोई सहमति नहीं बन गई। यह अवधि शुक्रवार आधी रात को समाप्त हो गई। संयुक्त राष्ट्र के राजनयिकों ने बताया कि रूस और चीन सभी 13 अधिकारियों को दी गई यात्रा की अनुमति जारी रखने के पक्ष में हैं, जबकि अमेरिकी और पश्चिमी देश तालिबान द्वारा महिलाओं पर लगाए गए प्रतिबंधों एवं वादे के अनुसार समावेशी सरकार गठित करने में उसके असफल रहने के विरोध में इन अधिकारियों की संख्या कम करना चाहते हैं। राजनयिकों ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि रूस और चीन ने अमेरिका के हालिया प्रस्ताव पर विचार करने के लिए शुक्रवार शाम को और समय मांगा। यानी सभी 13 तालिबान अधिकारियों पर सोमवार दोपहर तक के लिए यात्रा प्रतिबंध फिर से लागू हो गया है। रूस एवं चीन ने अमेरिकी प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए सोमवार दोपहर तक का समय मांगा है। संयुक्त राष्ट्र ने तालिबान के कई सदस्यों पर यात्रा प्रतिबंध समेत कई प्रतिबंध लगाए हैं, लेकिन कुछ तालिबानी अधिकारियों को छूट दी गई थी, ताकि वे अफगानिस्तान में शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उद्देश्य से वार्ता में भाग लेने के लिए यात्रा कर सकें। अमेरिका ने 13 में से सात तालिबानी अधिकारियों पर यात्रा प्रतिबंध फिर से लगाने का बृहस्पतिवार को प्रस्ताव रखा।

PUBLIC NOTICE
It is for general information that I, Umair Alam S/o Mohd. Shafique Alam R/o 32/493, Block No.32, Trilok Puri, Delhi-110091 was adopted by a Hindu namely Shri Rakesh Kumar S/o Shri Babu Singh Chauhan R/o H.NO.- 49, Main Road, Mandawali, Delhi-110092 Vide adoption Deed No. NIL dated 14-06-2004 and I was known as Umesh Kumar. S/o Rakesh Kumar. The said adoption deed was declared not in accordance with law and void ab initio in Civil Suit No.- 9153/16 vide Judgment/Decree dated 22-03-2019. Henceforth, I will be known as UMAIR ALAM S/o MOHD. SHAFIQUE ALAM R/O VILLAGE KADWA, PO. HALDIYA BIHAR, DISTT. ARARIA, BIHAR-854318 for all future purpose. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.
M. RAIS FAROOQUI ADVOCAT
Ch. No. 135, B.G.S Block,
Tis Hazari Courts, Delhi-110054

Public Notice
This is to inform general public that Mr. Vikram Dahiya has acquired the Entire Ground Floor (Without Roof Rights) "Said Floor", part of Property Bearing No. A-7A/9, area measuring 199.26 Sq. yds. situated at Rana Pratap Bagh, Delhi vide Sale Deed dated 30.10.2005, Doc no. 32944 and Now, Mr. Vikram Dahiya is mortgaging the above said property with IndusInd Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

PUBLIC NOTICE
Known to all that my client Mr. Saleem S/o Sh. Khazansa, and his wife Mrs. Rubina W/o Sh. Saleem Both R/o A- 14,Gali No.2,Village Pochanpur, Sector 23, Dwarka, New Delhi ended all of their relations with his son Ehsan Ali S/o Sh. Saleem (aged 28 years) and his wife Smt. Rihana W/o Ehsan Ali (aged about 26 years) on dated 24.08.2018 and disowned them from all of his succession rights of their movable and immovable properties. In future, my clients shall not be responsible / liable for any or their acts, behaviors, conduct and deeds with any person or company.
RAJIV KUMAR, ADVOCATE
D/1699/2005
Contact: 9899331004

PUBLIC NOTICE
All concern are hereby informed through this public notice that my Client Saleem Khan S/o Suleman Khan R/o RZ-3206, Gali no. 36, Tughlakabad Extension, New Delhi-110019, have debard and disowned there step son namely Aamir Khan aged about 33 years step son of Saleem Khan, from all there movable and immovable properties and have broken all relations with him due to his misbehavior and his bad conduct of black mailing to my client Saleem Khan on account of commiting sucide and falsely implicate my client in false and fabricated case. My said Client shall not be responsible for any of his acts, deeds and things whatsoever, and if any illegal act/ conduct is done by Aamir Khan Step son of Saleem Khan then he will only be responsible for his act.
Mohd. Sahil (Advocate)
D - 4747 /2021
Ch. No. 575, Saket Court, Complex, ND. 17
Contact: 9891040208

PUBLIC NOTICE
The public at large is hereby informed that our client Sukhleen Kaur Oberoi is the co-owner of the property mentioned herein, therefore, any person intended to purchase or take on lease/rent the built up property's Entire Basement, Entire Ground Floor and half Terrace rights over and above the Entire Second Floor in the property bearing no A-256, situated at Defence Colony, New Delhi - 110024. If anybody intended to purchase or take on lease/rent, he/she may contact the undersigned, as our client is the co-owner alongwith her brother Jasjot Singh Oberoi and our client recently came to know that he fraudulently got the property herein transferred on his name. Anybody dealing with her brother shall be responsible for the legal consequences.
RAJAN CHUTANI & PARUL DUREJA, ADVOCATES
Office Address: K-27 West Patel Nagar,
New Delhi-110008

### मिजोरम से दुबई भेजी गई अनानास की पहली खेप

**आइजोल।** मिजोरम में उगाए गए अनानास को पहली बार दुबई निर्यात किया गया है। पहली खेप के तौर पर 230 किलोग्राम अनानास शुक्रवार को दुबई के लिए रवाना किया गया। मिजोरम के उप मुख्यमंत्री तॉनलुइया ने अनानास की इस निर्यात खेप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य में उगाए गए अनानास को कतर की राजधानी दोहा में और बहरीन भी भेजने की तैयारी चल रही है।अधिकारियों ने बताया कि खाजॉल जिले के सैलहॉक गांव के किसानों ने अनानास की खेती की है। उसमें से 230 किलोग्राम अनानास की खेप को दुबई रवाना किया गया। राज्य के बागवानी विकास बोर्ड उपाध्यक्ष एफ लालननमाविया ने इसे मिजोरम के इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि बताया।

### टीपीडीडीएल बिजली विवादों के समाधान के लिए लगाएगी विशेष लोक अदालत

**नई दिल्ली।** बिजली वितरण कंपनी टीपीडीडीएल और दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिजली से संबंधित विवादो के निपटान के लिए रविवार को एक विशेष लोक अदालत आयोजित करेंगे। टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) के प्रवक्ता ने कहा कि रोहिणी के सेक्टर-3 स्थित उसके कार्यालय में लगने वाली इस लोक अदालत में बिजली चोरी और अवैध बिजली कनेक्शन से जुड़े मामलों का निपटान किया जाएगा। कंपनी प्रवक्ता ने कहा कि किसी भी अदालत में लंबित या अभी दायर किए जाने वाले मामलों को इस विशेष लोक अदालत में रखा जा सकता है।

### ईपीएफओ ने जून में 18.36 लाख नए सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने जून 2022 में शुद्ध रूप से 18.36 लाख नए सदस्य जोड़े। यह संख्या एक साल पहले के समान महीने में जोड़े गए 12.83 लाख नए सदस्यों की तुलना में 43 प्रतिशत अधिक है। श्रम मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि वेतन पर रखे गए कर्मचारियों (पेरोल) को लेकर ईपीएफओ के आंकड़ो के मुताबिक जून 2022 में शुद्ध रूप से 18.36 लाख सदस्य इस भविष्य निधि निकाय से जुड़े। इस साल जून में जोड़े गए सदस्यों की संख्या मई 2022 की तुलना में 9.21 फीसदी बढ़ी है।

## सोनोवाल ने चाबहार बंदरगाह के विकास कार्यों का लिया जायजा



भाषा। नई दिल्ली

**बंदरगाह,** जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने शनिवार को ईरान के चाबहार में स्थित शाहिद बहस्ती बंदरगाह का दौरा कर वहां जारी विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। यहां जारी आधिकारिक बयान में सोनोवाल के इस दौरे की जानकारी दी गई। सोनोवाल ने चाबहार बंदरगाह पर जारी विकास कार्यों का जायजा लेने के साथ ही उसके लिए छह मोबाइल हार्बर क्रेन भी सौंपी। भारत ईरान के चाबहार में स्थित इस बंदरगाह के विकास में पूरी सक्रियता से जुड़ा हुआ है। इसके जरिए भारत मध्य एशियाई देशों तक अपने उत्पादों की पहुंच को सुगम बनाना चाहता है। बयान के मुताबिक, सोनोवाल ने कहा कि चाबहार बंदरगाह समुद्री परिवहन की दूरी कम करने में अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि बंदरगाह के सुचारू संचालन के लिए एक संयुक्त तकनीकी समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। सोनोवाल ने कहा कि भारत और ईरान दोनों देश अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा को दोनों देशों के बीच व्यापार का पसंदीदा मार्ग बनाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

## पेटीएम के शेयर की कीमत पर हमारा कोई दखल नहीं: शर्मा

भाषा। नई दिल्ली

**डिजिटल** भुगतान मंच पेटीएम की संचालक फर्म वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय शेखर शर्मा ने कहा है कि कंपनी शेयरों के भाव पर किसी तरह का दखल नहीं रखती है लेकिन प्रबंधन कंपनी को लाभप्रद बनाने के प्रयास में जुटा हुआ है। शर्मा ने शुक्रवार को सम्पन्न कंपनी की 22वीं वार्षिक आमसभा (एजीएम) में शेयरधारकों से यह बात कही। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2018-19 तक कंपनी विस्तार की मुहिम में लगी हुई थी और वर्ष 2019-20 से इसने कमाई पर ध्यान देना शुरू किया। एजीएम में शामिल प्रतिभागियों के मुताबिक, शर्मा ने कहा कि पेटीएम ब्रांड जुलाई-सितंबर 2023 की तिमाही से परिचालन लाभ अर्जित करने की स्थिति में आ जाएगा। शर्मा ने कहा, शेयर की कीमत में उतार-चढ़ाव पर हमारा कोई दखल नहीं होता है। इसके कई कारक होते हैं। इसमें कंपनी के लाभ में होने का पहलू काफी अहम होता है। इसके अलावा कंपनी की कारोबार वृद्धि की भूमिका भी अहम होती है। इसके साथ वृहद एवं सूक्ष्म आर्थिक स्थिति, अंतरराष्ट्रीय निवेशक और कई अन्य धारणाओं की भी शेयर कीमत तय करने में भूमिका होती है। शर्मा ने शेयरधारकों के सवाल के जवाब में कहा कि प्रबंधन यह सुनिश्चित करने में लगा है कि कंपनी वृद्धि करे और बढ़ते कारोबार के लिए तगड़ा मुनाफा भी कमाए। दरअसल शेयरधारकों के बीच पेटीएम के शेयरों के भाव आईपीओ के समय के 2,150 रुपए से बहुत नीचे गिरकर 771 रुपए पर आ जाने से एक तरह की बेचैनी देखी जा रही है। एजीएम के दौरान भी शेयरधारकों ने प्रबंधन से यह सवाल पूछा कि शेयर कीमत को आईपीओ के समय के भाव के करीब पहुंचाने के लिए किस तरह के कदम उठाए जा रहे हैं।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given on behalf of Mr. Basant Gaur S/o Mr. Raghubar Datt Gaur who are intend to purchase the Apartment bearing No.B-904, area measuring 1329 Sq. Ft., in Tower No.B, on 9th Floor, situated in the residential group housing colony knows as 'Aura', constructed on the property situated at Sector-110/A, in the revenue estate of Village Chouma, Tehsil & Disst., Gurgaon (Haryana); from (1) Mr. Gurinder Singh Sidhu S/o. Mr. S. Bhagwan Singh Sidhu & (2) Mrs. Simran Sidhu W/o. Mr. Gurinder Singh Sidhu who are owners of the aforesaid property by virtue of Conveyance Deed Dated 01.10.2015, which is registered as Document No.16,215 in the office of Sub Registrar-Gurgaon and intend to mortgage the same against the financial assistance from Aditya Birla Housing Finance Limited. That, Original Conveyance Deed Dated 01.10.2015, which is registered as Document No.16,215 in the office of Sub Registrar-Gurgaon are/is not available/ lost/ misplaced. To comply the requirements of BANK/ NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within 7 days at below address.
Lucem Legal LLP
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth,
Opp. Uday Park, South Ext.-II, New Delhi-110049
Contact # 011- 40046316

बिक्री/नीलामी सूचना
कार देखो 75 ब्राण्ड न्यू मारूति वाहनों (बिना पेपर) की नीलामी 27 अगस्त को आयोजित कर रही है।
सभी कारें बाढ़ प्रभावित हैं, जो सिल्चर असम में मिजोरम सर्किट हाउस के सामने खड़ी हैं।

| कार माडल | कारों की गिनती |
|---|---|
| ऑल्टो | 19 |
| सेलेरियो | 7 |
| डिजायर | 1 |
| ईको | 8 |
| एर्टिगा | 3 |
| एस-प्रेसो | 2 |
| सुपर कैरी | 20 |
| स्विफ्ट | 4 |
| विटारा ब्रेजा | 1 |
| वैगन-आर | 10 |
| महायोग | 75 |

अधिक जानकारी और वाहनों के निरीक्षण के लिए, कृपया श्री अनुज/यतीन को : 9711973009/9953267323 पर कॉल करें अथवा लिंक https://auctions.cardekho.com/#/assam-flood-auction देखें।

## लद्दाख प्रशासन ने इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए नई नीति जारी की

भाषा। लेह

**केंद्रशासित प्रदेश** लद्दाख ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए नई नीति की घोषणा की है जिसके तहत सब्सिडी देकर नागरिकों को इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए प्रेरित किया जाएगा ताकि कार्बन-रहित भविष्य की ओर बढ़ा जा सके।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि लद्दाख इलेक्ट्रिक वाहन एवं संबंधित अवसंरचना नीति का उद्देश्य इस केंद्रशासित प्रदेश को इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिहाज से देश में मार्गदर्शक बनाना है। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक परिवेश का निर्माण और प्रोत्साहन करना है। प्रवक्ता ने बताया कि इस नीति के तहत दोपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहनों के लिए दस फीसदी पूंजीगत सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने कहा, नीति के तहत टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन, सार्वजनिक बसों को बढ़ावा देने के लिए 25 फीसदी की पूंजीगत सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने कहा, पहले वर्ष में प्रत्एक वाहन के लिए जो सब्सिडी दी जाएगी वह आने वाले वर्षों की तुलना में दोगुनी होगी। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन ने इलेक्ट्रिक वाहनों को पथकर से छूट देना जारी रखने का निर्णय लिया है।

## अकालग्रस्त क्षेत्रों की सहायता के लिए यूक्रेन से अनाज खरीदेगा अमेरिका

**बुल्ला हेगर।** संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के प्रमुख डेविड बीस्ले ने कहा है कि अमेरिका अगले कुछ हफ्तों में यूक्रेन से 1.50 लाख टन अनाज की खरीद करेगा। बीस्ले ने कहा कि यूक्रेन इस खाद्यान्न की आपूर्ति उन बंदरगाहों से करेगा जो रूस के साथ जारी जंग की जद में नहीं हैं। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि इस को अनाज कहां भेजा जाना है। लेकिन इतना तय है कि इस अनाज को खाद्यान्न अभाव का सामना कर रहे इलाकों में भेजा जाएगा। अनाज की यह खेप उस खेप से छह गुना अधिक है जो डब्ल्यूएफपी ने यूक्रेन से अफ्रीकी देशों के लिए रवाना की है।

## पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान से भविष्य के ढांचागत विकास में मदद मिलेगी: गोयल

भाषा। गांधीनगर



**केंद्रीय** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान से करदाताओं के पैसे की बचत होने के साथ भारत को लागत कम करने में मदद मिलेगी और प्रतिस्पर्धी कीमतें देने की क्षमता भी बढ़ेगी। गोयल ने बताया कि इस मास्टर प्लान के तहत भारत में वन, वन्यजीव अभयारण्य, राजमार्ग और रेलवे अवसंरचना, ऊर्जा संयंत्र तथा औद्योगिक क्षेत्रों के लिए ।,000 भूस्थानिक नक्शे तैयार किए गए हैं। उन्होंने कहा, राज्यों के नक्शों को भी उनसे जोड़ा जा रहा है और हाल की गणना के मुताबिक करीब 450 अवसंरचना आंकड़ों का नक्शा तैयार हो चुका है। गोयल ने नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और धोलेरा इंडस्ट्रियल सिटी डेवलपमेंट की तरफ से आयोजित गोलमेज सम्मेलन में कहा, ए सारे नक्शे आपस में जुड़े होंगे जिसकी वजह से भविष्य की अवसंरचना सुनियोजित तरीके से विकसित की जा सकेगी।

गोल्डएज एस्टेट एंड इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड
CIN: U70101DL1992PLC047541
पंजीकृत कार्यालय: सी-115, मानसरोवर गार्डन ग्राउंड फ्लोर
नई दिल्ली-110015
फोन नं.-011-25193268 | ई-मेल: goldedgeestate2016@gmail.com
www.goldedgeestate.in

सूचना

1. एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की 30वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम"), बैठक की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु, मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 11.00 बजे (आईएसटी), कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के प्रावधानों, कार्पोरेट मंत्रालय, भारत सरकार ("एमसीए") द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020, नंबर 17/2020, नंबर 20/2020, नंबर 02/2021 तथा नंबर 02/2022 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, दिनांकित 5 मई, 2020, 13 जनवरी, 2021 तथा 5 मई, 2022 क्रमानुसार (इसमें आगे सामूहिक रूप से "एमसीए सर्कुलर्स" कहे गए हैं) के साथ पठित सेबी सर्कुलर्स नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी 1/सीआईआर/पी/2020/79, नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी 2/सीआईआर/पी/2021/11 तथा सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी 2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांकित 12 मई, 2020, 15 जनवरी, 2021 तथा 13 मई, 2022 क्रमानुसार (इसमें आगे सामूहिक रूप से "सेबी सर्कुलर्स" और एमसीए सर्कुलर्स के साथ "सर्कुलर्स" कहे गए हैं) के अनुपालन में, वीडियो कॉन्फ्रेन्स ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
2. उक्त सर्कुलर्स के अनुपालन में, एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सभी सदस्यों को कम्पनी में/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास पंजीबद्ध उनके पंजीकृत पते/ई-मेल पर भेजी जाएगी।
3. हम सदस्यों से अनुरोध करते हैं कि वे अपना ई-मेल पता अथवा अन्य आदेश का पंजीकरण (यदि अभी तक पंजीकृत नहीं करवाए हैं) अथवा अद्यतनीकरण (किसी परिवर्तन की स्थिति में) निम्नलिखित विधि में करवा लें :
(i) डीमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयरों के धारक शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपना ई-मेल पता और मोबाइल नंबर अथवा अन्य आदेश अपने संबंधित डिपॉजिटरीज के पास अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के माध्यम से पंजीकृत करवाएं।
(ii) भौतिक रूप में शेयरों के धारक शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपना ई-मेल पता और मोबाइल नंबर अथवा अन्य आदेश कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट नामतः स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, डी-153 ए, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1, नई दिल्ली-110020, ई-मेल admin@skylinerta.com, फोन नंबर 011-26812682-83 को उपलब्ध कराएं।
4. 30वीं एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.goldedgeestate.in पर तथा स्टॉक एक्सचेंज नामतः एमएसईआई लिमिटेड की वेबसाइट https://www.msei.in/ पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।
5. कम्पनी अपने सभी सदस्यों को 30वीं एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध सभी प्रस्तावों पर अपना वोट डालने के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा ("रिमोट ई-वोटिंग") उपलब्ध करा रही है। इसके अतिरिक्त, कम्पनी एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोट डालने की सुविधा ("ई-वोटिंग") उपलब्ध करा रही है। एजीएम से जुड़ने और रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग हेतु विस्तृत प्रक्रिया 30वीं एजीएम की सूचना में वर्णित की गई है। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित सदस्यों की गणना अधिनियम की धारा 103 के तहत गणपूर्ति के प्रयोजनार्थ की जाएगी।

वास्ते गोल्डएज एस्टेट ऐण्ड इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड
हस्ता./-
जगदीश चंद अग्रवाल
चेयरमैन
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 20-08-2022

# शिकायतों के निस्तारण में अधिकारी न बरतें लापरवाही: जिलाधिकारी

● संपूर्ण समाधान दिवस में 42 शिकायतें आईं, छह निस्तारित

संवाददाता। उरई (जालौन)

**जिलाधिकारी** चाँदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस उरई तहसील के सभागार में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 42 शिकायती प्रार्थना प्राप्त पत्र हुए जिसमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण व गुण दोष के आधार पर निस्तारण करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाले शिकायत की नियमित रूप से समीक्षा कर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण इस प्रकार से कराएं कि फरियादी भी की गई कार्यवाही से संतुष्ट हो जाएं और फरियादी को बार-बार भाग दौड़ न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं द्वारा की गई शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही व उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस में 42 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया शेष शिकायतों को गुणवत्ता परक निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राम कुमार,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र देव शर्मा, डिप्टी कलेक्टर निशांत तिवारी, डीएफओ जयप्रकाश नारायण तिवारी, जिला विकास अधिकारी सुभाषचंद्र त्रिपाठी आदि सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनती जिलाधिकारी चांदनी सिंह — पायनियर

## मुख्यमंत्री के निर्देशों के मुताबिक निपटायें मामले: डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा की मौजूदगी में तहसील सभागार मानिकपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, भूमि संबंधी मामलों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश दिये। शनिवार को मानिकपुर तहसील सभागार में डीएम अभिषेक आनन्द ने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशानुसार शिकायतकर्ताओं की शिकायतें सुनकर मुख्यमंत्री के निर्देशों के मुताबिक गुणवत्तापूर्ण ढंग से समस्यायें सुलझायें। उन्होंने एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव से कहा कि तालाब, सडक या अन्य सरकारी भूमि में अवैध कब्जों को तत्काल पुलिस फोर्स लेकर हटवायें। भूमि संबंधी मामले में राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण करायें। बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को निर्देश दिये कि चकबंदी से संबंधित मामले मौके पर जाकर निस्तारित करायें।

# समाधान दिवस में 50 शिकायतें सुनी गईं, नौ का मौके पर हुआ निस्तारण

संवाददाता। बांदा



**अनुराग** पटेल जिलाधिकारी, बांदा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अभिनन्दन, पुलिस अधीक्षक, बांदा, मुख्य चिकित्साधिकारी, बांदा, सुरभि शर्मा, उपजिलाधिकारी, सदर बांदा, पुष्पक, तहसीलदार, बांदा सहित जनपद के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। तहसील सदर बांदा में आज दिनॉक 20.08.2022 को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से कुल 09 शिकायतों मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों का विभागवार विवरण निम्नवत् रहा। राजस्व विभाग-15, पुलिस विभाग-07, विकास विभाग-04, विद्युत विभाग-08, अन्य 16। अनुराग पटेल, जिलाधिकारीए बांदा द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक ससमय निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। साथ ही विगत सम्पूर्ण समाधान दिवस के लम्बित कुल 07 प्रकरणों (पुलिस विभाग-04, विद्युत विभाग-01, नलकूप खण्ड-01 एवं विकास प्राधिकरण-01) की भी समीक्षा की गयी तथा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि आज ही पूर्व के सभी प्रकरणों का निस्तारण करके आख्या भेजी जाये। उपर्युक्त के अतिरिक्त सम्पूर्ण समाधान दिवस के अंत में अनुराग पटेलए जिलाधिकारी बांदा द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर लम्बित मा. मुख्यमंत्री संदर्भ, पीजी पोर्टल संदर्भए शासन संदर्भ आदि के प्रकरणों की भी समीक्षा कर निर्देश दिये गये कि 24 घण्टे के अन्दर समस्त लम्बित एवं डिफल्टर संदर्भो का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करके आख्या पोर्टल पर अपलोड की जाये अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## क्विक न्यूज

### अभियान चला विधायक और जिलाध्यक्ष ने सैकड़ों लोगों को दिलाई सपा की सदस्यता

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव व सदर विधायक अनिल प्रधान ने कर्वी ब्लाक के दुगवा व हरिहरपुर गांव में चौपाल लगाकर सैकडों लोगों को सपा की सदस्यता ग्रहण कराई। शनिवार को सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि जब से देश-प्रदेश में भाजपा सरकार आई है, महंगाई, बेरोजगारी आसमान चूंम रहे हैं। भीषण महंगाई में आम आदमी की कमर टूट गई है। जिन लोगों को सरकार ने मुफ्त सिलेंडर दिया है, महंगाई के चलते उन सिलेंडरों को लोगों ने बोरे में भरकर अटारी में फेंक दिया है। जिले में हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। गरीबों का कोई काम बिना घूस के नहीं हो रहा है। सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि बीजेपी सरकार से हतास लोग ज्यादा से ज्यादा सपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने चुनाव से पहले किसानों की आय दुगनी करने का वायदा किया था। किसानों की आय तो दुगनी नहीं हुई, भाजपा नेताओं की आय और विद्यालय जरूर दुगने हो गये हैं। इस मौके पर सपा नेता मान सिंह पटेल, अरशद खान, रामप्रसाद वर्मा, संतोष कोटार्य, महेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

### बरदहा नदी में बस से कूदी महिला की मृत्यु

**मानिकपुर/चित्रकूट।** डभौरा से मानिकपुर चल रही डग्गामार बस के चालक के बरदहा नदी के बीच ब्रेक फेल होने की बात कहने पर नदी में कूदी महिला की सीएचसी मानिकपुर में मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। ये हादसा शनिवार को दोपहर में हुआ। बताया गया कि डभौरा मप्र से मानिकपुर चलने वाली बस शनिवार को यात्री लेकर आ रही थी। रास्ते में बरदहा नदी में बाढ होने के बाद भी चालक ने बस को नदी में उतार दिया। जैसे ही बीच नदी में बस पहुंची तो ड्राइवर ने बस के ब्रेक फेल होने की बात यात्रियों से कही। ये सुनते ही शकुन्तला देवी (52) पत्नी लच्छू कोल निवासी गडुवाई पोस्ट मदरी तहसील जवा जिला रीवां मप्र बस से नदी में कूद गई। लोगों ने तैरकर महिला को बरदहा नदी से बाहर निकालकर मानिकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। यहां इलाज दौरान महिला की मृत्यु हो गई। मानिकपुर थानाध्यक्ष गिरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि लिखित तहरीर मिलने पर कानूनी कार्यवाही कर बस को सीज किया जायेगा।

### पुस्तकें पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले

**चित्रकूट।** चित्रकूट ब्लाक के खण्ड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने प्राथमिक विद्यालय बनवारीपुर व कम्पोजिट विद्यालय इटरौर भीषमपुर में छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें बांटी। पाठ्य पुस्तकें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। एबीएसए ने बच्चों को नियमित रुप से विद्यालय आने व पुस्तकों को पढने के प्रति प्रेरित किया। शनिवार को एबीएसए एनपी सिंह ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2022-23 में कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक की 23 पुस्तकें मिल चुकी हैं। इन्हें विद्यालयों में बांटा जा रहा है। शेष पाठ्य पुस्तकें जल्द विद्यालयों में पहुंच जायेंगी। छात्र-छात्राओं को पिछले वर्ष की पुरानी पाठ्य पुस्तकें दी गई थी, जिसे विद्यार्थी अध्ययन कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड चित्रकूट में 37592 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें बांटी जानी है। विभाग पूरी तरह से प्रयासरत है कि जल्द नई पाठ्य पुस्तकें सभी बच्चों को मिल सकें। शिक्षा के उन्नयन को पूरे प्रयास जारी हैं। निपुण भारत मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्ति को सभी शिक्षक व शिक्षामित्र तथा अनुदेशक कार्य कर रहे हैं। पुस्तक वितरण दौरान दोनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापक समेत शिक्षक व शिक्षामित्र तथा अभिभावक मौजूद रहे।

### राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई

**जालौन (उरई)।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 78वीं जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गयी। इस मौके पर कांग्रेसियों ने गुरू मस्तराम स्थित मोक्षधाम पर पहुंच कर साफ सफाई की और पौधों का रोपण किया। शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की 78वीं जयंती कांग्रेसियों ने सद्भावना दिवस के रूप में मनाई। पूर्व प्रधानमंत्री के जयंती के अवसर पर कांग्रेसियों ने सारंगपुर मार्ग स्थित श्मशान घाट गुरू मस्तराम मुक्तिधाम पर श्रमदान करते हुए परिसर की साफसफाई की और उसे हरा भरा रखने के लिए पौधारोपण किया। नगर अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को हुआ था। राजीव गांधी को 21वीं सदी के भारत का निर्माता भी कहा जाता है। 40 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री बनने वाले राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की नींव रखने की दिशा में काम किया और सबसे युवा प्रधानमंत्री बने। कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस मौके पर सेवादल अध्यक्ष एडवोकेट संजय अवस्थी उर्फगोल्डी, उपाध्यक्ष राजा दोहेरे, हरेंद्र यादव, देवेंद्र यादव, मंगल सिंह, महेंद्र बाथम, ओपी कठेरिया, यतेंद्र सिंह, राजेश नाथ, रमेश बाबा आदि ने सहयोग किया।

### कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती

**कोंच (जालौन)।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की 78वीं जयंती नगर कांग्रेस कमिटी द्वारा शनिवार को सरोजनी नायडू पार्क में मनाई गई। कांग्रेस के निवर्तमान नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में संयोजित जयंती कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पूर्व पीएम राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया,तदुपरांत पार्क में वृक्षारोपण भी किया गया।वक्ताओं ने पूर्व पीएम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश में संचार क्रांति लाने का काम किया जो अविस्मरणीय है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सरिता वर्मा, आजाद उद्दीन, सभासद अनिल पटैरिया, श्रीनारायण दीक्षित, गुड्डू अवस्थी, जफर बाबूजी, विनोद कुशवाहा, छोटेलाल अहिरवार, कासिम मंसूरी, वीरेंद्र कुमार सोनी, रामनरेश त्रिपाठी एड, रामकिशोर पुरोहित, अजय बरार, नंदकुमार तिवारी, रोहिताश पुरोहित, अशोक छुट्टन शर्मा, सिराज अहमद, सभासद शकील अहमद, सभासद जाहिद भाई, रज्जाक अंसारी, बबलू शर्मा, राजू वैद, अरूण उपाध्याय, बबलू दुबे, अनिल राठौर, अमित झां, अरमान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सीतानाथ मंदिर में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**कोंच (जालौन)।** नगर के प्राचीन सीतानाथ मंदिर में शनिवार की रात श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई। मंदिर में प्रतिष्ठापित भगवान की मूर्तियों का भव्य श्रंगार कर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और साज बाज के साथ सुंदर भजन गाये।श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर महिला श्रद्धालुओं ने शंख व घंटा घड़ियालों की ध्वनि के बीच श्नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल कीष्उद्घोष कर खुशियां मनाई और खूब नृत्य किया। आरती के पश्चात भगवान को भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। वहीं जन्माष्टमी पर्व पर मंदिर में पधारे चित्रकूट धाम के पीठाधीश्वर रामस्वरूप दास महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया।उन्होंने मंदिर में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य का अवलोकन कर भूरि भूरि प्रशंसा की।

# योगा अभ्यास के दौरान पेड़ की डाल टूटकर गिरने से सात बच्चे घायल

**चित्रकूट।** जिले के रामनगर ब्लॉक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय बांधी में शनिवार को सुबह योगाभ्यास के दौरान अचानक पेड़ की एक डाल टूट कर नीचे आ गिरी। जिसकी चपेट में आने से सात बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए। इन बच्चों को सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना पाकर बीएसए मौके पर पहुंच गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को सुबह स्कूल पहुंचने के बाद बच्चे योगाभ्यास कर रहे थे। अचानक इसी दौरान स्कूल परिसर में लगे महुआ के पेड़ की डाल टूट कर उनके ऊपर आ गिरी। जिससे डाल की चपेट में आए बच्चे घायल हो गए। घायलों में कक्षा 6 की सुष्मिता, पूजा, कीर्ति, चाहत, शिवऔतार, कक्षा 7 की माया व कक्षा 8 की छात्रा अंतिमा शामिल हैं। हादसे के बाद स्कूल में अफरा तफरी का माहौल बन गया। आस-पास मौजूद ग्रामीण मौके में पहुंच गए। आनन-फानन में एंबुलेंस बुलाई गई। सभी घायलों को सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया गया है। वहीं डीएम अभिषेक आनंद ने जानकारी होने पर तत्काल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी को मौके पर भेजा। बीएसए लव प्रकाश यादव ने बताया कि सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पहुँचाया गया। जहाँ बच्चों को उपचार दिया गया।प्रभारी चिकित्साधिकारी से बात करने पर बताया गया कि सभी को मामूली चोट है। कुछ समय पश्चात घर भेज दिया जायेगा।

# बांके बिहारी की देख छटा मेरो मन हो गयो लटा-पटा

संवाददाता। जालौन (उरई)





**अरे, नैनन** में श्याम समाय गओ, मोहे प्रेम को रोग लगाय गओ। कृष्ण जन्माष्टमी पर कोतवाली में आयोजित भजन संध्या में गायिका शिप्रा ने जब यह गीत सुनाया, तो पंडाल में मौजूद सभी श्रोता झूमने पर विवश हो गए। नगर के एकमात्र सरस्वती मंदिर पर भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कोतवाली में परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। कानपुर से शिप्रा आजाद भजन मंडली के कलाकारों को भजन संध्या में बुलाया गया था। जिसमें गायिका शिप्रा ने देर रात तक राधे कृष्धा के भजन सुनाकर समा बांधे रखा। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीकृष्ण वंदना के साथ हुई। जिसके बाद बांके बिहारी की देख छटा, मेरो मन हो गयो लटा-पटा, राधिका गोरी से, बृज की छोरी से मैया करा दे मेरो ब्याह गीतों को सुनकर श्रोता झूमने को मजबूर हो गए। वहीं, आएगा मेरा सांवरा मन से बुला के देख भजन को सुनकर श्रोताओं की आंखें नम हो गई। इस मौके पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, सीओ उमेश पांडेय, कोतवाल शैलेंद्र सिंह, आशू तिवारी, एसआई अनिल कुमार, रजत कुमार, सत्येंद्र, शिवभूषण वर्मा आदि मौजूद रहे। इसके अलावा नगर के एकमात्र सरस्वती मंदिर पर भी श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव पंडित हृदेश मिश्रा की देखरेख में धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण का जन्म होने पर बधाई दी गई और आतिशबाजी चलाकर खुशी का इजहार किया।

## इस्कॉन ने धूमधाम से मनाया योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

**चित्रकूट।** इस्कॉन की चित्रकूट यूनिट में श्री कृष्ण जन्माष्टमी तथा नंदोत्सव का दो दिवसीय कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। प्रथम दिन श्री कृष्ण जन्माष्टमी में भगवान श्री कृष्ण का पंचामृत अभिषेक तथा हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्णा हरे हरे हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे महामंत्र के संकीर्तन से सारे श्रद्धालु एवं भक्तगण झूम उठे। कार्यक्रम में इस्कॉन के प्रेसिडेंट अनंतबलदेव अरविंद दास जी ने श्रीकृष्ण जन्म की सुंदर कथा की। कार्यक्रम में 56 भोग तथा महाआरती का भी आयोजन हुआ। दूसरे दिन 20 अगस्त को श्रील प्रभुपाद जी के जन्मोत्सव पर राम घाट में विशाल भंडारा का आयोजन हुआ तथा श्रील प्रभुपाद जी की जीवनी पर बनी हॉलीवुड की फिल्म का भी प्रदर्शन हुआ। जिसमे बताया गया की श्रील प्रभुपाद जी ने अपने गुरुमहाराज के आदेश पर पूरे विश्व श्री श्री राधा कृष्ण की भक्ति का प्रचार किया और 108 भव्य मंदिरों की स्थापना की।

# कमिश्नर ने कान्हा गौशाला में फैली अव्यवस्था के लिए एसडीएम और ईओ को ठहराया दोषी

संवाददाता। बांदा



**बाँदा** जनपद कि सरकारी कान्हा गौशाला में निरीक्षण के दौरान जिम्मेदारों की खुली पोल

गोवंश के व्यवस्थाओं के लिए प्रदेश में जिम्मेदारों को कड़े निर्देश दिए गए हैए लेकिन वही दूसरी तरफ जिले के अतर्रा में नगर पालिका द्वारा संचालित कान्हा पशु आश्रय केंद्र में पूरी तरह से अव्यवस्थाएं फैली हुई है। जिसकी पोल शनिवार को चित्रकूट धाम मंडल के मंडलायुक्त आरपी सिंह व डीआईजी विपिन मिश्र के निरीक्षण में खुल गई है ।

बीते दिनों कान्हा पशु आश्रय केंद्र में भूख व इलाज के अभाव में छह गोवंशों की मौत का वीडियो वायरल हुआ था।जिसके बाद मंडलायुक्त ने डीआइजी के साथ शनिवार को अतर्रा के कान्हा पशु आश्रय केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त के सामने कान्हा गोशाला में फैली अव्यवस्थाएं सामने आ गई । उनके निरीक्षण में भाजपा मंडल अध्यक्ष वेद निराला के साथ महामंत्री दीनदयालए वरिष्ठ भाजपा नेता राजाराम तिवारीए राजू त्रिवेदीएसुरेंद्र सिंहए ओमप्रकाश ने मंडलायुक्त से अव्यवस्थाओं की शिकायत की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री निराला ने मंडलायुक्त से बताया कि बीते दिनों कई गोवंशों के मौत भूख व इलाज के अभाव में हो गई है।जिसके बाद वह कान्हा गोशाला में फैली अव्यवस्थाओं की शिकायत लेकर एसडीएम विकाश यादव से मिलने गएएलेकिन उन्होंने मिलने से ही मना कर दिया था। मंडलायुक्त ने गोशाल निरीक्षण में मिली अव्यवस्थाओं को देख प्रथम दृष्टया एसडीएम व पालिका के ईओ को को दोषी बताया है। जिसके लिए उन्होंने सीडीओ की अध्यक्षता मे जांच टीम का गठन किया है। उनकी जांच रिपोर्ट में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।इसके अलावा उन्होंने चिकित्सा व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी जाहिर करते हुए पशु चिकित्सक लघुचंद्र अहिरवार को नियमित गोशाला में मौजूद रह बीमार गोवंशों के इलाज व एसडीएम को सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए हैं।

# झमाझम बारिश से नदी-नाले उफनाए

संवाददाता। चित्रकूट

**एक** पखवाडे बाद शुक्रवार को देर रात हुई जोरदार बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी है। पानी से खेत लबालब हो गये। तीर्थक्षेत्र में उप्र सीमा से सटे मप्र इलाके में झमाझम बारिश होने से पाठा क्षेत्र के नदी, नाले उफनाने लगे हैं। बरदहा नदी का पानी रपटा के ऊपर बहने से आधा दर्जन गांवों का आवागमन प्रभावित हो गया है। मन्दाकिनी का जल स्तर बढने से रामघाट में प्रशासन ने एलर्ट जारी किया है।

शनिवार को मौसम विभाग ने दो दिन पहले ही 19 से 23 अगस्त तक मध्यम से भारी बारिश की सम्भावना जताई थी। देर शाम से ही बूंदाबांदी शुरु हो गई थी। देर रात भगवान श्रीकृष्ण जन्म की पूजा होते ही जोरदार बारिश होने लगी। रातभर तेज बारिश का दौर चला। मुख्यालय कर्वी में 90 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। शनिवार को सवेरे से ही आसमान में बादल छाये रहे। अपरान्ह दो बजे के बाद जोरदार बारिश से खेत-खलिहान पानी से लबालब हो गये।

मानिकपुर में पाठा की बरदहा नदी उफान पर आ गई। धारकुण्डी आश्रम जाने वाले मार्ग में रपटे के ऊपर पानी बहने से आवागमन प्रभावित हो गया। कई गांवों का सम्पर्क तहसील मुख्यालय मानिकपुर से टूट गया। एमपी क्षेत्र में जोरदार बारिश होने से मन्दाकिनी जल स्तर तेजी से बढने लगा। शनिवार को तडके चार बजे से जल स्तर बढने की शुरुवात हुई। पूर्वान्ह 11 बजे तक तकरीबन चार फिट पानी बढ गया है। जल स्तर बढता देख रामघाट में दुकानदारों ने अपना सामान समेटना शुरु कर दिया है। प्रशासन ने भी एलर्ट जारी कर सभी लोगों को सचेत रहने की चेतावनी दी है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आईं 16 शिकायतें, एक मामला निस्तारित



**कोंच (जालौन)।** शासन के निर्देश पर माह के प्रथम व चौथे शनिवार को आयोजित किये जाने वाला तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में एसडीएम कृष्णकुमार सिंह की अध्यक्षता व सीओ शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी, तहसीलदार प्रेमनारायण प्रजापति की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस, राजस्व, बिजली, जलसंस्थान, आपूर्ति, ब्लॉक, नगरपालिका आदि विभागों से जुड़ी कुल 16 शिकायतें आये हुए फरियादियों ने दर्ज करायीं।उधर,एसडीएम के निर्देशन में मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के स्थानीय अधिकारियों ने अपने अपने विभागों से जुड़ी शिकायतों का अवलोकन किया।मौके पर मात्र 1 शिकायत ही निस्तारित की जा सकी।निस्तारण हेतु शेष बची 15 शिकायतों को लेकर एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा के अंदर मौके पर जाकर गुणवत्ता के साथ शिकायतों का निस्तारण करें और इसकी जानकारी शिकायतकर्ता को अवश्य दें।उन्होंने कहा कि शिकायतें लम्बित नहीं रहनी चाहिए अन्यथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# मारपीट के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता। कोंच (जालौन)



**गत दिनों** पूर्व बाइक सवार पुत्र पर लाठी डंडों से हमला कर उसे मरणासन्न किये जाने की शिकायत करते हुए पिता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई थी जिसको लेकर पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।वहीं शनिवार को दरोगा शिवनारायण ने पुलिस बल के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना पर ग्राम खोआ बम्बा के समीप से आरोपी अनूप, वरुण व मोहित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

विदित हो कि थाना रेंढ़र क्षेत्र के ग्राम क्योलारी निवासी राजकुमार पुत्र बद्रीप्रसाद पटेल ने कोंच कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसका पुत्र प्रदीप उर्फ दीपू अपने मित्र राघवेंद्र सिंह निवासी ग्राम बंदउआं के साथ बाइक पर सवार होकर गांव से कोंच जा रहा था तभी ग्राम तीतरा बम्बा से ठीक पहले सड़क किनारे घात लगाए बैठे अनूप निवासी बंदउआं, सगे भाई वरुण व रोहित निवासी करहियापुर,मोहित निवासी क्योलारी ने बाइक रोक ली थी और पीछे बैठे पुत्र को सड़क पर पटक लिया था जबकि बाइक चला रहा राघवेंद्र डर की वजह से खेतों की ओर भाग गया था। राजकुमार ने प्रार्थना पत्र में बताया था कि उक्त लोगों ने एकराय होकर लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर पुत्र को गंभीर रूप से घायल कर दिया था और फिर मरणासन्न अवस्था में छोड़कर धमकी देते हुए उक्त लोग मौके से भाग गये थे। पुलिस ने घटना को लेकर उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 323, 325, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी।

## ग्राहक सेवा केंद्रों का उपभोक्ता उठाएं लाभ:प्रबंधक

**कोंच (जालौन)।** नगर में स्थित भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के प्रबंधक अभिषेक यादव ने बैंक शाखा से जुड़े उपभोक्ताओं को जागरूक किया। बीते करीब 2 माह पूर्व माह जून में मुख्य शाखा प्रबंधक का कार्यभार संभालने वाले अभिषेक यादव ने शाखा से जुड़े उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए कहा कि 30 हजार रुपये तक का लेनदेन ग्राहक सेवा केंद्रों के माध्यम से कर सकते हैं। उन्होंने जागरूक करते हुए कहा कि मुख्य शाखा में उपभोक्ताओं को भीड़ भाड़ और अनावश्यक परेशानी से बचाने के लिए नगर में मुहल्ला जवाहर नगर में देवराज ज्वेलर्स के समीप मो हारून, लाजपत नगर में घंटाघर के समीप राशिद अली व पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप अभिषेख खरे ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन कर रहे हैं।इसके अलावा ग्राम क्योलारी में भूपेंद्र कुमार द्वारा केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। मुख्य शाखा प्रबंधक श्रीखरे ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि बैंक शाखा से संबंधित किसी प्रकार की कोई समस्या होने पर संबंधित उपभोक्ता उनसे संपर्क कर सकता है।

# दूसरा वनडे जीतकर भारत ने श्रृंखला अपने नाम की

- जिम्बाब्वे को पांच विकेट से हराया
- तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की विजई बढ़त बना ली
- शार्दुल ने 3 विकेट चटकाए



भाषा। हरारे

**टीम में** वापसी करने वाले तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के दम पर भारत ने दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में शनिवार को जिम्बाब्वे को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की विजई बढ़त बना ली।

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए भारत ने मेजबान को 161 रन पर आउट कर दिया। जवाब में भारत ने कमोबेश आसान लक्ष्य को हासिल करने में पांच विकेट गंवा दिए। कप्तान केएल राहुल ने अगले सप्ताह शुरू हो रहे एशिया कप से पहले बल्लेबाजी अभ्यास के लिए शिखर धवन के साथ पारी की शुरूआत की लेकिन दूसरे ही ओवर में पांच गेंद में एक रन बनाकर विक्टर एनयुची की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए।

धवन और शुभमन गिल ने दूसरे विकेट के लिए 42 रन जोड़े। पहले वनडे में भारत को दस विकेट से जीत दिलाने वाली इस जोड़ी को तनाका चिवांगा ने सातवें ओवर में धवन को इनोसेंट काइया के हाथों लपकवाकर तोड़ा। इसके बाद ल्यूक जोंगवे ने 12वें और 14वें ओवर में क्रमश: ईशान किशन (छह) और गिल (33) को पवेलियन भेजकर भारत को दो झटके दिए। दीपक हुड्डा (25) और संजू सैमसन (नाबाद 43) ने 56 रन की साझेदारी करके जीत को आसान बना दिया। हुड्डा उस समय सिकंदर रजा का शिकार हुए जब भारत को नौ रन की जरूरत थी। सैमसन ने काइया को छक्का लगाकर विजई रन लिए। इससे पहले दीपक चाहर की गैर मौजूदगी में टीम में जगह बनाने वाले ठाकुर ने 12वें ओवर में जिम्बाब्वे को दोहरे झटके दिए। उन्होंने सात ओवर में 38 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जिम्बाब्वे के लिए सीन विलियम्स ने 42 गेंद में एक छक्के और तीन चौकों की मदद से 42 रन बनाए। उनके क्रीज पर आने के समय मेजबान का स्कोर 13वें ओवर में चार विकेट पर 31 रन था। अनियमित आफ स्पिनर दीपक हुड्डा ने विलियम्स को आउट किया जिनका कैच डीप स्क्वेयर लेग पर शिखर धवन ने लपका। रियान बुर्ल ने 47 गेंद में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाए लेकिन दूसरे छोर पर उनका साथ देने के लिए बल्लेबाज नहीं बचे थे। जिम्बाब्वे ने आखिरी तीन विकेट आठ गेंद के भीतर गंवा दिए जिनमें विक्टर एनयुची और तनाका चिवांगा रन आउट हुए। भारतीय क्षेत्ररक्षकों ने अगर निराशाजनक प्रदर्शन नहीं किया होता तो जिम्बाब्वे का स्कोर और कम होता। विकेटकीपर संजू सैमसन ने अक्षर पटेल की गेंद पर एक कठिन कैच और स्टम्पिंग का मौका गंवाया। वहीं कुलदीप यादव ने अपनी ही गेंद पर आसान कैच छोड़ा। मोहम्मद सिराज ने किफायती गेंदबाजी करते हुए आठ ओवर में 16 रन देकर एक विकेट लिया जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 6 .। ओवर में 28 रन देकर एक विकेट लिया। उछाल भरी हरारे एससी की पिच पर भारतीय गेंदबाजों ने उम्दा प्रदर्शन किया। पहले तीन ओवर में मेजबान बल्लेबाज एक ही रन बना सके। सिराज ने आठवें ओवर में पहली सफलता दिलाई। इसके बाद ठाकुर और कृष्णा ने विकेट लिए। सिकंदर रजा और विलियम्स की 40 रन की साझेदारी को कुलदीप ने तोड़ा। रजा ने उनकी गेंद पर ईशान किशन को कैच थमाया।

## स्कोरबोर्ड

**जिंबाब्वे:** केइतानो का सैमसन बो सिराज 07,काइया का सैमसन बो ठाकुर 16,माधेवेरे का सैमसन बो कृष्णा 02,चकाबवा का गिल बो ठाकुर 02, रजा का इशान बो कुलदीप 16,विलियम्स का धवन बो हुड्डा 42,बर्ल नाबाद 39,जोंगवे बो ठाकुर 06, इवान्स बो अक्षर 09,नयाउची रन आउट 00,चिवांगा रन आउट 00,**अतिरिक्त:** 18, **कुल:** 38.1 ओवर मे सभी विकेट खोकर: 161 रन,**विकेट पतन:**1-20, 2-27, 3-29, 4-31, 5-72, 6-105, 7-129, 8-149, 9-156,**गेंदबाजी:** सिराज 8-2-16-1,कृष्णा 6.1-1-28-1,ठाकुर 7-0-38-3,अक्षर 7-1-20-1,कुलदीप 8-0-49-1,हुड्डा 2-0-6-1

**भारत पारी :** धवन का काइया बो चिवांगा 33, केएल राहुल पगबाधा बो एनयुची 1, गिल का इवांस बो जोंगवे 33,किशन बो जोंगवे 6, हुड्डा बो रजा 25,सैमसन नाबाद 43, पटेल नाबाद 6, अतिरिक्त : 20 रन,**कुल योग** : 25 . 4 ओवर में पांच विकेट पर 167 रन, **विकेट पतन** :1-5, 2-47, 3-83, 4-97, 5-153, **गेंदबाजी :** चिवांगा 7-0-38-1, एनयुची 4-0-32-1, जोंगवे 4 -0 -33 -2, इवांस 4-0-21- 0, रजा 4-0 -16-1, विलियम्स 1-0 -13-0, वेसली 1-0-7-0, काइया 0.4 -0-6 -0

### हमारी बल्लेबाजी में गहराई है और हम नर्वस नहीं थे : राहुल

**हरारे।** छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का शीर्षक्रम भले ही लड़खड़ा गया हो लेकिन कप्तान के एल राहुल ने कहा कि उनकी टीम नर्वस नहीं थी। भारत ने दूसरे वनडे में जिम्बाब्वे को पांच विकेट से हराकर श्रृंखला जीत ली। राहुल ने मैच के बाद कहा , हमारी बल्लेबाजी में गहराई है और मध्यक्रम के



बल्लेबाजों को मौका मिलना अच्छा रहा। हम नर्वस नहीं थे। उन्होंने कहा , उनके पास अच्छे गेंदबाज है और बांग्लादेश में उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की थी। वे लंबे और मजबूत कद काठी के हैं। बतौर बल्लेबाज हमारे लिए चुनौती अच्छी थी लेकिन हमारी बल्लेबाजी में गहराई है तो चिंता की बात नहीं थी। राहुल पारी की शुरूआत करने शिखर धवन के साथ उतरे लेकिन एक रन बनाकर आउट हो गए। बल्लेबाजी क्रम में बदलाव काम नहीं आया। मैं कुछ रन बनाना चाहता था लेकिन बना नहीं सका। उम्मीद है कि अगले मैच में रन बनेंगे।

# लार्ड्स पर 24 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहेंगी झूलन



भाषा। कोलकाता

**अंतरराष्ट्रीय** महिला क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट ले चुकी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी लॉडर्स पर भारत और इंग्लैंड के बीच 24 सितंबर को तीसरे और आखिरी वनडे के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहेंगी। 39 वर्ष की झूलन को तीन मैचों की श्रृंखला के लिए भारत की 17 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया है। ए मैच होव (18 सितंबर), कैंटरबरी (21 सितंबर) और लाडर्स (24 सितंबर) पर खेले जाएंगे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने बोर्ड के एक अधिकारी के हवाले से कहा कि इस साल मार्च में न्यूजीलैंड में वनडे विश्व कप में भारत के लिए आखिरी बार खेलने वाली झूलन को उचित विदाई दी जाएगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप में भारत के आखिरी ग्रुप मैच से पहले झूलन की बाजू में खिंचाव आ गया था और वह जुलाई में श्रीलंका दौरे से भी बाहर रही। रिपोर्ट के अनुसार झूलन अगले साल होने वाले पहले महिला आईपीएल के लिए अपने विकल्प खुले रख रही है। वह मेंटोर की भूमिका के लिए पुरूष टीम के भी संपर्क में है। वर्ष 2002 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली झूलन 2018 में टी20 क्रिकेट को अलविदा कह चुकी हैं और आखिरी टेस्ट अक्टूबर 2021 में खेला था। छह विश्व कप खेल चुकी झूलन ने 12 टेस्ट, 68 टी20 और 201 वनडे खेले हैं। वनडे में उनके नाम 252 विकेट हैं और 200 से अधिक विकेट लेने वाली वह अकेली गेंदबाज हैं। दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका की शबनम इस्माइल हैं जिनके नाम 191 विकेट हैं।

### न्यूजीलैंड ने दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज को हराया

**ब्रिजटाउन।** फिन एलेन के 96 रन के बाद टिम साउथी के चार विकेट से न्यूजीलैंड ने वर्षा से प्रभावित दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे शुक्रवार को यहां वेस्टइंडीज को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 50 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला।-। से बराबर कर दी। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 212 रन बनाए जिसके जवाब मे वेस्टइंडीज की टीम 27 रन पर छह विकेट गंवाने के बाद संकट मे थी लेकिन इसके बाद बारिश के खलल और फिर निचले क्रम के उपयोगी योगदान से टीम अपने सबसे कम स्कोर पर सिमटने से बच गई।

### फिट होने पर ही लुसाने डायमंड लीग में खेलेंगे नीरज : सुमरिवाल

**नई दिल्ली।** चोट के कारण राष्ट्रमंडल खेलो से नाम वापिस लेने वाले ओलंपिक चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मेडिकल आधार पर फिट होने पर ही 26 अगस्त को लुसाने डायमंड लीग मे भाग लेंगे।भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने यह बात कही। चोपड़ा का नाम 26 अगस्त को होने वाले टूर्नामेंट के प्रतियोगियो की सूची मे है। सुमरिवाला ने पीटीआई को बताया , वह मेडिकल आधार पर फिट होगा तो ही खेलेगा। चोपड़ा को अमेरिका के यूजीन मे पिछले महीने विश्व चैम्पियनशिप के दौरान ग्रोइन मे खिंचाव आ गया था। उन्होने वहां रजत पदक जीता था।

### खलिन ने पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप जीती

**कोयंबटूर।** एशियाई टूर के पूर्व विजेता खलिन जोशी ने शनिवार को यहां अंतिम दौर मे चार अंडर 68 के स्कोर के साथ टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स गोल्फ चैपियनशिप का खिताब जीत लिया। बेंगलुरू के गोल्फर खलिन ने 14 अंडर 274 के कुल स्कोर से 50 लाख रुपए इनामी प्रतियोगिता जीती। खलिन ने कोयंबटूर गोल्फ क्लब पर नया रिकॉर्ड बनाया। तीस साल के खलिन का यहां सातवां पेशेवर खिताब और पीजीटीआई पर छठा खिताब है।

### अमनदीप एशिया पैसीफिक कप में 18वें स्थान पर रहीं

**जकार्ता।** अमनदीप द्राल शनिवार को अंतिम दौर मे पार 72 के स्कोर से पहले सिमोन एशिया पैसीफिक कप गोल्फ टूर्नामेंट मे भारतीयो के बीच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए संयुक्त 18वे स्थान पर रही। टीम स्पर्धा मे अमनदीप की साथी वाणी कपूर ने दो ओवर 74 के स्कोर से संयुक्त 20वां स्थान हासिल किया। यह भारतीय जोड़ी टीम स्पर्धा मे 11वे स्थान पर रही।

### भुल्लर कोरिया में संयुक्त 10 वें स्थान पर

**जेजू आईलैंड (कोरिया)।** अंतिम लम्हो मे डबल बोगी और बोगी के साथ गगनजीत भुल्लर तीसरे दौर मे 69 के निराशाजनक प्रदर्शन के साथ अंतरराष्ट्रीय सीरीज कोरिया गोल्फ टूर्नामेंट मे संयुक्त 10वे स्थान पर चल रहे है। तीसरे दौर मे 15 होल के बाद भुल्लर का कुल स्कोर 10 अंडर था और वह एक हफ्ते मे दूसरे खिताब की ओर बढ़ रहे थे लेकिन 16वे होल मे डबल बोगी और 17वे होल मे बोगी से उनका कुल स्कोर सात अंडर है।

# भूमिका में स्पष्टता से खराब फॉर्म से जूझने वालों को काम करने की दिशा मिलती है

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय कप्तान** रोहित शर्मा का कहना है कि खिलाड़ियों की भूमिका स्पष्ट करने से उन्हें खराब फॉर्म से जूझने के दौरान वह दिशा मिलती है जहां उन्हें ध्यान केंद्रित करना है और इससे उन्हें अपने खेल में सुधार करने तथा फिर से मजबूत बनने में मदद मिलती है। रोहित को लगता है कि एक कप्तान के रूप में यह समझना उनका काम है कि जब खिलाड़ी खराब दौर से गुजर रहे हों तो उन्हें क्या चाहिए। रोहित ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम फॉलो द ब्ल्यूज पर कहा, जाहिर है मेरे लिए यह कुछ खास लोगों के साथ जल्दी से ढलना और फिर यह समझना है कि उन्हें क्या चाहिए, उनके मजबूत पक्ष क्या हैं और उनके कमजोर पहलू क्या हैं। उन्हें प्रतिक्रिया दें और उनके साथ काम करें। टीम उस व्यक्ति से क्या उम्मीद कर रही है इस बारे में बहुत विशिष्ट रहें। इससे खिलाड़ी निखर सकता है क्योंकि जब हम उन्हें यह स्पष्टता देते हैं कि टीम आपसे क्या उम्मीद कर रही है तो वह उस दिशा में काम करने में सक्षम होगा और वह अपने खेल पर कई तरह से काम कर सकता है और फिर अपने खेल में सुधार भी कर सकता है। मुंबई इंडियंस के साथ रिकॉर्ड पांच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीतने वाले रोहित ने इस साल की शुरुआत में विराट कोहली की जगह सभी प्रारूपों में भारत के पूर्णकालिक कप्तान की जिम्मेदारी संभाली है। जब आप जानते हैं कि कुछ खिलाड़ी कठिन समय से गुजर रहे हैं, तो हम उन्हें स्पष्ट रूप से समझने की कोशिश करते हैं कि क्या हो रहा है। उसे समझाना कि हम उससे क्या उम्मीद करते हैं, इस टीम में उसकी भूमिका और इस तरह की सभी चीजें। इसलिए जब मैं खेल खेलता हूं तो मैं किसी विशेष मंत्र के साथ नहीं जाता हूं। इस तेजतर्रार सलामी बल्लेबाज ने सहज माहौल की जरूरत पर भी जोर दिया। मेरे लिए एक कप्तान के रूप में यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम खिलाड़ियों के लिए एक ऐसा माहौल तैयार करें जहां उन्हें यह न लगे कि यह बहुत अधिक दबाव का माहौल है। हम कोशिश करते हैं और लोगों के लिए एक माहौल बनाते हैं। हम कोशिश करते हैं कि वे जो करें उसका लुत्फ उठाएं। क्योंकि मेरा मानना है कि दबाव को बहुत अधिक हावी नहीं होने देना महत्वपूर्ण है। जब आप खेल रहे होते हैं तो जाहिर है दबाव होगा क्योंकि जब आप गेंद को अपने हाथ में रखते हैं तो एक गेंदबाज के रूप में आप पर दबाव होता है। भारतीय कप्तान ने कहा, जब आप बल्लेबाजी कर रहे होते हैं तो दबाव होता है और यही आपको अपने दम पर संभालना होता है। आपके अलावा कप्तान या कोच या कोई भी इसके बारे में कुछ नहीं कर सकता। रोहित को जिंबाब्वे के मौजूदा दौरे से आराम दिया गया है और वह इस महीने के अंत में दुबई में शुरू होने वाले एशिया कप में टीम की अगुवाई करते नजर आएंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा।

### भारत, पाकिस्तान डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के करीब नहीं पहुंचेंगे तो हैरानी होगी: वाटसन

**दुबई।** आस्ट्रेलिया के पूर्व आलराउंडर शेन वाटसन का मानना है कि भारत और पाकिस्तान के पास कई मैच विजेता है और अगर ए दोनो टीमे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के करीब नही पहुंचती हैं तो यह हैरानी भरा होगा। मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र का फाइनल अगले साल खेला जाना है और लीग तालिका मे शीर्ष दो स्थानो पर जगह बनाने की दौड़ तेज हो गई है। पिछले सत्र का उप विजेता भारत अपने छह शेष डब्ल्यूटीसी मैच मे से चार के लिए आस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा जबकि बाकी दो मैच बांग्लादेश के खिलाफ होंगे। दूसरी तरफ पाकिस्तान को अपने शेष सभी पांच मुकाबले स्वदेश मे खेलने है। आप भारत और पाकिस्तान को कभी दौड़ से बाहर नही मान सकते क्योंकि उनके पास स्वदेश से बाहर भी बहुत सारे मैच विजेता है। अगर वे दोनो फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के करीब नही पहुंचते है तो मुझे हैरानी होगी।

### स्मिथ ने कहा, कोहली के नेतृत्व में भारत ने टेस्ट क्रिकेट के विकास में अहम भूमिका निभाई



**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि भारत ने पूर्व कप्तान विराट कोहली के नेतृत्व मे टेस्ट क्रिकेट के विकास मे अहम भूमिका निभाई है। उनका साथ ही मानना है कि आने वाले वर्षो मे केवल पांच या छह देश खेल के सबसे लंबे प्रारूप को खेल सकते है। स्मिथ का मानना है कि कुछ ही देश इस समय टेस्ट क्रिकेट के विकास मे योगदान दे रहे है। स्मिथ ने दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैड के बीच पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन स्काई स्पोर्ट्स पर कहा, सिर्फ प्रतिष्ठित देश या बड़े क्रिकेट देश इस समय टेस्ट क्रिकेट मे योगदान दे रहे है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान 41 वर्षीय स्मिथ को लगता है कि कोहली के नेतृत्व भारत ने वास्तव मे टेस्ट क्रिकेट को गंभीरता से लिया। कोहली खेल के सबसे लंबे प्रारूप के समर्थक रहे है। उन्होंने कई यादगार टेस्ट जीत के साथ भारत को पहली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मे पहुंचाया। स्मिथ ने कहा, मुझे लगता है कि यह शानदार है कि विराट कोहली के नेतृत्व मे भारत ने वास्तव मे टेस्ट क्रिकेट को गंभीरता से लिया। लेकिन आपके पास 10, 11, 12, 13 या 14 प्रतिस्पर्धी टीमें नही होंगी। आपको इस स्तर पर शायद केवल पांच या छह देश टेस्ट क्रिकेट खेलते हुए दिखें।

### भारत के स्टार ओलंपिक फुटबॉल कप्तान समर बद्रू बनर्जी का निधन

**कोलकाता।** मेलबर्न 1956 ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय फुटबॉल की टीम अगुआई करने वाले पूर्व कप्तान समर बद्रू बनर्जी का लंबी बीमारी के बाद शनिवार तड़के यहां निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। बनर्जी के परिवार में उनकी बहू है। बद्रू दा के नाम से मशहूर बनर्जी अल्जाइमर, एजोटेमिया और उच्च रक्तचाप से संबंधित बीमारियों से पीड़ति थे। उन्हें कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद 27 जुलाई को एमआर बांगर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मोहन बागान के सचिव देबाशीष दत्ता ने पीटीआई को बताया, उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें राज्य के खेल मंत्री अरूप विश्वास की देखरेख में सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने तड़के करीब दो बजकर 10 मिनट पर अंतिम सांस ली। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा, वह हमारे प्रिय बद्रू दा थे और हमने उन्हें 2009 में मोहन बागान रत्न से नवाजा था। यह हमारे लिए एक और बड़ी क्षति है।

# भगत व कदम को पुरुष युगल स्वर्ण

- तीन महिला पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी भी बनी चैम्पियन

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय पैरा** बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने इंडोनेशिया के द्वियोको द्वियोको और फ्रेडी सेतियावान को हराकर थाईलैंड में पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने एसएल3 . एसएल4 वर्ग में 21-18, 21 -13 से जीत दर्ज की। पुरूष एकल में दोनों को फाइनल हारने के बाद रजत से संतोष करना पड़ा। प्रमोद को इंग्लैंड के डेनियल बेथेल ने 21 -13, 21-19 से हराया जबकि कदम फ्रांस के लुकास माजूर से 2-21, 17 - 21 से हार गए। रूत्विक रघुपति और मानसी जोशी ने एसएल3 . एसयू5 मिश्रित युगल वर्ग में रजत पदक जीते। उन्हें फाइनल में फ्रांस के लुकार माजूर और फाउस्टाइन नोएल ने 17-21, 21-15, 21-7 से मात दी। महिला एकल में मनदीप कौर ने एसएल3 फाइनल में हमवतन मानसी को 20-22, 21 -19, 21-14 से हराया जबकि मनीषा रामदास ने जापान की काएदे कामेयामा को 20-22 , 21-12, 21-19 से मात दी। नित्या श्री सुमति सिवन ने इंग्लैंड की रशेल चूंग को एसएच6 फाइनल में 21-9, 24-22 से हराया। मानसी और एस विश्वनाथन ने महिला युगल में रजत पदक जीता।

# स्पोर्ट्स कालेज ने जीता सुब्रतो कप फुटबाल



**लखनऊ।** सुब्रतो कप विद्यालयी फुटबाल के फाइनल में लखनऊ स्पोर्ट्स कालेज व बरेली मंडल के बीच हुआ। इसमें स्पोर्ट्स कालेज ने 3-0 से मैच जीत लिया। पहले हाफ में मनीष ने मैदानी गोल करते अपनी टीम को 1->0 से आगे किया। दूसरे हाफ में स्पोर्ट्स कालजे हावी रही। प्रशांत ने हेडर लगाकर 2-0 से बढ़त दिलाई, अंतिम क्षणों में सौरभ ने गोल कर अपनी टीम को 3-0 से जीत दिला दी। स्पोर्ट्स कालेज की प्रधानाचार्य मुद्रिका पठक ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### पैडलर धरिया व सुहाना जीते

**लखनऊ।** स्वर्गीय एसकेपांडे मेमोरियल 2 यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का का उद्घाटन आलोक सिन्हा आईएएस सेवानिवृत्त यूपीटीटीए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने किया। अरुण कुमार बनर्जी यूपीटीटीए के सचिव भी उपस्थित रहे। पुरुष वर्ग के तीसरा दौर में धरिया सिंघल ने आकाश अग्रवाल को , दिव्यांश श्रीवास्तव ने अर्णव पंवार को ,सौरव पोद्दार ने अवि पाल को ,आशुतोष सिंह ने अतरव श्रीवास्तव को , शिवम चंद्र ने आदित्य सिंह को, सत्यम गिरी को हराया। महिला प्री.क्यू में सुहाना नरगिनारी ने अवनि त्रिपाठी को ,दिशा ने एलिना मिश्रा को ,मीता दीक्षित ने विशाखा राज को तनिषा मलानी ने गुनगुन साहू को ,राधाप्रिया गोयल को हराया, माहिका दीक्षितने सलोनी बंसल को ,सुहानी महाजन ने सृष्टि जायसवाल को हराया।

### डूरंड कप : सेना रेड ने चेन्नइयिन एफसी को ड्रा पर रोका

**इम्फाल।** इंडियन सुपर लीग पूर्व चैम्पियन चेन्नइयिन एफसी को डूरंड कप फुटबॉल के मुकाबले मे शनिवार को चेन्नइयिन एफसी ने 2-2 से ड्रॉ पर रोका। ग्रुप सी के मुकाबले मे पहले 45 मिनट मे कोई गोल नही हो सका। इसके बाद सेना रेड के लिए लेथाओलेन खोंगसाइ ने 54वे मिनट मे गोल किया हालांकि चेन्नइयिन के जूलियस डकर ने नियमित समय से एक मिनट पहले बराबरी का गोल दागा। दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट मे चेन्नइयिन के एडविन वंसपॉल ने गोल करके बढत दिला दी। सेना रेड के लिटन एस ने हालांकि (90 प्लस 6) आखिरी पलो मे गोल करके जीत की चेन्नइयिन की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

### एफटीएक्स क्रिप्टो कप: लिएम ली के खिलाफ शिकस्त के साथ प्रज्ञानानंदा का विजयी अभियान रुका



**मियामी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को शुक्रवार को यहां पांचवे दौर मे चीन के क्युआंग लिएम ली के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे चैंपियन्स शतरंज टूर के अमेरिकी फिनाले टूर्नामेंट एफटीएक्स क्रिप्टो कप मे उनका विजई अभियान रुक गया। लिएम ली ने एकतरफा मुकाबले मे भारतीय ग्रैंडमास्टर को 2.5-0.5 से हराया। दोनो खिलाड़ियो के बीच पहली बाजी ड्रॉ रही जिसके बाद लिएम ली ने अगली दोनो बाजी जीत ली। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को भी पोलैड के यान क्रिस्टोफ डुडा के खिलाफ टाईब्रेकर मे 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। दोनो के बीच चार बाजियो का मुकाबला 2-2 से बराबर रहा था। नॉर्वे के दिग्गज कार्लसन ने पांचवे दौर के बाद 13 मैच अंक के साथ एकल बढ़त बना ली है। वह प्रज्ञानानंदा से एक अंक आगे है। भारत के 17 साल के प्रज्ञानानंदा ने टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत करते हुए शुरुआती चार दौर मे दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा, अनीष गिरी, लेवोन अरोनियन और हेन्स नीमैन को हराया था लेकिन चीन के ग्रैंडमास्टर ने उनका विजई अभियान रोक दिया। दिन के अन्य मुकाबलो मे फिरोजा ने नीमैन को 2.5-0.5 से हराया। उनके 11 मैच अंक हो गए है। नीदरलैंड के गिरी ने अरोनियन को 2.5-0.5 से शिकस्त दी और वह सात अंक के साथ पांचवे स्थान पर पहुंच गए है।

# लखनऊ, कानपुर, बरेली व गोंडा ने जीते स्वर्ण



- प्रथम यूपी सेंट्रल जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप

**लखनऊ।** मेजबान लखनऊ, कानपुर, बरेली व गोण्डा के खिलाड़ियों ने प्रथम यूपी सेंट्रल जोन ताइक्वाण्डो चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन करते हुए दो-दो स्वर्ण पदक जीते।

उत्तर प्रदेश ताइक्वाण्डो संघ के तत्वावधान में लखनऊ जिला ताइक्वाण्डो संघ द्वारा चौक स्टेडियम के लाल जी टंडन बहुउद्देशीय हाल में खेली जा रही चैंपियनशिप के पहले दिन महराजगंज की सांची अग्रवाल, कानपुर की तेजस्वी गुप्ता, अनन्या कटियार, लखनऊ की अविका निगम, शिखर सिंह, बरेली की समीक्षा,फैजान अहमद, बिजनौर के आयुष्मान चौहान,सीतापुर के कार्तिकेय केसरवानी, गोण्डा के शिवा जायसवाल व उत्कर्ष सिंह ने स्वर्ण पदक जीते।

चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष टीपी हवेलिया ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डिवाइन हार्ट हास्पिटल लखनऊ के मेडिकल डायरेक्टर डा.पंकज श्रीवास्तव थे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश ताइक्वाण्डो संघ के सचिव चंद्र कुमार शर्मा ने की।

### राज्यपाल ने जूडो ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया

**लखनऊ।** बैडमिन्टन हॉल के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में चल रही सीनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता धूमधाम से सम्पन्न हुई। राज्यपाल महोदया आनंदीबेन पटेल द्वारा प्रतियोगिता का समापन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने उन खिलाड़ियों को भी सम्मनित किया जिन्होनें भारत का प्रतिनिधित्व कई अन्तर्राश्ट्रीय प्रतियोगिता में करके पदक जीते। कुछ खिलाड़ी जिन्होने ओलम्पिक गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इसके साथ ही वो जूडो खिलाड़ी जिनको भारत सरकार ने अर्जुन अवार्ड द्वारा सम्मानित किया है।

### एआईएफएफ चुनावों को लेकर अनिश्चितता के बीच नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया खत्म

**नई दिल्ली।** एआईएफएफ कार्यकारी समिति के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शनिवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासको की समिति के मार्गदर्शन मे पूरी हो गई हालांकि चुनावी प्रक्रिया को लेकर फीफा की मंजूरी पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे है। तीसरे पक्ष के गैर जरूरी दखल के कारण अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को निलंबित करते हुए फीफा ने कहा था कि वह नई कार्यकारी समिति के चुनाव के लिए फीफा की आमसभा द्वारा स्वतंत्र चुनाव समिति का गठन चाहता है। उच्चतम न्यायालय मामले की सुनवाई सोमवार को करेगा। एआईएफएफ अध्यक्ष के पद के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने वाले सात लोगो मे पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया भी है। 28 अगस्त को होने वाले चुनाव के लिए सीओए द्वारा नियुक्त निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी सूची मे उनके अलावा पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे, शाजी प्रभाकरन (फुटबॉल दिल्ली अध्यक्ष), एन ए हैरिस (कर्नाटक संघ प्रमुख), अजित बनर्जी (आईएफए प्रमुख और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बड़े भाई) , मानवेंद्र सिंह (राजस्थान संघ प्रमुख) और वालांका अलेमाओ (गोवा संघ के अध्यक्ष चर्चिल अलेमाओ की बेटी) के नाम है।